जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-252 ▶ मुंबई, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4





मलाइका के लिए सबसे खास क्या? एक्ट्रेस ने किया रिवील
पेज 11




# नाइट क्लब की छत गिरी, 79 की मौत, 155 घायल

▪ कई हाई-प्रोफाइल लोगों की गई जान



**सेंटो डोमिंगो।** डोमिनिकन गणराज्य में एक गंभीर दुर्घटना हुई। राजधानी सैंटो डोमिंगो के एक नाइटक्लब की छत अचानक ढह गई, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 79 लोगों की जान चली गई और 155 से अधिक लोग घायल हुए। हादसे के समय क्लब में लगभग 500 से 1000 लोग उपस्थित थे। छत गिरते ही वहां भगदड़ मच गई। कई लोग मलबे के नीचे दब गए हैं, जिनकी खोज अभी भी जारी है। बचाव कार्य चल रहा है और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती किया गया है। राहत टीमें निरंतर मलबा हटाकर फंसे हुए लोगों को निकालने का प्रयास कर रही हैं। इस हादसे ने न केवल डोमिनिकन रिपब्लिक को बल्कि पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। इस घटना के बाद सरकार ने प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी है।

### अभी भी मलबे में फंसे हैं लोग

आपातकालीन अभियान केंद्र के प्रमुख जुआन मैनुअल मेंडेज ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मलबे के नीचे कई लोग अभी भी जीवित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि "हम तब तक प्रयास करते रहेंगे जब तक हर व्यक्ति को सुरक्षित बाहर नहीं निकाल लेते।" अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में मोंटेक्रिस्टी की गवर्नर नेल्सी क्रूज और पूर्व मेजर लीग बेसबॉल खिलाड़ी ऑक्टेवियो डोटेल भी शामिल हैं।

### राष्ट्रपति ने हादसे पर जताया दुख

डोमिनिकन रिपब्लिक के राष्ट्रपति लुइस अबिनाडर ने नाइटक्लब में हुई दुर्घटना पर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर साझा किया, "जेट सेट नाइटक्लब में हुई इस घटना से हमें अत्यंत दुख हुआ है। हम इस घटना पर हर पल की निगरानी कर रहे हैं।" राष्ट्रपति ने कहा कि सभी बचाव एजेंसियां पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। अबिनाडर स्वयं दुर्घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित लोगों से बातचीत की और अपने परिजनों की तलाश कर रहे व्यक्तियों से संवाद किया।



### सिंगर रूबी पेरेज की मौत

हादसा उस समय घटित हुआ जब प्रसिद्ध मेरेंग्यू गायक रूबी पेरेज एक नाइटक्लब में प्रस्तुति दे रहे थे। उनके प्रबंधक एनरिक पॉलीनो के अनुसार, कंसर्ट रात लगभग 12 बजे शुरू हुआ और एक घंटे बाद नाइटक्लब की छत ढह गई। इस दुर्घटना में गायक रूबी पेरेज की भी जान चली गई। पॉलीनो ने कहा, "यह सब अचानक हुआ। पहले तो ऐसा लगा कि भूकंप आ गया है। मैंने किसी तरह एक कोने में जाकर अपनी जान बचाई।" हादसे के बाद पॉलीनो की शर्ट खून से सनी हुई थी।

बांग्लादेश पर भारत का एक्शन

# ट्रांसशिपमेंट सुविधा पर रोक

▪ सीबीआईसी ने जारी की नोटिस
▪ चीन की तरफदारी कर रहा था बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा था कि भारत का पूर्वोत्तर इलाका "जमीन से घिरा हुआ" है और उन्होंने चीन से इस इलाके पर अपनी स्वायत्तता बढ़ाने की बात कही थी। इसके कुछ दिनों बाद, बुधवार को नई दिल्ली ने बांग्लादेश के निर्यात माल के लिए ट्रांसशिपमेंट सुविधा को रोक दिया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया कि 2020 में शुरू की गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा को तुरंत बंद कर दिया गया है। यह सुविधा बांग्लादेश से तीसरे देशों तक माल निर्यात करने के लिए दी गई थी, जो भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक जाता था। इस से बांग्लादेश और भूटान, नेपाल और म्यांमार के बीच व्यापार प्रभावित हो सकता है। साथ ही, नेपाल और भूटान जैसे जमीन से घिरे देश इस सुविधा के बंद होने पर चिंता जता सकते हैं, क्योंकि इससे उनका बांग्लादेश के साथ व्यापार भी प्रभावित हो सकता है।



### भारतीय व्यापारियों को होगा फायदा

भारत ने बांग्लादेश को लेकर ये फैसला तब किया है जब अमेरिका ने भारत समेत दुनिया के कई देशों पर टैरिफ को आज से लागू कर दिया है। व्यापार क्षेत्र के जानकारों की मानें तो फैसले से भारत के कपड़ा, फुटवियर, रत्न और आभूषण से जुड़े व्यापारियों को लाभ मिल सकता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि इस फैसले से हमारे लिए निर्यात का अवसर बढ़ेगा। एईपीसी के चेयरमैन सुधीर शेखरी ने कहा कि बांग्लादेश से 20 से 30 ट्रक माल हर रोज दिल्ली आता था।

### चीन को समर्थन पर कसी नकेल

जीटीआरआई के प्रमुख अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'भारत पिछले 20 सालों से बांग्लादेश के हितों का समर्थन करता आया है। भारत ने शराब और सिगरेट को छोड़कर बांग्लादेशी सामानों को अपने बाजार में बिना टैरिफ के खास छूट दी थी।' उन्होंने कहा, "चीन की मदद से बांग्लादेश चिकन नेक इलाके के पास एक रणनीतिक बेस बनाने की योजना बना रहा है, इसके पीछे का यह अहम कारण हो सकता है। इसके अलावा बांग्लादेश ने भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास लालमोनिरहाट में हवाई अड्डे को फिर से शुरू करने के लिए चीनी निवेश को भी आमंत्रित किया है।"

### बांग्लादेश को होगा नुकसान

थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि भारत के रास्ते दूसरे देशों से व्यापार कर रहे बांग्लादेश को इस फैसले से भारी नुकसान होगा। वहीं व्यापारियों का कहना है कि बांग्लादेश के सामान के कारण विमान कंपनियां किराए को लेकर मनमानी करती थीं। अब इस फैसले से उनकी ये मनमानी भी खत्म होगी।




# धनबाद में 3 ठिकानों पर एनआईए की रेड

**धनबाद।** नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने बुधवार को झारखंड के धनबाद जिले में निरसा और चिरकुंडा इलाके में तीन ठिकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक बरामद किया है। एजेंसी ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ चल रही है। सूत्रों के अनुसार, धनबाद कोयला क्षेत्र से देश के कई हिस्सों में अवैध रूप से विस्फोटकों की सप्लाई और कारोबार की सूचना मिलने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी की कोलकाता इकाई ने यह कार्रवाई की है। कालूबथान ओपी अंतर्गत बोरिया गांव में सुनसान स्थान पर निर्मित एक घर से 50 पेटियों में रखे गए सैकड़ों किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट के अलावा विस्फोट में इस्तेमाल की जाने वाली जिलेटिन की छड़ें बड़ी संख्या में बरामद की गई हैं। एनआईए टीम ने चिरकुंडा नगर पंचायत के लायकडीह निवासी अमरजीत शर्मा के आवास पर भी रेड डाली है। यहां अमरजीत के भाई संजय को हिरासत में लिया गया है।



गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन

# वक्फ बिल संविधान पर हमला : राहुल

▶▶ अब सिख व क्रिश्चियन की जमीनों पर नज़र

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का 84वां अधिवेशन चल रहा है। इससे पहले मंगलवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली थी। आज दूसरे दिन साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन हो रहा है, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल मौजूद हैं, लेकिन प्रियंका गांधी नहीं पहुंची। अधिवेशन में राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया।



यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन और संविधान पर आक्रमण है। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि सिख और क्रिश्चियन कम्युनिटी की जमीन भी लेंगे। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए।

### 'तोड़ेंगे 50 फीसदी आरक्षण की दीवार'

राहुल गांधी ने कहा कि वो जाति जनगणना नहीं कराएंगे, लेकिन मैंने उन्हें कह दिया कि यहीं आपके सामने जातीय जनगणना का कानून पास करेंगे। देश में 90 फीसदी आबादी दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक की है जिनका बड़े बिजनेस या कॉरपोरेट में कोई दखल नहीं है। आज आप कॉरपोरेट की लिस्ट निकालिए, इसमें आपको 90% आबादी का कोई प्रतिनिधि मिलेगा ही नहीं,

### 'सोनिया-राहुल सोफे पर, खड़गे को कुर्सी'

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेकर बीजेपी ने राहुल गांधी पर हमला बोला है। बीजेपी नेता और आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में मल्लिकार्जुन खड़गे एक कुर्सी पर अलग बैठे नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सोनिया गांधी सोफे पर बैठे है। बीजेपी ने इसे दलितों का अपमान बताया है।

सैफ हमला : पुलिस ने दायर किया आरोपपत्र

# एक ही चाकू के हैं तीनों टुकड़े

▪ गिरफ्तार आरोपी से मिला फिंगरप्रिंट

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर हमला मामले में पुलिस ने मुंबई की एक अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। बांद्रा पुलिस द्वारा दाखिल आरोपपत्र में आरोपी बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद शरीफुल इस्लाम के खिलाफ सबूत शामिल हैं। खान (54) पर 16 जनवरी को बांद्रा इलाके में उनके 12वीं मंजिल पर स्थित अपार्टमेंट में घुस आए एक व्यक्ति ने चाकू से कई बार वार किया था। इसके बाद अभिनेता की एक निजी अस्पताल में आपातकालीन सर्जरी की गई और पांच दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। गत 19 जनवरी को पुलिस ने पड़ोसी ठाणे से शरीफुल इस्लाम (30) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां एक अदालत को बताया कि हमले के दौरान अभिनेता की रीढ़ के पास लगा चाकू का टुकड़ा और घटनास्थल पर मिला उसका एक हिस्सा आरोपी से बरामद हथियार से मेल खाते हैं। पुलिस ने यह भी कहा कि अपराध बहुत 'गंभीर प्रकृति का' था और आरोपी के खिलाफ 'पुख्ता सबूत' उपलब्ध हैं।




## न्यूज BRIEF

### राणा भारत को प्रत्यर्पित

**मुंबई।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। राणा के बुधवार या गुरुवार की देर शाम तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। तहव्वुर राणा पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है, जिसपर साल 2008 के मुंबई आतंकी हमलों में सहायक भूमिका निभाने का आरोप है। राणा एक पूर्व पाकिस्तानी सेना चिकित्सक है, जो पहले कनाडा और उसके बाद अमेरिका चला गया।

### पीएम मोदी को पुतिन ने भेजा निमंत्रण

**मास्को।** रूस ने जनवरी 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ पर होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा है। इस समारोह को 'विक्ट्री डे परेड' कहा जाता है जिसमें रूस अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करता है। रूस में विक्ट्री डे परेड का आयोजन हर साल नौ मई की तारीख को मॉस्को के ऐतिहासिक रेड स्क्वायर पर किया जाता है।

### यूपी के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा


**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी कर दी गई है। इस बढ़ोतरी का फायदा यूपी के 16 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को होगा। राज्य कर्मचारियों को अभी तक मूल वेतन का 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलता था। इसे दो प्रतिशत बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दिया गया है।

हिमांशु के हत्यारे शाहरुख-साहिल गिरफ्तार

# दिल्ली का गोकुलपुरी इलाका बना छावनी

▪ सोमवार देर रात घर बुलाकर की हत्या

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में सोमवार रात दो भाइयों ने बहन के प्रेम-प्रसंग से नाराज होकर उसके प्रेमी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक 19 वर्षीय हिमांशु उर्फ चीकू अपने इलाके में ही रहने वाले एक समुदाय विशेष की युवती से प्यार करता था। दोनों अक्सर एक दूसरे से मिलते थे। यह बात लड़की के परिजनों को पसंद नहीं थी। पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपी 22 वर्षीय साहिल और 19 वर्षीय शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। पुलिस के अलावा क्राइम टीम और एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर कब्जे ली है।



# रेपो रेट में फिर कटौती

होम लोन-कार लोन की घटेगी ईएमआई

**मुंबई।** मुद्रास्फीति में नरमी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के मकसद से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर छह प्रतिशत करने का निर्णय किया। भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर छह प्रतिशत कर दिया। साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपने रुख को 'तटस्थ' से 'उदार' करते हुए आने वाले समय में ब्याज दर में एक और कटौती का संकेत दिया है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, "छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती करने का निर्णय किया है।"



कनेक्टिविटी सुधारने कैबिनेट की पहल

# दो रेल इंफ्रा परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक के दौरान लिए गए फैसलों के बारे में आज बुधवार को नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस परियोजना से वेल्लोर और तिरुपति के शैक्षिक और चिकित्सा केंद्रों से संपर्क बढ़ेगा। उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश के चित्तूर और तिरुपति जिले और तमिलनाडु के वेल्लोर जिले को इस परियोजना से लाभ होगा और इसकी अनुमानित लागत एक हजार 332 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने कहा, यह मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 400 गांवों और लगभग 14 लाख आबादी के लिए संपर्क बढ़ाएगी।



### 6 लेन के जीरकपुर बाईपास की भी मंजूरी

▪ इसके अलावा सरकार ने एक हजार 878 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से छह लेन वाले जीरकपुर बाईपास के निर्माण को भी मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना पटियाला, दिल्ली, मोहाली एयरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क प्रदान करके ज़ीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करने में मदद करेगी।

# सौरभ शर्मा की 108 करोड़ की संपत्ति जब्त

**भोपाल।** ईडी ने भोपाल कोर्ट में 108.25 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले के आरोप में करोड़पति पूर्व ट्रांसपोर्ट कांस्टेबल सौरभ शर्मा और अन्य के खिलाफ 8 अप्रैल को अभियोजन शिकायत दायर की। ईडी ने सौरभ शर्मा की 108.25 करोड़ रुपए की संपत्तियों को जब्त किया है। लोकायुक्त भोपाल द्वारा सौरभ शर्मा के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू हुई, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) सहपठित 13(1)(बी) के तहत बड़े पैमाने पर सौरभ शर्मा भ्रष्टाचार में लिप्त होना पाया गया। पीएमएलए, 2002 की धारा 19 के तहत सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद अब भोपाल की सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।



टैरिफ के बाद अब ट्रंप ने दिया चुभने वाला बयान

# चापलूसी कर रहे कई देश



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत दुनिया भर के कई देशों पर टैरिफ अटैक से दुनियाभर के बाजारों में हड़कंप मचा दिया है। चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ से सबसे ज्यादा मार पड़ी है। अब ट्रंप ने अपने तीखे अंदाज में वैश्विक नेताओं का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि "ये देश हमें कॉल कर रहे हैं और कह रहे हैं कि बस डील कर लो सर।। मेरी चापलूसी कर रहे हैं" ताकि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हो सके। ट्रंप हाउस रिपब्लिकन के एक फंडरेजिंग गाला को संबोधित कर रहे थे। अपने भाषण में ट्रंप ने कुछ देशों के नेताओं की नकल करते हुए कहा, "प्लीज़, प्लीज सर, डील कर लीजिए। मैं कुछ भी करूंगा, कुछ भी सर।" उनका इशारा उन देशों की ओर था जो अमेरिका के बढ़ते टैरिफ से परेशान हैं और समझौते की कोशिश कर रहे हैं।

### 104% टैरिफ और बेरहम ट्रंप

इस बयान से ठीक पहले वाइट हाउस ने पुष्टि की थी कि 9 अप्रैल से चीन पर लगने वाले आयात शुल्क 104% तक बढ़ाए जा रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर चीन ने मंगलवार तक अपने 34% के प्रतिशोधी टैरिफ नहीं हटाए, तो अमेरिका अपने टैरिफ में 50% की और वृद्धि करेगा। एक अधिकारी ने बताया कि यह टैरिफ वृद्धि तय समय पर लागू की जाएगी।

### अब चीन ने 84% तक बढ़ाया टैक्स

▪ वहीं चीन ने अमेरिका पर पलटवार करते हुए अमेरिकी सामानों के आयात पर 84% तक टैक्स बढ़ा दिया है। चीन के वित्त मंत्रालय ने गुरुवार से सभी अमेरिकी वस्तुओं पर ये टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो पहले घोषित 34 फीसदी के टैरिफ से 50 फीसदी ज्यादा है। मंत्रालय ने कहा कि ये नए शुल्क 10 अप्रैल से लागू होंगे। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा मंगलवार को चीनी वस्तुओं पर 104 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद उठाया गया है।

हरिद्वार:

# जिला कारागार में बंद 15 कैदी एचआईवी संक्रमित

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में हरिद्वार की जिला कारागार से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जेल में बंद 15 कैदी एचआईवी पॉजिटिव मिले हैं। इसके बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। कैदियों के हेल्थ चेकअप के दौरान 15 लोगों में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके बाद जेल प्रशासन ने एचआईवी पॉजिटिव कैदियों को अलग बैरक में शिफ्ट कर दिया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जेल में बंद अन्य कैदियों के अंदर भी भय का माहौल है। हरिद्वार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक के अनुसार, सात अप्रैल को जिला कारागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर स्वास्थ्य कैंप लगा था। जेल में बंद सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया था, जिसमें 15 कैदियों में एचआईवी की पुष्टि हुई। सभी पॉजिटिव कैदियों को एक ही बैरक में रखा गया है। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि जेल में बंद 15 कैदी कैसे एचआईवी पॉजिटिव हो गए। गौरतलब है कि वर्ष 2017 में भी मेडिकल जांच के दौरान हरिद्वार जेल में बंद 16 कैदी एचआईवी पॉजिटिव मिले थे।

# शांति और सौहार्द के बिना विकसित राष्ट्र का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता: राज्यपाल

▪ महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सर्वधर्मीय संवाद संपन्न

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण रहे बिना विकसित राष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। सर्वधर्मीय संवाद के माध्यम से एक-दूसरे के प्रति मौजूद पूर्वाग्रह दूर होंगे और समाजों के बीच की दूरी मिटेगी, ऐसा मत राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने व्यक्त किया। पु. ल. देशपांडे अकादमी, मुंबई में महावीर जयंती के अवसर पर "सर्वधर्मीय संवाद के माध्यम से वैश्विक शांति और सौहार्द" विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यपाल राधाकृष्णन ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सर्वशक्तिमान ईश्वर के समक्ष सभी धर्म समान हैं। इसलिए हमें सभी धर्मों और प्रार्थना की पद्धतियों का सम्मान करना चाहिए।



**महाराष्ट्र संतों की भूमि**

महाराष्ट्र संतों की भूमि है और यहाँ के संतों ने वेदों के ज्ञान को आम जनता तक पहुँचाया है। भारत ने प्राचीन काल से सभी धर्मों का स्वागत किया है। भारत में चार प्रमुख धर्मों की उत्पत्ति हुई और पारसी, यहूदी, मुस्लिम जैसे किसी भी समुदाय के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया गया। आने वाली पीढ़ियों को बहुधर्मी और बहुसांस्कृतिक समाज में रहना होगा, इसलिए उन्हें सभी धर्मों और पंथों का सम्मान करना सिखाना चाहिए। इसके लिए स्कूलों और कॉलेजों में सभी धर्मों के त्योहार मनाए जाने चाहिए और विद्यार्थियों को विभिन्न धर्मों के पूजास्थलों की यात्रा पर भी ले जाया जाना चाहिए।

**विविधता का सम्मान करें: आरिफ मोहम्मद खान**

इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि जैसे प्राकृतिक विविधता स्वाभाविक है, वैसे ही विचारों में मतभिन्नता भी स्वाभाविक है। हमें इस विविधता को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही इसके पीछे की शाश्वत एकता को तलाशने का प्रयास भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में सौहार्द बनाए रखने और आत्मिक मुक्ति के लिए विविध दृष्टिकोणों का सम्मान आवश्यक है। भारत में वेदों और अन्य प्राचीन ग्रंथों को "अपौरुषेय" कहा गया है,यानी किसी व्यक्ति विशेष द्वारा रचित नहीं। हमारे देश में किसी भी विचारधारा या सिद्धांत को किसी एक व्यक्ति का दावा नहीं माना गया। विचार और आचरण ही व्यक्ति की सच्ची पहचान है।

**पूरा संसार एक ही परमात्मा का प्रतिरूप :** राज्यपाल खान ने स्पष्ट कियापूरा संसार एक ही परमात्मा का प्रतिरूप है। इसलिए "केवल मेरा ही धर्म सत्य है"। ऐसा घमंड किसी को नहीं होना चाहिए। सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, यही सच्चा मार्ग है। इस अवसर पर राज्यपालों के हाथों सेलो ग्रुप के निदेशक प्रदीप राठोड़, जिटो के अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी, भारत जैन महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिमनलाल डांगी, उज्ज्वल पगारिया, विशाल चोरडिया, नितिन खारा, प्रकाश धारिवाल और राजेश जैन को सम्मानित किया गया।

# नवी मुंबई मनपा में लोकशाही दिवस पांच मई को

▪ दो प्रतियों में आवेदन 21 तक आयुक्त को भेजे

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवी मुंबई मनपा मुख्यालय में प्रत्येक माह के पहले सोमवार को लोकशाही दिन का आयोजन किया जाता है। मई माह का लोकशाही दिन पांच मई को आयोजित किया जाएगा। इस हेतु आवेदकों को अपने आवेदन निर्धारित नमूने में दो प्रतियों में 21 अप्रैल तक आयुक्त, नवी मुंबई मनपा के नाम से 'लोकशाही दिन के लिए आवेदन' ऐसा शीर्षक स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए प्रस्तुत करना आवश्यक है। उक्त आवेदन में दी गई शिकायत/निवेदन व्यक्तिगत स्वरूप का होना चाहिए। आवेदन केवल एक ही विभाग से संबंधित एक विषय पर होना चाहिए। साथ ही, आवेदक ने संबंधित विषय के संदर्भ में पहले विभागीय कार्यालय या विभाग प्रमुख स्तर पर निवेदन दिया होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, लोकशाही दिन में न्यायालयीन प्रकरण, राजस्व/अपील, सेवा से संबंधित या स्थापना विषयक मामले स्वीकार नहीं किए जाएंगे, यह नागरिकों को ध्यान में रखना है। निर्धारित नमूने में न होने वाले और आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न न किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि शिकायत/निवेदन व्यक्तिगत स्वरूप की न हो अथवा पूर्व में उस पर अंतिम उत्तर दिया जा चुका हो या दिया जाने वाला हो, तो ऐसे मामलों से संबंधित दोबारा किए गए आवेदन भी स्वीकार नहीं किए जाएंगे, यह नागरिकों को सूचित किया जाता है।

मीरा-भायंदर मनपा में विशेष बैठक आयोजित

# नागरिकों की शिकायतों के प्रति प्रशासन संवेदनशील : राधाबिनोद शर्मा



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा-भायंदर मनपा नागरिकों की समस्याओं पर तत्परता से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत, आठ अप्रैल को आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद शर्मा की अध्यक्षता में अतिक्रमण विभाग की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नागरिक दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे, उप आयुक्त (अतिक्रमण) कल्पिता पिंपले तथा वार्ड अनुसार सहायक आयुक्त उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से अतिक्रमण, फेरीवाला प्रबंधन और अवैध बोर्ड-बैनरों के संबंध में की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। मीरा-भायंदर मनपा द्वारा नागरिकों के लिए प्रत्येक गुरुवार को "नागरिक दिवस" आयोजित किया जाता है। इस दिन नागरिकों को सीधे आयुक्त से मिलने का अवसर मिलता है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और निवासी अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे प्रस्तुत कर सकें, इस उद्देश्य से यह विशेष दिन निर्धारित किया गया है। नागरिक दिवस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई हो, इसके लिए प्रत्येक विभाग प्रमुख को स्पष्ट निर्देश दिए जाते हैं। नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार अवैध निर्माण, अतिक्रमण और अवैध फेरीवालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है।

# 20 से सूरत स्टेशन से 30 मिनट पहले प्रस्थान करेगी 19255 ट्रेन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सूरत।** यात्रियों की सुविधा एवं सूरत-वडोदरा-अहमदाबाद सेक्शन में ट्रेनों को समयसर चलाने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा सूरत-महुवा एक्सप्रेस ट्रेन (19255) को सूरत स्टेशन से 30 मिनट पहले चलाने का निर्णय लिया गया है। इस कारण, 20 अप्रैल से सूरत से महुवा के बीच सभी स्टेशनों पर भी इस ट्रेन के आगमन और प्रस्थान समय में परिवर्तन होगा। महुवा से सूरत जाने वाली किसी भी ट्रेन के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। भावनगर मंडल के मंडल वाणिज्य प्रबंधक अतुल कुमार त्रिपाठी के अनुसार इस ट्रेन का विस्तृत विवरण इस प्रकार है। ट्रेन नंबर 19255 सूरत-महुवा एक्सप्रेस 20 अप्रैल से सूरत स्टेशन से अपने निर्धारित समय 22.00 बजे की बजाय 21.30 बजे चलेगी तथा महुवा स्टेशन पर 10.05 बजे की बजाय 09.40 बजे पहुंचेगी। मार्ग में इस ट्रेन के आगमन/प्रस्थान का समय क्रमशः इस प्रकार होगा। अंकलेश्वर (21.55/21.57 बजे), वडोदरा (23.09/23.14 बजे), अहमदाबाद (01.10/01.20 बजे), विरमगाम (02.16/02.18 बजे), सुरेन्द्रनगर गेट (03.26/03.27 बजे), लींबडी (03.51/03.52 बजे), बोटाद (04.40/04.45 बजे), निंगाला (05.00/05.01 बजे), धोला (05.32/05.33 बजे), ढसा (05.55/05.56 बजे), दामनगर (06.12/06.13 बजे), लीलीया मोटा (06.38/06.39 बजे), सावरकुंडला (07.15/07.16 बजे) और राजुला जं. (08.05/08.06 बजे)।

# सूरत स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सूरत।** पश्चिम रेलवे द्वारा उधना स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के कारण और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 09185/09186 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन को उधना स्टेशन के बजाय सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है। 13 अप्रैल से ट्रेन संख्या 09185 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज स्पेशल को सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेन 14.28 बजे सूरत स्टेशन पर पहुंचेगी और 14.33 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 14 अप्रैल से ट्रेन संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल स्पेशल को सूरत स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेन 16.20 बजे सूरत स्टेशन पर पहुंचेगी और 16.25 बजे प्रस्थान करेगी।

# ऐरोली में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मंबई।** नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नोटिस की अवहेलना किए जाने के कारण, आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा ऐरोली विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की गई। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत जी विभाग ऐरोली में प्रदीप महावीर यादव द्वारा एच-70, सेक्टर-04, ऐरोली में मनपा की कोई अनुमति लिए बिना अनधिकृत रूप से निर्माण किया गया था। इस अनधिकृत निर्माण को लेकर ऐरोली विभाग की ओर से महाराष्ट्र प्रादेशिक योजना तथा नगर रचना अधिनियम 1966 की धारा 54 के अंतर्गत नोटिस जारी की गई थी। संबंधित को यह निर्माण स्वयं हटाना आवश्यक था, परंतु उन्होंने स्वेच्छा से निर्माण नहीं हटाया। अतः 8 अप्रैल को अतिक्रमण अभियान चलाकर उक्त अनधिकृत निर्माण को आंशिक रूप से निष्कासित किया गया। इस सख्त अभियान में ऐरोली विभाग के सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी सुनील काठोले, कनिष्ठ अभियंता संदीप म्हात्रे, जी विभाग ऐरोली के अधिकारी/कर्मचारी तथा अतिक्रमण पुलिस दल उपस्थित थे। इस कार्रवाई के लिए 01 गैस कटर, 02 हथौड़े और 08 मजदूरों का उपयोग किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई और अधिक कठोर रूप से की जाएगी।




MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website http://srmetender.mahatransco.in for the following Tender specification.**

| | |
|---|---|
| **Tender No.** EE/EHV(O&M)/DN/DMB/e-Tender -38/2024-2025<br>**RFx No.**-7000036064<br>**Name of Tender:** Notice for 3d call for SRM Tender for providing and installation of additional Earth pits for Transformers at 220kV PAL substation under EHV O&M Dn Dombivali.<br>**Estimated Cost:** Rs. 11,81,430/- [Inclusive of all Taxes]<br>**Tender Fee :-** Rs.500/- +5% Applicable Taxes<br>(For all above tender) | **Online Downloading the RFx:** 10.04.2025, 10:00 Hrs to18.04.2025, 23.59 Hrs<br>**Online Submission of the RFx:** On or Before18.04.2025, 23.59 Hrs<br>**Online Opening of the Techno Commercial response opening date:** 19.04.2025 at 10:00 hrs (If possible).<br>**Price Bid Opening Date:** 21.04.2025 at 10:00 hrs (If possible). |

For further details visit our website :-
http://srmetender.mahatransco.in
Contact Person :-The Dy. Executive Engineer, (O)
Mob No. :-9930183770
**Note :** All eligible Supplier/Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL

Sd/-
**Executive Engineer, EHV O&M Dn. Dombivali.**



**मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल** म्हाडा MHADA

**(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की क्षेत्रिय इकाई**

**फोन नं. 022-66405250, ई-मेल: eee.east1@gmail.com**

संदर्भ क्र. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/श्रमिक समिती/05/2025-26

**निविदा सूचना क्र. 07**

कार्यपालन अभियंता (पूर्व) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051, फोन नं. (022) 66405251 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से डीडीआर, पूर्व उपनगर, मुंबई से पंजीकृत श्रमिक सहकारी समितियों से 04 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा दस्तावेज का विक्रय दिनांक 11.04.2025 को दोपहर 03.05 बजे से प्रारंभ होगा एवं दस्तावेज विक्रय की अंतिम दिनांक 17.04.2025 को शाम 6.15 बजे तक है। शुद्धि पत्र/संशोधन यदि कोई हो, वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर प्रकाशित है। सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण**
**सीपीआरओ/ए/283** **कार्यकारी अभियंता (पूर्व)**
**मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**
Follow us: @mhadaofficial



दूरध्वनी : 0250-2334354
ई - मेल : amch.vvmc@gov.com
जा.क्र. वविशम / 204 / 2025-26
दिनांक : 09 / 04 / 2025

प्रभाग समिती ' एच ' नवघर माणिकपूर
ता. वसई, जि. पालघर 401 202

**जाहीर नोटीस**

महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम 1949 चे कलम 46 9 ला अधिन राहून या नोटीसीव्दारे वसई विरार शहर महानगरपालिका हद्दीतील सर्व नागरीकांना सुचित करण्यांत येते की, खालील नमुद मिळकत धारकांनी मालमत्ता हस्तांतरण कामी लेखी अर्ज तसेच कागदपत्रे सादर केली आहेत. उक्त फेरफार प्रकरणी कोणतीही हरकत / तक्रार असल्यास त्यांनी कार्यालयात जाहीर नोटीस प्रसिध्द झालेल्या तारखेपासून सात ( 7 ) दिवसाच्या आत लेखी हरकत / तक्रार कागदपत्रांसह नोंदवावी सदर हरकत / तक्रार न आल्यास कार्यालय पुढील मालमत्ता हस्तांतरणाची कार्यवाही करण्यांत येईल.

| अ. क्र | विभाग | मालमत्ता क्र. | ज्याचे नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजेच विकणा - या किंवा करदात्याचे नाव | खरेदीदाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नवघर 4/3 | VN11 / 43119 | अंजना मनेष खत्री | सुरेश जवेरचंद सोलंकी व विशाल रमेश सोलंकी |
| 2 | नवघर 4/3 | VN11 / 43981 | अंजना मनेष खत्री | सुरेश जवेरचंद सोलंकी व विशाल रमेश सोलंकी |
| 3 | दिवाणमान 5/1 | VN26 / 12101 | मिनेश अनिल चौवाटीया व इतर 1 | इंद्रजित बाजीराव पाटील व प्रियांका इंद्रजित पाटील |
| 4 | दिवाणमान 8 | VN31 / 19932 | भारती उमेश पांडे | तिरुपती शर्नमुगवेल |
| 5 | नवघर 1/3 | VN05 / 24467 | सुफरान खान | व्यासमुनी चौथी गुप्ता |
| 6 | दिवाणमान 5/1 | VN26 / 12010 | वैशाली अनिल शिरसाठ | हर्षा दिलीप छाडवा |
| 7 | नवघर 4/3 | VN11 / 43117 | अंजना मनेष खत्री | सुरेश जवेरचंद सोलंकी व विशाल रमेश सोलंकी |
| 8 | दिवाणमान 4 | VN25 / 62228 / 174 | राजिंदर छावरा व किर्ती छावरा | रोशन पांडू शेट्टी |
| 9 | नवघर 4/3 | VN11 / 4357 | हमीराराम लाबुराम देवासि | राजेश एस जैन |
| 10 | दिवाणमान 3 | VN24 / 7119 | मेघा बळीराम इंदुलकर | स्नेहल गणेश गोरीवले |
| 11 | दिवाणमान 6/2 | VN29 / 15796 | नितेश विजय भालेराव व नितेश विजय भालेराव | आनंदा दाजी सूर्यवंशी व सुनिता आनंदा सूर्यवंशी |
| 12 | नवघर 2 | VN06 / 27126 | शारदा चंद्रशेखर पेंढारी | विनोद प्रकाश कलाल |
| 13 | चूळणा | VN02 / 61956 / 25 | केवल डी मेहता व जिनल के मेहता | महेश सत्यवान धुरी |
| 14 | नवघर 1/1 | VN03 / 23319 | प्रशांत रामचंद्र शेरीगर व मोहिनी प्रशांत शेरीगर | शितल आशिषकुमार तिवारी |
| 15 | बहामपुर | VN14 / 6195 / 19 | मनीषा राजेश खैरनार | रतन ए सोनार |
| 16 | नवघर 4/3 | VN11 / 4611 | पारसनाथ रुपनारायण गुप्ता | चौथमल के जैन व लिलाबाई सी जैन |
| 17 | नवघर 4/2 | VN10 / 2623 | एस के लक्ष्मीनारायण | प्रकाशचंद्र खेमराजजी जैन |
| 18 | दिवाणमान 6/2 | VN29 / 15633 | सोनम टी सखराणी | प्रकाश वासुदेव घाडीगावकर व इतर 1 |
| 19 | दिवाणमान 8 | VN31 / 20242 | दिलीप मेनानकंडी चातोत व इतर 1 | अरविंदभाई ची पटेल व मेघा अरविंदभाई पटेल |
| 20 | नवघर 5/1 | VN12 / 30634 | सादिक डी खान | संतुलाल के दास व सुनीता संतुलाल दास |
| 21 | उमेळमान | VN01 / 52185 | शैला मोरेश्वर कदम | विद्या प्रविण भोईर |

सही/-
( जोसेफ मिनेजीस )
कर अधिक्षक
प्रभाग समिती " एच "
वसई विरार शहर महानगरपालिका


# राजस्थान में 'एक राज्य-एक आरआरबी' मॉडल पर असमंजस

## मुख्यालय और प्रायोजक बैंक को लेकर खाताधारक उलझन में

**मुंबई।** राजस्थान में दो प्रमुख क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक और बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रस्तावित विलय के बाद बनने वाली नई इकाई 'राजस्थान ग्रामीण बैंक' को लेकर अब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बावजूद, इस नए बैंक का मुख्यालय कहां होगा और इसे किस बैंक द्वारा प्रायोजित किया जाएगा, इस पर स्पष्टता का अभाव हैं, जिससे बैंक के कर्मचारियों, खाताधारकों और ग्रामीण क्षेत्र के निवेशकों के बीच उहापोह की स्थिति पैदा हो गई हैं। कुछ समाचार माध्यमों में दावा किया गया हैं कि नई इकाई का मुख्यालय जयपुर में प्रस्तावित हैं और इसे एसबीआई द्वारा प्रायोजित किया जाएगा, क्योंकि राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक पहले से एसबीआई की छत्रछाया में कार्य कर रहा हैं। वहीं, दूसरी ओर बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित हैं और इसका नेटवर्क भी राज्य के कई हिस्सों में मजबूत हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक हैं कि किस बैंक को प्रायोजक की भूमिका दी जाएगी, और दोनों बैंकों के व्यापक नेटवर्क को किस तरह समायोजित किया जाएगा। 'धारकों और कर्मचारियों में चिंता की वजहें भी वाजिब' हैं। विलय के बाद सेवा शर्तें, शाखाओं का पुनर्संयोजन, स्थानांतरण की संभावनाएं, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऋण व जमा योजनाओं पर प्रभाव जैसे कई मुद्दे अभी भी अनुत्तरित हैं। राज्यभर के ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे सैकड़ों शाखाओं और हजारों कर्मचारियों के लिए यह परिवर्तन महज नाम का नहीं, बल्कि भविष्य की कार्यशैली और पहचान का विषय बन चुका हैं। आशा की जा रही हैं कि वित्त मंत्रालय और नाबार्ड शीघ्र ही प्रायोजक बैंक व मुख्यालय को लेकर स्थिति स्पष्ट करेंगे, ताकि न केवल कर्मचारियों में विश्वास बहाल हो, बल्कि ग्रामीण ग्राहकों में भी भरोसा कायम रहे और बैंकिंग सेवाएं बाधित न हों। जब तक आधिकारिक घोषणा नहीं होती, तब तक यह असमंजस बैंकों के भीतर और बाहर दोनों ही स्तर पर बना रहेगा।



**वित्त विशेषज्ञ : भरत कुमार सोलंकी**

# पश्चिम रेलवे चलाएगा वटवा-हुब्बल्लि के बीच समर स्पेशल ट्रेन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई :** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए वटवा और हुब्बल्लि के बीच विशेष किराये पर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इस ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है:

**ट्रेन संख्या 07334/07333 वटवा-हुब्बल्लि-वटवा स्पेशल ट्रेन (कुल 20 ट्रिप)**

ट्रेन संख्या 07334 वटवा-हुब्बल्लि स्पेशल 14 अप्रैल 2025 से 16 जून 2025 तक प्रति सोमवार वटवा से 21:45 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 19:45 बजे हुब्बल्लि पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 07333 हुब्बल्लि-वटवा स्पेशल 13 अप्रैल 2025 से 15 जून 2025 तक प्रति रविवार हुब्बल्लि से 19:30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 18.45 बजे वटवा पहुंचेगी। मार्ग में दोनों दिशाओं में यह ट्रेन आणंद, वडोदरा, सूरत, वापी, बोईसर, वसई रोड, कल्याण, लोनावला, पुणे, सांगली, मिरज, कुडाल, रायबाग, घटप्रभा, गोकाक रोड, बेलगाम, लोंडा, अलनावर एवं धारवाड़ स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फ़र्स्ट एसी, सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर एवं जनरल श्रेणी के कोच रहेंगे।




MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM-E-TENDER NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed and registered contractors on Mahatransco SRM-E-Tendering website **https://srmetender.mahatransco.in** for following works

| RFx No. & E-Tender No. | Description | Amount (In Rs.) |
|---|---|---|
| **RFx No. 7000035568** EE/EHV/O&M/DN/BSR/Tech/SRM-E -Tender-03/2025-26 | E-Tender (2nd Call) for hiring of Goods carrier vehicle LMV (i.e. 1+1) like Utility Pickup or any equivalent for the 220 kV Wada/Bhaveghar S/S & 132kV Jawhar S/S for the year 2025-26 under EHV O&M Division Boisar. | Tender Fee: ₹. 500/- + GST<br>EMD Amount: ₹. 5,000.00<br>Estimated Cost: ₹. 5,51,630.00<br>(Inclusive of all taxes) |

Submission of E-Tender documents Date: 09.04.2025 at 00.00 Hrs to 20.04.2025 upto 23:59 Hrs
Technical Opening: 21.04.2025 at 10:00 Hrs (if possible)
Commercial Opening: 21.04.2025 at 16:00 Hrs (if possible).

Contact Person Additional Executive Engineer (O) (I/C); Mob No. 9167247477

--Sd–
**EXECUTIVE ENGINEER EHV O&M DIVISION BOISAR**
**Taluka & District: Palghar 401501**



MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E- TENDER 1ST CALL NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors agencies on Mahatransco E-Tendering website https://srmetender.mahatransco.in/ for following works

| Sr. No. | RFX No. | E-Tender No. & Description of Material | Due date & Time (Hrs.) for submission & Opening of Tender |
|---|---|---|---|
| 1 | 7000035765 | **SE/EHV/O&M/CIR/KLW/TECH/Ten-03(1st call)/25-26** E-Tender for Procurement of 5kV Insulation Resistance Tester with all accessories at various Substations under EHV (O&M) Circle Kalwa | Tender Downloading Dates & time. Tender Sale period.<br>From **Dt: 10.04.2025, 00:00 Hrs to Dt.25.04.2025, 09:59 Hrs**<br>**Technical Opening: - Dt.25.04.2025 at 10: 00 Hrs** (Onwards if possible)<br>**Commercial Opening: - Dt. 25.04.2025 at 15:00 Hrs** (Onwards if possible) |
| | | **Tender Fee** | **Rs. 500 + GST** |
| | | **Estimated Cost** | **Rs. 43,18,516.00/-** |

**Contact Person** Executive Engineer / Dy. Exe. Engineer (O) Tel No. 8850013714 / 7506379055

Sd/-
**SUPERINTENDING ENGINEER**

Note: All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.



**पश्चिम मध्य रेल**

डीजल लोको शेड, इटारसी
दिनांकः 03/04/2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:00 बजे तक ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं, जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोले जाएगे। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। इस टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा यदि कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त भी होता है तो वह मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन यदि जरूरी हो तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर (डीजल) पमरे इटारसी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दिया जायेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा सूचना संख्याः** ET-D-L-TM-HHP-RSP **दिनांक** 03/04/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** डीजल लोको शेड इटारसी में एसी ट्रैक्शन मोटर्स की छह वार्षिक ओंवरहालिंग और स्टेटर/रोटर की मरम्मत/पुनर्स्थापन, एचएचपी लोकोमोटिव के टीएम पर लगे स्पेयर का नवीनीकरण/आपूर्ति। **कार्य की अवधिः** 12 माह। **निविदा की अनुमानित लागतः** रू. 1,17,03,806.40 (रू. एक करोड़ संत्रह लाख तीन हजार आठ सौ छह और चालीस पैसे मात्र) **निविदा की बयाना राशिः** रू. 2,08,500.00 (रू. दो लाख आठ हजार पांच सौ मात्र) ई-**निविदा प्रपत्र मूल्यः** कुछ नहीं। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 25/04/2025, 15:30 बजे। निविदाकर्ता/बिडर के पास क्लास III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑन लाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। बयाना राशि का भुगतान ऑन लाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के द्वारा किया जा सकता है।

**वरि.मं.यां.इंजी.(डी), इटारसी**

266/2025

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।

# एडीबी के सहयोग से चलाएं 'मिशन': सीएम

- आरोग्य संस्थानों को मजबूत करने की जरूरत
- कैंसर निदान और उपचार हेतु संदर्भ सेवाओं की कार्यप्रणाली करें निर्धारित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य में स्वास्थ्य उपकेंद्रों से लेकर संदर्भ सेवा अस्पतालों तक की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए एक विस्तृत परियोजना तैयार करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस परियोजना को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से एक 'मिशन' के रूप में क्रियान्वित किया जाए।

सह्याद्री अतिथि गृह में एडीबी के सहयोग से चिकित्सा शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री फडणवीस ने की।

### विस्तृत परियोजना रिपोर्ट करें तैयार

चिकित्सा शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि वे स्वास्थ्य संस्थाओं को मजबूत करने हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करें। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए नवाचारों का समावेश किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं।

### केंद्र ने लागू की राष्ट्रीय कैंसर उपचार नीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय कैंसर उपचार नीति लागू की है। इसी तर्ज पर कैंसर के निदान और उपचार के लिए प्रभावी संदर्भ सेवा प्रणाली की कार्यप्रणाली तय की जानी चाहिए। कैंसर उपचार में कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी जैसी पद्धतियों को शामिल किया जाना चाहिए और इसके लिए निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### चिकित्सा शिक्षा मंत्री और अधिकारी रहे मौजूद

चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर, मित्रा संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण परदेशी, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के सचिव वीरेंद्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव धीरज कुमार, आयुक्त राजीव निवतकर आदि उपस्थित थे। एशियाई विकास बैंक के प्रतिनिधि निशांत जैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### स्वतंत्र अस्पतालों का करें मूल्यांकन

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिन जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो चुके हैं, वहां चिकित्सा शिक्षा विभाग के स्वतंत्र अस्पतालों की आवश्यकता का मूल्यांकन किया जाए। चिकित्सा शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के लिए आवश्यक अस्पतालों की पहचान कर विस्तृत नियोजन और योजना तैयार की जाए। धाराशिव में चिकित्सा शिक्षा विभाग का अस्पताल स्थापित किया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि पीजी (पदव्युत्तर) मेडिकल कोर्स में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई पूरी करने के बाद एक निश्चित अवधि के लिए शासकीय अस्पतालों में सेवा अनिवार्य करने की संभावना की जांच की जाए। अलीबाग और सिंधुदुर्ग में शासकीय सामान्य अस्पतालों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अमरावती, वाशिम और धाराशिव के अस्पताल टेंडर स्तर पर हैं। गुणवत्ता सुधार के लिए उत्कृष्टता केंद्रों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इसमें एमयूएचएस को 'हब' और सात अन्य को 'स्पोक' के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

# 17 मई को सीएम होंगे सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



'आईएनएससीआर' पुरस्कार समारोह सूरीनाम में

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को प्रतिष्ठित 'आईएनएससीआर' पुरूस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसका आयोजन 17 मई को सूरीनाम में होगा। मुंबई के प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस मे मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, नवकिरण संस्था (फिल्म्स) बीड जिला पुलिस फाउंडेशन ने घोषणा की कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के कार्यान्वयन के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को, उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'आईएनएससीआर' पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। इस मौके पर बाबा साहेब जोगदंड, डॉ हरिशचंद्र वंगे,शैलेन्द्र चौहान,अनंत वेडे, भीमराव पॉले और डॉ. आनंद टिंबे उपस्थित थे। 'आईएनएससीआर' भारत, नीदरलैंड, नेपाल, सूरीनाम सोशल कोलैबोरेशन रिवार्ड 2025 ने समाज की भलाई के कार्यों में महत्वपूर्ण भागीदारी और राष्ट्र हित के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए इस पुरस्कार का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस पुरस्कार के लिए नवकिरण संस्था (फिल्म्स), बीड जिला पुलिस फाउंडेशन, नेपाल फिल्म तकनीशियन संघ और मास्क नीदरलैंड के सहयोग से काम किया गया। नीदरलैंड की ओर से सूरीनाम मंत्रालय को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। नीदरलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री और नाटो महासचिव मार्क रूट के प्रयासों से प्रस्ताव को सूरीनाम सरकार द्वारा तुरंत मंजूरी दे दी गई और 17 मई 2025 को वहां आयोजित किया जाना है। सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद, जो सम्भवतः व्यक्तिगत रूप से देवेंद्र फडणवीस को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान करने वाले हैं, ने समाज के लिए उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा, "देवेंद्र फडणवीस एक आदर्श व्यक्तित्व के रूप में हमारे सामने हैं। आज उनका काम हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। क्योंकि हमें लगता है कि वे एकमात्र राजनीतिक व्यक्तित्व हैं जिन्होंने हमेशा देश के हित और हर समाज की भलाई के लिए पहल की है और काम किया है।

पनवेल कोर्ट का फैसला

# नौ साल बाद इंस्पेक्टर दोषी

**पनवेल।** मुंबई में नौ साल पहले हुए महिला इंस्पेक्टर अश्वनि बिद्रे हत्याकांड में कोर्ट का फैसला आ गया है। कोर्ट ने इस मामले में अश्वनि के लिव-इन पार्टनर अभय कुरंदकर को दोषी करार दिया है। वहीं आरोपी इंस्पेक्टर को सजा सुनाने के लिए 11 अप्रैल की तिथि मुकर्रर की है। आरोपी अभय ने अश्विन के साथ लिव-इन में रहते हुए उसकी हत्या कर दी थी। दोनों लिवइन में रहते थे। वहीं शव को टुकड़ों में काट कर ठिकाने लगा दिया था। इस घटना ने पूरे देश में हलचल मचा दिया था। बावजूद इसके, आरोपी अभय कुरंदकर को अगले ही साल राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उसी समय से मामले की सुनवाई पनवेल के जिला एवं सत्र न्यायालय में चल रहा था। इसमें कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों और सबूतों को देखते और परखते हुए नौ साल बाद आरोपी इंस्पेक्टर अभय कुरुंदकर को हत्या का दोषी माना है। कोर्ट ने इस वारदात में साथ देने वाले कुरुंदकर के दो साथियों को भी दोषी माना है। इनके ऊपर आरोप है कि इन्होंने शव को ठिकाने लगाने और सबूत मिटाने में इंस्पेक्टर कुरंदकर की मदद की। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने हैरानी जताई कि इस शातिर आरोपी को अगले ही वर्ष यानी 2017 में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित भी किया गया।

महाराष्ट्र के हिंगोली में 'संजीवनी अभियान'

# 13500 महिलाओं में कैंसर के संदिग्ध लक्षण

▶▶ किसी को ब्रेस्ट कैंसर तो किसी को ओरल

**हिंगोली।** महाराष्ट्र के हिंगोली जिले से चिंताजनक खबर आई है। यहां स्थानीय प्रशासन संजीवनी अभियान चला रहा है। इस दौरान 13,500 से अधिक महिलाओं में अलग-अलग तरह के कैंसर के संदिग्ध लक्षण मिले। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी। हिंगोली के डीएम अभिनव गोयल ने बताया कि इस अभियान को 'संजीवनी' नाम दिया गया है। इसका मकसद कैंसर की तुरंत जांच और निदान करना है। डीएम अभिनव गोयल ने बताया कि संजीवनी अभियान में करीब सात हजार महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर (सर्विकल कैंसर) के संदिग्ध लक्षण पाए गए। करीब 3500 महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के संदिग्ध लक्षण मिले। इसके साथ ही दो हजार महिलाओं में कैंसर के कुछ अन्य प्रकारों के अलावा ओरल कैंसर के संदिग्ध लक्षण भी पाए गए हैं।

### ▶▶ 3.5 लाख महिलाओं से किया संपर्क

जिलाधिकारी ने बताया कि 8 मार्च को शुरू किए गए इस अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने जिले की करीब 3.5 लाख महिलाओं से संपर्क किया। इन 3.5 लाख महिलाओं में से 13 हजार 500 से अधिक महिलाओं में कैंसर के संदिग्ध लक्षण पाए गए। जांच का पहला स्टेप पूरा हो चुका है। आगे अन्य जांचें की जाएंगी। देश में कैंसर के मामले हर साल बढ़ रहे हैं। कम उम्र के लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं। इस बीमारी के अधिकतर मामले आज भी आखिरी स्टेज में सामने आते हैं। कई बार तो लोगों को कैंसर के लक्षणों की जानकारी भी नहीं होती। डॉक्टरों का कहना है कि खानपान की गलत आदत भी कैंसर की एक वजह है।

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक का आश्वासन

# मीरा भायंदर को दीपावली तक मिलेगा पर्याप्त पानी

राकेश विश्कर्मा/ जागरूक टाइम्स



**भायंदर।** मीरा भायंदर शहर को दिवापली तक पर्याप्त पानी की सप्लाई होगी। यह आश्वासन परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिया है। मीरा भायंदर शहर को पानी सप्लाई की जाने वाली 'सूर्या पानी परियोजना' आने वाले छह महीनों के पूर्ण हो जाएगी जिसके चलते दीपावली तक शहर को पर्याप्त पानी सप्लाई होगी। सरनाईक एमएमआरडीए अधिकारियों के साथ 'सूर्या पानी परियोजना' का दौरा करने गए थे जिसके बाद उन्होंने कहा कि अब मीरा भायंदर शहर वासियों की प्यास बुझेगी। दीपावली में शहर से पानी समस्या नहीं रहेगी। मीरा भायंदर शहर को 218 एमएलडी पानी प्रतिदिन मिलना चाहिए परंतु परियोजना में हो रही देरी से पानी समस्या खड़ी हो गई थी पर अब सूर्या पानी परियोजना अपने अंतिम चरण में और बाकी कामों को छह महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। इस परियोजना के चलते शहर को शुद्ध पानी मिलेगा। वसई काशिद कॉपर से चेना जलकुंभ तक तकरीबन पांच किलोमीटर जलवाहिनी का काम खाड़ी के अंदर से 'माइक्रो टनलिंग' के जरिए पूरा किया जाएगा।

गौरतलब है कि शहर को पर्याप्त पानी सप्लाई हो इसके लिए भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने मुख्यमंत्री से लेकर संबंधित सरकारी अधिकारियों से पत्राचार किया और महायुति सरकार में शहर की प्यास बुझती नजर आ रही है। परिवहन मंत्री के साथ सूर्या पानी परियोजना के अधिकारी और एमएमआरडीए के अधिकारी मौजूद रहे। इन सभी सरकारी अधिकारियों को सरनाईक परियोजना को पूर्ण करने की हिदायत दी। भाजपा की पूर्व नगरसेविका नयना वसानी ने पानी समस्या से निजात दिलाने का श्रेय महायुति सरकार को देते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस जनता को हर सुविधा देने के लिए काम कर रहे है। उन्हें विश्वास है कि जल्द से मीरा भायंदर की प्यास बुझेगी।

अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती

# चर्चगेट स्टेशन के पास प्रतिमा का सौंदर्यीकरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ महाराष्ट्र विप सभापति की अध्यक्षता में बैठक में लिया निर्णय

**मुंबई।** पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की चर्चगेट स्टेशन के पास स्थित प्रतिमा और उसके परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। 31 मई को पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती है। इस जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर उनकी प्रतिमा को आकर्षक रूप में सजाया और पुष्पों से अलंकृत किया जाएगा। प्रतिमा की मरम्मत की जाएगी और उसके पीछे की दीवार पर अहिल्यादेवी होलकर के कार्यों का चित्रात्मक व प्रकाशयुक्त प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, जिसमें महेश्वर का राजवाड़ा, इंदौर की वास्तुकला, काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार और वृक्ष संवर्धन जैसे कार्यों को कलात्मक ढंग से दर्शाया जाएगा। इस कार्य के संदर्भ में बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे की अध्यक्षता में मुंबई महानगरपालिका के सहायक आयुक्त जयदीप मोरे,अन्य अधिकारीगण और डॉ.असीम गोकर्ण हरवंश की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर यह निर्देश दिया गया कि यह कार्य 15 मई तक पूरा कर लिया जाए।

# नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे चरण की शुरूआत



**मुंबई।** नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के पहले संस्करण का दूसरा चरण सात अप्रैल को नौसेना भवन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ। पांच दिवसीय कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है, पहला चरण पांच अप्रैल को कारवार में आयोजित किया और दूसरा चरण सात से 10 अप्रैल तक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। चरण 2 के उद्घाटन सत्र के दौरान, बाहरी परिचालन और क्षेत्र कमांडरों, और कमांडों और नौसेना मुख्यालय कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, सीएनएस ने सफल अभ्यासों, प्लेटफार्मों की परिचालन उपलब्धता में वृद्धि और भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साथ संयुक्त संचालन के माध्यम से एक लड़ाकू तैयार बल बनाए रखने में नौसेना की उपलब्धियों की सराहना की। द्विपक्षीय अभ्यासों में शामिल होने और 'ऑपरेशन ब्रह्मा' और आईओएस सागर की तैनाती जैसी गतिविधियों के माध्यम से तटीय देशों का समर्थन करके एकजुट और विश्वसनीय दृष्टिकोण के महत्व को दोहराया।

### सात प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान

सीएनएस ने कर्मचारियों को सात प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया – युद्ध लड़ना और युद्ध दक्षता, बल स्तर और क्षमता विकास, बेड़े का रखरखाव और परिचालन रसद, नई प्रौद्योगिकियों का नवाचार और एकीकरण, संतुलित कार्यबल विकास, परिचालन और संगठनात्मक चपलता और अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों और हितधारकों के साथ तालमेल। सम्मेलन के दौरान सीएनएस द्वारा भारतीय नौसेना के परिचालन डेटा फ्रेमवर्क, अंतरिक्ष विजन, नौसेना विमानन और नौसेना से परे सेवानिवृत्ति और जीवन से संबंधित प्रकाशन जारी किए गए।

शिवसेना (यूबीटी) में नेताओं को दी जिम्मेदारी

# राऊत-सावंत मुख्य प्रवक्ता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता


▶▶ प्रियंका चतुर्वेदी समेत 6 अन्य को भी जिम्मेदारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने आधिकारिक प्रवक्ता की घोषणा कर दी है। संजय राऊत और अरविंद सावंत को मुख्य प्रवक्ता चुना गया है। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के आदेश पर आज (9 अप्रैल) पार्टी प्रवक्ता पद की नियुक्तियों की घोषणा की गई। सांसद संजय राऊत और अरविंद सावंत के साथ छह अन्य को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें मीडिया में शिवसेना पार्टी का पक्ष रखने का अधिकार दिया गया है।

### प्रवक्ताओं के नाम

- शिवसेना नेता एडवोकेट-अनिल परब
- शिवसेना उपनेता-प्रियंका चतुर्वेदी
- शिवसेना के जनसंपर्क प्रमुख एडवोकेट-हर्षल प्रधान
- शिवसेना उपनेता-सुषमा अंधारे
- आनंद दुबे
- जयश्री शेलके

# पानी कनेक्शन को कैदी खोद रहे सड़क


▶▶ पानी के संकट से जूझ रहा सोलापुर जेल

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर जेल से बाहर निकले कैदी पानी के कनेक्शन के लिए सड़क खोदने लगे। पूरी सुरक्षा के बीच कैदी जेल के बाहर ही काफी समय तक सड़क खोद रहे थे, ताकि महानगरपालिका की मदद से पानी का एक और कनेक्शन जेल को मिल जाए। हालांकि, जो काम महानगरपालिका को करना चाहिए उसे जेल के अंडरट्रायल कैदियों से करवाया गया। महानगरपालिका का कहना था कि हमारे पास लोग नहीं हैं, आप गड्ढा खोदकर दीजिए, पानी का कनेक्शन हम कर देंगे। इसी के बाद पूरी सुरक्षा के बीच चार अंडरट्रायल कैदियों को जेल से बाहर निकाला गया। जेल के सामने ही जहां पानी का कनेक्शन है वहां गड्ढा खोदने का काम कैदी करने लगे, लेकिन जैसे ही स्थानीय मीडियाकर्मियों ने इस घटना की रिपोर्टिंग शुरु की तो आनन-फानन में कैदियों को वापस जेल में ले जाया गया।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

# पंजाब में लॉरेंस गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार

मुंबई। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर 2024 को दशहरे के दिन उनके कार्यालय के बाहर गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा गिरोह के 2 गुर्गों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान राजस्थान के श्रीगंगानगर के निवासी जशनदीप सिंह उर्फ जशन संधू और श्रीमुक्तसर साहिब के गुरसेवक सिंह के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में फरार आरोपियों में शुभम लोनकर और जीशान अख्तर शामिल हैं। कहा जा रहा है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या जीशान अख्तर के कहने पर की गई। अब तक की जांच में पता चला है कि जीशान अख्तर और शुभम लोनकर दोनों ही बाबा सिद्दीकी की हत्या करने वाले सभी आरोपियों को निर्देश दे रहे थे।

# पुणे में भूटानी महिला के साथ यौन शोषण,

▶▶ सात आरोपी गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे में भूटान की एक महिला के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। 27 साल की महिला का आरोप है कि कुल 7 लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया है जिसमें अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के पूर्व नेता शांतनु कुकड़े भी शामिल हैं। महिला साल 2020 से पुणे में रह रही है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, कुकड़े और उसके साथियों को समर्थ पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों में ऋषिकेश नवले, जालंधर बडाडे, उमेश शहाणे, प्रतीक शिंदे, एडवोकेट विपिन बिडकर, सागर रसगे, अविनाश सूर्यवंशी और मुद्दासिन मेनन शामिल हैं। 2020 में पीड़िता पढ़ाई और जॉब के लिए बोधगया आई थी।

# डिजिटल परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता


▶▶ नासिक मनपा में एआई प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

नासिक। नासिक मनपा प्रशासन विभाग की ओर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे आधुनिक तकनीक पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शहर प्रशासन के डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई। कार्यशाला की शुरुआत में एम.के.सी.एल. के विभागीय प्रबंधक विनायक कदम, समन्वयक मकरंद बेवलकर और नासिक विभाग प्रमुख सुभाष पाटील का स्वागत अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप चौधरी के हाथों किया गया। उपायुक्त लक्ष्मीकांत सातालकर ने अपने प्रस्ताविक वक्तव्य में कहा कि "सरकार के निर्देशानुसार चल रहे सौ दिवसीय क्रियान्वयन रूपरेखा के अंतर्गत इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।" कार्यशाला में महाराष्ट्र ज्ञान महामंडल, पुणे विभाग के विभागीय प्रबंधक विनायक कदम ने उपस्थित विभाग प्रमुखों, खाताप्रमुखों, अधिकारियों और कर्मचारियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एआई तकनीक का उपयोग कर प्रशासन के कार्य में अधिक गति, कार्यकुशलता और निर्णय क्षमता में कैसे वृद्धि की जा सकती है, यह उन्होंने सरल और सहज भाषा में समझाया। मनपा प्रशासन के विभिन्न विभागों में एआई के प्रयोग से अधिक पारदर्शिता और नागरिक केंद्रित सेवाएं कैसे प्रदान की जा सकती हैं, इस पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस उपक्रम के माध्यम से नासिक मनपा प्रशासन को डिजिटल युग की दिशा में नई ऊर्जा प्राप्त हुई है और यह भविष्य के विकास की ओर एक सकारात्मक कदम सिद्ध होगा, ऐसा विश्वास व्यक्त किया गया।

# पुणे में सिलेंडर फटने से पिता-पुत्र की मौत

**पुणे।** बुधवार की रात करीब 3 बजे पुणे में एक घर में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। इस घटना में एक व्यक्ति और उसके बेटे की मौत हो गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना पुणे शहर के बाहरी इलाके में स्थित वारजे में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया, जिसके बाद घर में आग लग गई। हालांकि, बाद में आग पर काबू पा लिया गया था। इससे पहले पुणे शहर के समीप पिंपरी चिंचवाड़ में रसोई गैस के एक सिलेंडर में रिसाव होने के कारण विस्फोट हो गया था और इस घटना में पांच लोग घायल हो गए थे। आमतौर पर गैस रिसाव होने पर गैस सिलेंडर ब्लास्ट होता है। गैस रिसाव होने की वजह से सिलेंडर आग पकड़ लेता है और अंदर दबाव बढ़ने की वजह से वो फट जाता है।

# एमआईडीए-एसएमईसीआई की बैठक संपन्न



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरकार के सौ दिन के कार्ययोजना पर की इंटरएक्टिव और गोलमेज बैठक**

**मुंबई।** महाराष्ट्र उद्योग विकास संघ (एमआईडीए) और एसएमई चैंबर ऑफ इंडिया(एसएमईसीआई) द्वारा आठ अप्रैल को मुंबई में व्यापार विकास के लिए उद्योगों, व्यवसायों और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए महाराष्ट्र सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना पर इंटरएक्टिव और गोलमेज बैठक में व्यापार और व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों, उद्यमियों, व्यापारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सत्य नारायण, आईपीएस-संयुक्त पुलिस आयुक्त (एल एंड ओ), मुंबई, संबोधित करते हुए। इस बैठक में अन्य गणमान्य व्यक्ति (बाएं से दाएं) महेश कुमार, निदेशक-महाराष्ट्र उद्योग विकास संघ, डॉ. अभिनव देशमुख, आईपीएस-अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, दक्षिण क्षेत्र, मुंबई, चंद्रकांत सालुंके-संस्थापक और अध्यक्ष, महाराष्ट्र उद्योग विकास संघ (एमआईडीए) और एसएमई चैंबर ऑफ इंडिया, मुंबई, मोहन राठौड़, आईपीएस-पुलिस महानिरीक्षक (सेवानिवृत्त) और महाराष्ट्र उद्योग विकास संघ (एमआईडीए) की कानूनी और वैधानिक समिति के मुख्य सलाहकार और अध्यक्ष, अनिल पारस्कर,आईपीएस- अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, मध्य क्षेत्र, मुंबई, जितेंद्र शाह, अध्यक्ष-फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र उपस्थित थे।

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# बड़ी सादड़ी नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन का बैंक खाता सीज

## ▶▶ सफेमा कोर्ट ने तस्करी की कमाई फ्रीज की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** तस्करी में लिप्त बड़ी सादड़ी (चित्तौड़गढ़) नगर पालिका पूर्व चेयरमैन निर्मल पितलिया के बैंक अकाउंट को सीज करने के आदेश सफेमा कोर्ट ने दिए हैं। इसके बाद जोधपुर एनसीबी अब तस्करी के जरिए जुटाई अन्य संपत्तियों को खंगालने के प्रयास में जुटी है। एनसीबी जोधपुर के क्षेत्रीय निदेशक घनश्याम सोनी ने बताया 30 अगस्त 2024 में पूर्व चेयरमैन पितलिया और उसके एक साथी की SUV से करीब 52 लाख रुपए कीमत का 10.5 कि.ग्रा अफीम का दूध बरामद किया था। आरोपी ने SUV के टैंक में अलग से 25 लीटर का चैंबर बना रखा था। इसी में तस्करी का माल सप्लाई किया जा रहा था। इस मामले में एनसीबी टीम ने पूर्व चेयरमैन निर्मल पितलिया और उसके साथी बड़ी सादड़ी के ही कृष्ण वाटिका निवासी इलियास खां को गिरफ्तार किया था।





### एलआईसी के निवेश भी प्रतिबंधित

सोनी ने बताया- इसके बाद जोधपुर एनसीबी के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पितलिया की मादक पदार्थ से अर्जित संपत्तियों के बारे में छानबीन शुरू की। एनसीबी की टीम की प्रारंभिक छानबीन में पितलिया के बैंक खाते में बैलेंस के साथ एलआईसी वगैरह में निवेश के तथ्य सामने आए। सफेमा कोर्ट ने दिए फ्रीज करने के आदेश सोनी के अनुसार, तस्कर पितलिया के बारे में शुरुआती छानबीन में बैंक बैलेंस और अन्य में करीब पांच लाख 60 हजार रुपए मूल्य की अवैध संपत्तियों की पहचान हो गई। इन्हें फ्रीज करने के लिए फ्रीजिंग ऑर्डर बनाकर सफेमा दिल्ली को भेजा गया।

### क्या है सफेमा ?

सफेमा (SAFEMA) का पूरा नाम तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर (संपत्ति जब्ती) Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 है। यह एक ऐसा कानून है, जो तस्करों और विदेशी मुद्रा हेरफेर करने वालों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने के लिए बनाया गया है। इस कानून के तहत किसी भी व्यक्ति के पास 10 साल के अंदर खुद के या अपने दोस्तों-रिश्तेदारों के नाम से अधिक संपत्ति पाई जाती है, तो कोर्ट संबंधित को नोटिस जारी कर उन संपत्तियों की जानकारी देने के लिए कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दे सकती है। एनसीबी की गिरफ्त में आए निर्मल पितलिया पूर्व में सात फरवरी 2021 से पांच जुलाई 2021 तक नगर पालिका बड़ी सादड़ी का चेयरमैन रह चुका है।

### रिश्तेदारों-दोस्तों से मांगी जानकारी

क्षेत्रीय निदेशक सोनी ने बताया कि पितलिया और उसके साथी की अन्य संपत्तियों के बारे में पता लगाने के लिए चित्तौड़गढ़ पुलिस अधीक्षक और तहसीलदार को भी पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। इसके अलावा आम नागरिकों से अपील की गई है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एनसीबी के इस अभियान में सहयोग कर सकते हैं।

# जैसलमेर : रॉयल्टी ठेकेदार का ठेका निरस्त करने की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में बुधवार को ठेकेदार एसोसिएशन ने रॉयल्टी ठेकेदार का ठेका निरस्त करने की मांग को लेकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन से पहले हनुमान चौराहे पर आमसभा का भी आयोजन किया। आमसभा के बाद सभी कलेक्टर ऑफिस पहुंचे और कलेक्टर से मुलाकात की। ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि रॉयल्टी ठेकेदार अवैध वसूली कर रहा है। साथ ही ठेकेदार यूनियन के लोगों पर जानलेवा हमला करने व उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने का काम भी कर रहा है। ऐसे में ठेकेदार का ठेका निरस्त करने की मांग का ज्ञापन सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा। इस दौरान ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत भारी संख्या में लोग भी मौजूद रहे। तीन अप्रैल को काहला फांटा पर हुआ था हमला गौरतलब है जैसलमेर में तीन अप्रैल को रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा बीजेपी विधायक छोटू सिंह के भाई व बेटे के साथ काहला फांटा पर मारपीट व जानलेवा हमला किया गया था। जिसको लेकर सदर थाना में मामला दर्ज कर 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं इस मामले में रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा भी विधायक के भाई व बेटे पर मुकदमा दर्ज करवाया गया था। रॉयल्टी ठेकेदार का ठेका निरस्त करने की मांग को लेकर बुधवार को सभी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रॉयल्टी ठेकेदार पर लगाए आरोप ठेकेदार एसोसिएशन के कंवराज सिंह जाम ने बताया- जैसलमेर जिले में खनिज विभाग द्वारा मेसेनरी स्टोन की रायल्टी के लिए एक अप्रैल से ठेका मैसर्स दुर्गा टिम्बर एवं ग्रेनाइट का है। जिसमें प्रोपराइटर का पति राजेन्द्र सिंह जो कि फर्म के कामकाज को देखता है वह एक आदतन अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है व इसके खिलाफ विभिन्न थानों में 15 से 20 आपराधिक मुकदमे हैं। जिसमें मर्डर से लेकर अवैध शराब, भूमि हड़पने व आबकारी सीआई पर फायरिंग सहित विभिन्न मामले शामिल है।



▶▶ ठेकेदार एसोसिएशन ने आमसभा के बाद कलेक्टर को सीएम के नाम दिया ज्ञापन

# बाड़मेर में रिकॉर्ड टूटा, अप्रैल में पारा 46 .4 डिग्री पहुंचा

**बाड़मेर।** रेगिस्तानी बाड़मेर में गर्मी ने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए है। लगातार पांचवें दिन भी बाड़मेर राजस्थान में सबसे गर्म है। अप्रैल के दूसरे वीक में मंगलवार का पारा 46.4 डिग्री दर्ज किया गया। पहली बार आठ अप्रैल को अधिकतम पारा 46.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31.5 डिग्री पहुंचा। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल में यह पहली बार हुआ है कि बाड़मेर में गर्मी ने 67 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा है। अप्रैल के पूरे महीने में अब तक रिकॉर्ड देख तो 67 साल पहले 25 अप्रैल 1958 को बाड़मेर का अधिकतम पारा 48.3 डिग्री पहुंचा था, जो अब तक का सर्वाधिक है, लेकिन ये 25 अप्रैल को पहुंचा था। अब आठ अप्रैल को 46.4 डिग्री गर्मी रही है। इस बीच बुधवार को सुबह सूरज की किरण निकलने के साथ गर्म हवाओं का दौर शुरू हुआ। दोपहर में गर्मी और लू का प्रकोप तेज हो गया। भीषण गर्मी और लू से जन जनजीवन प्रभावित रहा। दोपहर में तो हवा इतनी गर्म थी कि बाइक पर चलते हुए लोग झुलस रहे थे। शहर में सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। मंगलवार को पारा 46.4 डिग्री पहुंच गया, वहीं रात में भी अब तक सर्वाधिक गर्म दर्ज की गई। रात का पारा 31.5 डिग्री पहुंच गया है।

### प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म

■ प्रदेश में लगातार पांचवे दिन मंगलवार को भी बाड़मेर से गर्म रहा है। रेगिस्तानी इलाका होने के साथ ही यहां पश्चिमी की तरफ से आने वाली गर्म हवा लोगों को झुलसा रही है, लेकिन इस बार बाड़मेर में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया। अप्रैल के फर्स्ट व दूसरे वीक में गर्मी 46.4 डिग्री पहुंच गई है।



## प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में जैसलमेर दूसरे नंबर पर

**जैसलमेर।** पिछले तीन दिनों से जैसलमेर में आसमान से आग बरस रही है। पहली बार अप्रैल के पहले सप्ताह में ही पारा 45 डिग्री पर दर्ज हुआ है। तपती दोपहर व गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद होने के लिए मजबूर कर दिया है। मौसम विभाग की माने तो मौसम विभाग ने जैसलमेर जिले में आगामी चार दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि 10-11 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के पश्चिमी व उतरी भागों में कहीं-कहीं मेघगर्जन, आंधी के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। प्रदेश में दूसरा सबसे गर्म शहर जैसलमेर जिले में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन पारा 45 डिग्री पर रहा। जैसलमेर प्रदेश में बाड़मेर के बाद दूसरा सबसे गर्म शहर है। मंगलवार को भीषण गर्मी व गर्म हवा के थपेड़ों के कारण आमजन का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। इससे मुख्य मार्गों पर चहल पहल कम नजर आई। देर शाम तक भी तेज गर्मी का दौर लगातार जारी रहा। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ। कई सड़कें व बाजार तो पूरी तरह से सूने दिखाई दिए। रात का पारा भी तीन डिग्री बढ़ा अप्रैल के पहले पखवाड़े में ही लगातार तापमान में इजाफा हो रहा है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 45 डिग्री पर चल रहा है। वहीं मंगलवार को न्यूनतम तापमान में एकाएक तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 18 डिग्री का अंतर रहा। इस सीजन में पहली बार रात का पारा 27 डिग्री पर पहुंचा है। दिन व रात में गर्मी का असर तेज है। गर्म हवाओं ने बेहाल कर दिया है।

**हीट वेव से तापमान 45 डिग्री पार**

# विश्व के 180 देशों में मनाया गया नवकार महामंत्र दिवस

**बालोतरा।** बालोतरा में नवकार महामंत्र दिवस पर भव्य आयोजन किया गया। तेरापंथ समाज भवन में हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया। यह कार्यक्रम केवल बालोतरा तक सीमित नहीं था। नाकोड़ा और जसोल सहित आसपास के क्षेत्रों में भी इसका आयोजन हुआ। विश्व के 180 देशों में एक साथ यह समारोह मनाया गया। डिजिटल माध्यमों से लाखों लोग इससे जुड़े।

# 'मैं निकला गड्डी लेके' पर जैसलमेर में नाचे सनी देओल

**जैसलमेर।** बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर अभिनेता सनी देओल बुधवार को अचानक भारत-पाक बॉर्डर स्थित तनोट माता मंदिर पहुंचे। तनोट माता मंदिर के दर्शन कर उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म 'जाट' की सफलता की कामना की। तनोट माता मंदिर परिसर में आयोजित अभिनेता सनी देओल के सम्मान समारोह में जब बीएसएफ जवानों ने ग़दर फिल्म का गाना 'मैं निकला गड्डी लेके' गाया तो अभिनेता सनी देओल अपने आपको रोक नहीं सके और जमकर ठुमके लगाए। गौरतलब है कि सनी देओल माता के दरबार में फिल्म की सफलता की कामना के लिए बुधवार सुबह आठ बजे दिल्ली से चार्टर प्लेन से गुपचुप जैसलमेर पहुंचे और दर्शन के बाद दोपहर करीब दो बजे चार्टर से मुंबई के लिए लौट गए। गौरतलब है कि जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर स्थित प्रसिद्ध तनोट माता मंदिर से सनी देओल का खास नाता है।

# बिजली कर्मचारियों से की मारपीट, दो गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर में बिजली निगम के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों को भणियाणा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए रफीक खान (22) फजलदीन (19) को पुलिस ने राजकार्य में बाधा के मुकदमे में गिरफ्तार किया। भणियाणा थाना प्रभारी देवाराम ने बताया कि दोनों आरोपियों ने बिजली निगम के कर्मचारियों के साथ 27 मार्च को मारपीट की थी। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। SHO देवाराम ने बताया कि 27 मार्च को एईएन बीएफएल धनाना, रिकवरी सब डिवीजन भणियाणा ने पुलिस थाना भणियाणा में शिकायत दी। शिकायत में बताया गया कि निगम के राजस्व वसूली कार्य के दौरान रफीक और फजलदीन ने उनके व उनकी टीम के साथ मारपीट कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई। भणियाणा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार भणियाणा थाना प्रभारी देवाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर तकनीकी मदद से बिजली विभाग के सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट करने व राजकार्य में बाधा पहुंचाने वाले रफीक व फजलदीन को पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया।



## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 809 | 817 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 235 | 238 |
| जिंक स्लैब | 249 | 252 |
| लीड इन्गॉट | 179 | 180 |
| टिन स्लैब | 2868 | 3000 |
| निकल | 1280 | 1285 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 793 | 788 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 780 | 780 |
| कॉपर आर्मेचर | 774 | 775 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 730 | 725 |
| कॉपर सीट | – | – |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 528 | 530 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 565 | 571 |
| एल्युमिनियम | 190 | 193 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 8632 | –1525 |
| टिन | 29426 | –215 |
| लीड | 1819 | –125 |
| जिंक | 2552 | –2675 |
| एल्युमिनियम | 2285 | 3025 |
| निकल | 13922 | –60 |

# व्यापार जगत

## एसबीआई ने एटीएम ट्रांजैक्शन नियमों में किया बदलाव

### ▶▶ एक लाख बैलेंस पर अनलिमिटेड फ्री ट्रांजैक्शन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने कस्टमर्स के लिए एटीएम ट्रांजेक्शन चार्जेस और फ्री एटीएम यूज करने की लिमिट को बढ़ा दिया है। बैंक के ये नए नियम एक फरवरी से प्रभावी माने जाएंगे। बैंक ने फीस स्ट्रक्चर को सुव्यवस्थित और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए यह फैसला किया है। जिससे एसबीआई और अन्य बैंक एटीएम पर फाइनेंशियल और नॉन फाइनेंशियल दोनों तरह के ट्रांजैक्शन प्रभावित होंगे। नई पॉलिसी के तहत सभी मेट्रो या नॉन-मेट्रो ग्राहक अब हर महीने एसबीआई एटीएम से पांच फ्री ट्रांजैक्शन और अन्य बैंक एटीएम से 10 फ्री ट्रांजैक्शन कर सकते हैं। 25,000 रुपए से 50,000 रुपए के बीच एवरेज मंथली बैलेंस रखने वाले ग्राहकों को अन्य बैंक एटीएम पर पांच फ्री ट्रांजैक्शन मिलेंगे। एक लाख रुपए से ज्यादा का एवरेज मंथली बैलेंस रखने वाले अकाउंट-होल्डर्स को एसबीआई और अन्य बैंक एटीएम दोनों से अनलिमिटेड फ्री ट्रांजैक्शन मिलेंगे। मंथली फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन की लिमिट पूरी हो जाने के बाद एसबीआई एटीएम पर हर ट्रांजैक्शन के लिए 15 रुपए+GST (मेट्रो या नॉन-मेट्रो) का चार्ज लगेगा। अन्य बैंकों की मंथली फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन की लिमिट खत्म होने के बाद एटीएम पर हर ट्रांजैक्शन के लिए 21 रुपए+GST (मेट्रो या नॉन-मेट्रो) का चार्ज देना होगा। बैलेंस इंक्वायरी और मिनी स्टेटमेंट के लिए एसबीआई एटीएम पर फ्री लिमिट पूरी हो जाने के बाद भी कोई चार्ज नहीं लगेगा। हालांकि, अन्य बैंकों के एटीएम पर बैलेंस इंक्वायरी और मिनी स्टेटमेंट के लिए फ्री लिमिट के बाद 10 रुपए+GST का चार्ज लागू होगा।




### आरबीआई ने विड्रॉल फीस बढ़ाई

■ दो हफ्ते पहले आरबीआई ने एटीएम विड्रॉल फीस बढ़ाने का ऐलान किया था। आरबीआई ने नोटिफिकेशन में कहा था कि एक मई से ग्राहकों को मंथली फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट पार करने के बाद हर ट्रांजैक्शन के लिए एडिशनल दो रुपए का भुगतान करना होगा। अभी बैंक फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट पार करने पर 21 रुपए चार्ज करते हैं। अब 23 रुपए चार्ज करेंगे। इससे पहले आरबीआई ने एटीएम इंटरचेंज फीस भी बढ़ाने का ऐलान किया था। आरबीआई ने इंटरचेंज फीस भी दो रुपए बढ़ाई है। यानी अब हर ट्रांजैक्शन पर 19 रुपए इंटरचेंज चार्ज देना होगा, जो पहले 17 रुपए लगता था। एटीएम इंटरचेंज फीस एक ऐसा चार्ज है, जो एक बैंक दूसरे बैंक को एटीएम सर्विसेज प्रोवाइड करने के लिए देता है। यह फीस आमतौर पर हर ट्रांजैक्शन पर लिया जाने वाला एक फिक्स्ड अमाउंट होता है, जिसे अक्सर ग्राहकों को उनकी बैंकिंग कॉस्ट के हिस्से के रूप में जोड़ दिया जाता है।

### सोने के दाम में तेजी, चांदी सस्ती

## सोना 808 बढ़कर 89,358 पर पहुंचा, 90,010 रुपए किलो बिक रही चांदी

**नई दिल्ली।** सोने के दामों में बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 808 बढ़कर 89,358 पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 88,550 थी। हालांकि एक किलो चांदी की कीमत 353 गिरकर 90,010 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 90,363 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और तीन अप्रैल को सोने ने 91,205 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक 13,196 रुपए महंगा हो चुका है सोना इस साल यानी एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 13,196 रुपए बढ़कर 89,358 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 3,993 रुपए बढ़कर 90,010 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। इस साल 94 हजार रुपए तक जा सकता है सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़ रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 94 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच सकता है। वहीं अगर चांदी की बात करें तो एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार इसकी कीमत में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है। साल के आखिर में चांदी एक लाख आठ हजार रुपए तक जा सकती है। सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर छह अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।



## आप का राशिफल 10 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर हो बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8


**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

# गिरते शेयर बाजार में इन स्टॉक्स पर लगाएं दांव

**मुंबई।** शेयर बाजार बुधवार को फिर गिर कर बंद हुआ। ऐसे में विशेषज्ञ कुछ शेयरों में खरीदारी की सलाह दे रहे हैं। बाजार विशेषज्ञ रुद्र मूर्ति का कहना है कि नए जमाने के शेयरों में पेटीएम और जोमेटो के शेयर खरीदने लायक हैं। उनका मानना है कि इन दोनों कंपनियों में आगे बढ़ने की क्षमता है। इन शेयरों को खरीदने की सलाह वाचना इन्वेस्टमेंट्स के एमडी रुद्र मूर्ति बीवी ने बातचीत में बताया है कि One 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (पेटीएम की पैरेंट कंपनी) और हाल ही में लिस्ट हुई जोमेटो लिमिटेड के शेयर खरीदने लायक हैं। उनका कहना है कि जब मिड और स्मॉल कैप शेयरों में गिरावट आ रही है, तब भी इन दोनों शेयरों में ज्यादा गिरावट नहीं आई है।




### ▶▶ कहां तक गिरेगा पेटीएम

उन्होंने बताया कि निगेटिव बाजार में पेटीएम का शेयर 750-700 रुपए तक गिर सकता है। लेकिन, इसे अभी भी खरीदा जा सकता है और हर गिरावट पर और शेयर खरीदे जा सकते हैं। उनके मुताबिक जोमेटो भी खरीदने लायक है। हालांकि, रुद्र मूर्ति ने बाजार को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। उनका कहना है, मैं किसी भी अच्छे मौके का फायदा उठाने के लिए कम से कम 20 प्रतिशत कैश अपने पास रखूंगा। लंबे समय में, मिड और स्मॉल कैप, आईटी और मेटल शेयरों से दूर रहें। सेक्टर और स्टॉक देखकर ही निवेश करें। रुद्र मूर्ति का कहना है कि बीयर मार्केट में सही शेयर खरीदकर ही बड़ा पैसा बनाया जा सकता है। आप बुल मार्केट में बड़ा पैसा नहीं बना सकते। बड़ा पैसा तभी बनेगा जब आप बीयर बाजार में सही शेयर खरीदेंगे।₹ इसका मतलब है कि जब बाजार गिर रहा हो, तभी अच्छे शेयर खरीदने चाहिए।

# भारत से आईफोन से भरे पांच विमान अमेरिका भेजे गए

### ▶▶ टैरिफ से बचने को एपल ने बुलाया शिपमेंट

**नई दिल्ली।** एपल ने मार्च के आखिरी हफ्ते में सिर्फ तीन दिनों में भारत से आईफोन और अन्य उत्पादों से भरे पांच विमानों को अमेरिका पहुंचाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन द्वारा लागू किए गए रेसिप्रोकल टैरिफ से बचने के लिए ये शिपमेंट किए गए हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने एक सीनियर भारतीय अधिकारी के हवाले से इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये भी कहा कि टैरिफ के बावजूद एपल की भारत या अन्य बाजारों में रिटेल कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार इस स्टोरेज से एपल को अस्थायी रूप से वर्तमान मूल्य बनाए रखने में मदद मिलेगी। कंपनी यह भी विश्लेषण कर रही है कि मैन्युफैक्चरिंग लोकेशन्स पर अलग टैरिफ स्ट्रक्चर्स उसकी सप्लाई चेन को किस प्रकार प्रभावित करेंगी।



### एपल के मांग और मुनाफा अंतर पर पड़ सकता असर

अमेरिका एपल के प्रोडक्ट्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। ऐसे में कंपनी बढ़ी हुई लागत का बोझ कंज्यूमर्स पर डालने से बचने के लिए काम कर रही है। इससे एपल के प्रोडक्ट्स की डिमांड और प्रॉफिट मार्जिन दोनों पर असर पड़ सकता है। अभी तक केवल बेसलाइन 10% टैरिफ ही लागू हुआ है। इससे ज्यादा टैरिफ नौ अप्रैल लागू हो रहे हैं। भारत इस बदलाव में बड़ी भूमिका निभा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका भारत पर 26% की दर से टैरिफ लगाएगा जबकि चीन पर 104% की दर से टैरिफ लगेगा। यानी, एपल को चीन की तुलना में भारत से अपने प्रोडक्ट अमेरिका एक्सपोर्ट करने में कम टैरिफ चुकाना होगा। एपल भारत में मौजूद अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में कई आईफोन मॉडल बनाती है। कंपनी टैरिफ इम्पैक्ट को कम करने के लिए भारत से आईफोन की खरीद बढ़ा सकती है। एपल लंबे समय से सप्लाई चेन में डायवर्सिफिकेशन लाने और चीन पर निर्भरता कम करने की योजना पर काम कर रहा है। ऐसे में विश्लेषकों का कहना है कि चीन और भारत के बीच बढ़ते टैरिफ अंतर से एपल की इस योजना को गति मिल सकती है। एपल के तीनों कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम (पीएलआई) का हिस्सा हैं। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आई है। 2020 में भारत सरकार ने पीएलआई स्कीम को लॉन्च किया था।

# शोधार्थियों ने मुख्य सचेतक से की आत्मनिर्भरता पर चर्चा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के शोधार्थी दल ने बुधवार को सर्किट हाउस जालोर में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग से पश्चिमी मुलाकात किया। जहां शोधार्थी राजस्थान में व्यावसायिक कौशल, स्वदेशी हैंडीक्राफ्ट्स, जिले की जूती, चमड़े के उत्पादों व महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर चर्चा की। विधानसभा मुख्य सचेतक गर्ग ने दल के सदस्यों से जिले में दस्तकारों व हस्तशिल्पकारों द्वारा निर्मित जूतियां एवं चमड़े से निर्मित उत्पादों, लेटा के खेसले, हरजी के मिट्टी के घोड़ों व चरली में निर्मित लाख की चूडियों सहित विभिन्न शिल्प को लेकर पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की। यह दल पश्चिम राजस्थान पारंपरिक व्यावसायिक कौशल के अंतरपीढ़ी हस्तांतरण पर सामाजिक आर्थिक प्रभाव विषय पर भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के तहत सांस्कृतिक स्थिरता और सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता पर शोध कर रहा है। यह पहल राजस्थान की समृद्ध हस्तशिल्प परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में सहायक होगी। इस पहल से स्थानीय कारीगरों, व महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकेगा और क्षेत्र की पारंपरिक कला को राष्ट्रीय और अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकेगी। शोधार्थियों का यह दल सहायक आचार्य डॉ. आकांक्षा चौधरी के सुपरविजन में बुधवार को जालोर पहुंचा। दल में नेहा, ज्ञानचंद, श्वेता, वामा, जिकमिक, रिद्धि, मुकेश खारवाल व अरविंद शामिल रहे।

■ हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को सशक्त बनाने पर दिया जोर



दल ने हस्तशिल्प कार्यों व उत्पादों का किया अवलोकन किया दल में नेहा, ज्ञानचंद, श्वेता, वामा, जिकमिक, रिद्धि, मुकेश खारवाल व अरविंद शामिल रहे।

# जनसुनवाई में सुलझी समस्याएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन के लिए आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को जिले में ब्लॉक स्तर पर अटल जनसेवा शिविरों का आयोजन किया गया। जिनमें आमजन की परिवेदनाएं प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आहोर पंचायत समिति सभागार में आयोजित उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पेयजल आपूर्ति, अतिक्रमण हटाने, रास्ता खुलवाने, आधार कार्ड समस्या का निस्तारण करने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विभिन्न परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर आहोर उपखण्ड अधिकारी सांवरमल रैगर, तहसीलदार मोहिता आशिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# जालोर में भांजे ने मामा के घर से चुराए ज्वेलरी-कैश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में पुलिस ने 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। झाब थानाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। वारदात में जांच के बाद पुलिस ने पहले स्तर पर भांजे को ही संदिग्ध मानते हुए गिरफ्तार कर पूछताछ की। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। जालोर एसपी ज्ञानचंद्र यादव ने बताया कि प्रार्थी अणखोल निवासी बलवंतराज पुरोहित ने रिपोर्ट दी थी।

जिसमें बताया कि उसके मकान में उसके छोटे भाई कांतिलाल के साथ ही बाबूलाल व रमेश कुमार के घर से चोर सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस को प्रकरण में बलवंतराज के परिवार में ही संदिग्ध पहलू नजर आए। पुलिस द्वारा इसी आधार पर उनके घर पर जांच की बात कहने पर पहले तो परिवारजनों ने इनकार किया। लेकिन पुलिस ने बलवंतराज के भांजे भरत कुमार पुरोहित को संदिग्ध मानकर दस्तयाब कर लिया। भरत कुमार पुरोहित से पूछताछ की तो उसने सहयोगी प्रकाश पुरोहित ,मांगीलाल उर्फ मुंगाराम देवासी द्वारा घटना से 2 दिन पूर्व मकानों की रेकी की बात स्वीकार किया। इसके बाद प्रार्थी व उसके परिवार के सदस्यों के धार्मिक यात्रा पर जाने के बाद आरोपियों ने चोरी की। आरोपियों द्वारा चोरी के जेवरात को पोपटलाल सोनी से गलाकर डली बनाकर देना, डली को घनश्याम निवासी डीसा, रोहित सैनी निवासी डीसा व अन्य के मार्फत बुलियन कारोबारी कृषान भाई अग्रवाल निवासी डीसा को बेचा गया।

पुलिस ने मामले में भरत कुमार, मांगीलाल, ज्वेलर पोपटलाल, घनश्याम, रोहित कुमार सैनी, कृषान भाई सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी भरत कुमार के खिलाफ पहले से अलग-अलग थानों में 4 प्रकरण चोरी और लूट, मांगीलाल उर्फ मुंगाराम के खिलाफ 9 मामले नकबजनी के, पोपटलाल सोनी के खिलाफ 2 प्रकरण चोरी, नकबजनी का माल खरीद फरोख्त के मामले दर्ज है।



# जालोर पहुंचे सेवानिवृत जिला एवं सेशन न्यायाधीश हरिराम जाट




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** सेवानिवृत जिला एवं सेशन न्यायाधीश हरिराम जाट का गुरुवार को एक निजी कार्यक्रम को लेकर जालोर आने पर अभिभाषक संघ की ओर अभिभाषक कक्ष में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश जाट जालोर में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आए थे। अभिभाषक संघ जालोर की ओर से अभिभाषक कक्ष में अभिनंदन किया गया। जिसमें वरिष्ठ वकील सिकंदर अली सैयद, सरदार खां खोखर, गोपालसिंह सहित अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। न्यायाधीश जाट ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बार और बेंच के बीच मधुर संबंध होने चाहिए, लेकिन वर्तमान में दोनों के बीच दूरियां बढ़ रही है। कारण कोई हो, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित ने किया। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के सचिव प्रवीण कुमार भादरु, अधिवक्ता रजनीकांत सोनी, भंवरलाल सोलंकी, शकील मेहर, मंगलसिंह राजपुरोहित, चैनाराम चौधरी, दौलत बाराड़ा, नवीन गहलोत, प्रवीण कुमार घांची, फारुक कुरैशी, खसाराम परिहार, रमेश सोलंकी, पदमसिंह भाटी, गणपतसिंह नोरवा, सुरेंद्र चौहान, समीर खान खोखर, अनन्या खान, विक्रमसिंह गोविंदला, रणजीतसिंह, प्रवीण कुमार बोस, दिनेश कुमार, कैलाश बाराड़ा, गोवर्धनसिंह चवरछा, चंदनमल छीपा, अजय कुमार जाटव समेत कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# कुसंगति से श्रीराम को मिला वनवासः रमेश भाई व्यास

▶▶ बगेची में सातवें दिन रामकथा सुनने उमड़े लोग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** श्री नउजी व्यास पंचायत संस्थान के तत्वावधान में व्यास बगेची में सातवें दिन की कथा में रमेश भाई ने कहा कि राम सीता विवाह के बाद बाकी तीनों भाइयों का भी मिथिला में विवाह हुआ है। शिव धनुष टूटने से परशुराम आकर क्रोध करते हैं। रामजी मंद मंद मुस्कराते रहे हैं पर लक्ष्मण को क्रोध आया। लक्ष्मण परशुराम जी का संवाद हुआ। राम ने परशुराम से क्षमा मांगी। तब जाकर परशुराम जी का क्रोध शांत हुआ। प्रभु राम को प्रणाम कर परशुराम ने अपने धाम चले गए। धरती पुत्री सीता सहित सभी पुत्रियों को राजा जनक सहित सभी मिथिला वासियों ने विदा किया है। चारों भाई पत्नियों सहित अयोध्या आए, जहां अयोध्या वासियों ने खुशियां मनाई है। कुछ दिनों बाद दशरथ ने कहा कि मैं वृद्ध हो गया हूं। अब राजपाठ राम को देना चाहता हूं। कुल गुरुओं को बुलाया गया है और तीनों रानियां खुश थीं। मंथरा ने कैकेई को भड़काया और कहा कि अब दशरथ द्वारा दिए दो वचन लेने का समय आ गया है। कैकई ने दशरथ से वचन पूरा करने को कहा। तब वह पहला राम को चौदह वर्ष का वनवास व दूसरा भरत को अयोध्या का राजपाठ मांगा। यह सुन दशरथ स्तंभित रह गए पर वचन से बंधे होने के कारण कैकई को दिए वचनों को पूरा किया। राम का वन गमन हुआ। भरत जो उस समय ननिहाल में थे उन्हें बुलाया गया है। महाराज ने कहा कि जीवन में संगति अच्छी होनी चाहिए। कैकई की संगति मंथरा से थी, इसीलिए उसने अपने पुत्र भरत से भी प्रिय राम को वनवास का वचन मांगा। आज भी कुसंगति का प्रभाव जिसके जीवन में है वह दुखी हो रहा है। संगति सदा भले की करनी चाहिए। महाराज जी का स्वागत संतोष व्यास, भंवर लाल व्यास, सुरेंद्र व्यास,भंवर लाल ने शॉल एवं माला से किया।



# पानी चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**जालोर।** नर्मदा वृहद पेयजल परियोजना की मुख्य पाइपलाइनों पर किये गये अवैध जल कनेक्शनों अधिशाषी अभियन्ता धर्मचंद सोनी ने परियोजना खण्ड जालोर के नेतृत्व में सहायक अभियन्ता दिगंबर सिंह व जितेन्द्र कुमार द्वारा ग्राम रतनपुरा में 8 अवैध कनेक्शन हटाए गये। इसी प्रकार धुम्बडीया में 4 अवैध कनेक्शन हटाए गये। सांचौर अधीक्षण अभियन्ता लिघुराम चौधरी ने परियोजना वृत सांचौर ने नर्मदा नहर आधारित पेयजल परियोजनाओं पर किये गये अवैध जल कनेक्शनों को हटाने, पेनल्टी वसूल करने एवं कानूनी कार्यवाही करने हेतु इसी प्रकार की तीन अन्य टीमें गठित की हैं। अधिशाषी अभियन्ता भूरसिंह मीणा, परियोजना खण्ड प्रथम सांचौर, अधिशाषी अभियन्ता गिरीश जैन, परियोजना खण्ड द्वितीय सांचौर एवं बलवीर सैनी, अधिशाषी अभियन्ता परियोजना खण्ड भीनमाल के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया जो अवैध रूप से टैंकरों से पानी भेजने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई करेगी। अवैध कनेक्शनधारियों के विरूद्ध विभागीय दर से पेनल्टी राशि वसूलने एवं राजकीय संपति को नुकसान पहुंचाने (3 PDP) पानी का बहाव बाधित करने, पीने के पानी को आमजन से वंचित करने एवं अवैध रूप से पानी चोरी कर व्यापार करने आदि कृत्यों में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा हैं। उक्त कार्यवाही हेतु विभागीय टीमों द्वारा विगत 3 दिन से दिन एवं रात्रि के समय रेकी कर सूचना इकट्ठी कि जा रही थी।

# कपिल-केदारेश्वर धाम पर उमड़ेगा आस्था का ज्वार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बांसवाड़ा।** आगामी 18 से 20 अप्रैल तक शहर के सिंहवाव स्थित श्री कपिल गणेश एवं श्री केदारेश्वर महादेव मन्दिर के पुनर्प्रतिष्ठा महोत्सव में अन्य देव-देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के साथ ही वैदिक विधि-विधान और धर्मशास्त्रीय परम्पराओं के अनुरूप नौ कुण्डीय यज्ञार्चन महानुष्ठान भी होगा। इस विशाल समारोह को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी हैं। श्री कपिल-केदारेश्वर मन्दिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष त्रिवेदी एवं सचिव अनन्त जोशी ने तीन दिवसीय महोत्सव की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 18 अप्रेल, शुक्रवार को प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारम्भ होने से पहले 17 अप्रैल, गुरुवार की शाम को प्रायश्चित कर्म के अंतर्गत हेमाद्रि स्नान व इसके बाद भजन संध्या का आयोजन होगा। 18 अप्रेल, शुक्रवार को प्रातः 8 बजे विनायक स्तवन एवं पूजन-अर्चन से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत होगी। इसके उपरान्त दिन भर ग्रह शान्ति, मातृका पूजन, पुण्याहवाचन, मण्डप प्रवेश, गणेश याग, कुटीर होम आदि अनुष्ठान होंगे तथा शाम 6 बजे से विधान के अनुसार देव प्रतिमाओं की नगर यात्रा प्रारम्भ होगी। महोत्सव के अगले दिन 19 अप्रेल, शनिवार को प्रातः 8 बजे द्वितीय दिवसकालीन अनुष्ठान आरंभ होंगे। इसके अन्तर्गत स्थापित देवताओं का पूजन, शिव याग, देव प्रतिमाओं का अधिवास, दिक्षु होम, प्रासाद वास्तु, तत्त्व न्यास, शैय्याधिवास विधान निर्धारित हैं। महोत्सव के अंतिम दिन 20 अप्रेल, को प्रातः 7 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 8 बजे धार्मिक अनुष्ठान आरंभ होगा। इसमें पूजन-अर्चन के उपरान्त शान्ति-पौष्टिक हवन, मूर्ति प्रतिष्ठा, शिखर प्रतिष्ठा अनुष्ठान होंगे। मध्याह्न 12 बजे यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाआरती होगी तथा दोपहर 1 बजे से महाप्रसादी का आयोजन आरंभ होगा। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव पं. पंकज पण्ड्या एवं पं. भावेश पण्ड्या के प्रधान आचार्यत्व में होगा। पं. यज्ञनारायण पण्ड्या प्रतिष्ठा आचार्य तथा पं. कमलकांत पण्ड्या, पं. प्रदीप भट्ट एवं पं. गिरीश जोशी इसमें उपाचार्य रहेंगे।

## तैयारियों का अवलोकन

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार शाम श्री कपिल-केदारेश्वर मन्दिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आयोजन स्थल का अवलोकन किया और तीन दिवसीय महोत्सव के धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान् ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष त्रिवेदी, सचिव अनन्त जोशी एवं कोषाध्यक्ष अरविन्द पाठक के साथ ही सुभाष भट्ट, मनीष पाठक, विजय शर्मा, शैलेन्द्र व्यास, राजेश जोशी, बाबूलाल राठौर, दीपेश पण्ड्या आदि उपस्थित थे।

## प्रतिष्ठा और यज्ञार्चन समूह

प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं नौ कुण्डीय यज्ञकर्म के मुख्य यजमान बांसवाड़ा नगर परिषद के निवर्तमान सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी हैं जबकि देव विग्रह प्रतिष्ठा एवं यज्ञार्चन यजमानों में श्री केदारेवर महादेव लिंग व जलाधारी प्रतिष्ठा के लिए श्रीमती महादेवी-श्री देवकीनन्दन जोशी, श्री शीतला माता विग्रह के लिए प्रज्ञा-अनन्त जोशी, पार्वती देवी एवं श्री गणेश विग्रह के लिए पंडया परिवार, श्री हनुमान विग्रह के लिए पुष्पा भूपेन्द्रनाथ भट्ट, श्री नंदी महाराज के लिए विमला एवं श्री अमृत सनाढ्य, श्री रिद्धि-सिद्धि विग्रह के लिए श्रीमती संतोष एवं सुभाष त्रिवेदी और शिखर कलश व ध्वज दंड प्रतिष्ठा के लिए स्वाति एवं शरद व्यास, रिया एवं वार्तिक जोशी, चारवी एवं अचल भट्ट यजमान के रूप में शामिल हैं।

# सांचौर में मनाया एनएसयूआई का स्थापना दिवस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजकीय कॉलेज सांचौर में एनएसयूआई के 55वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के महासचिव गौरव सारण और एनएसलूआई के प्रदेश सचिव दिलीप गर्ग मुख्य अतिथि थे। एनएसयूआई छात्र नेता शाहरुख कणीया ने संगठन की स्थापना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई हमेशा छात्र हितों के लिए संघर्षरत रही है। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि गौरव सारण ने युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। समारोह में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और स्थानीय गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# नाम नहीं हटाने पर अब तक 185 को नोटिस

■ गिव-अप अभियानः 30 तक अपात्र लाभार्थी हटा सकेंगे अपना नाम

**जालोर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक कराने के लिए 30 तक 'गिव-अप अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 185 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि जिले में अब तक 4806 परिवारों एवं 16120 सदस्यों ने अपने नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए ऑफलाइन आवेदन किए हैं तथा 1238 परिवारों ने अपने नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए ऑनलाइन विभागीय वेबसाइट से आवेदन किए। इन श्रेणियों के व्यक्ति होंगे अपात्र विभागीय निर्देशानुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर जो कि जीवकोपार्जन में प्रयुक्त हो), जिसके सभी सदस्यों के स्वामित्व में कुल कृषि भूमि लघु कृषक की निर्धारित सीमा से अधिक हो, ग्रामीण क्षेत्र में 2 हजार वर्गफीट से अधिक स्वयं के रिहायश के लिए निर्मित पक्का मकान हो, नगर परिषद क्षेत्र में 1 हजार वर्ग फीट व नगरपालिका क्षेत्र में 1500 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल में निर्मित पक्का आवासीय/व्यवसायिक परिसरधारी परिवार (कच्ची बस्ती को छोड़कर) निष्कासन सूची में आते है।

# व्यसन छोड़ने का लिया संकल्प

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा मेघवाल बस्ती में 129वें यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन व्यसन मुक्त, संस्कार युक्त, समरस और धार्मिक समाज की स्थापना के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर मुख्य यजमान दुदा राम मेघवाल और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा प्रति सप्ताह आयोजित इस यज्ञ अभियान में समरस, समरूप और एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना का संदेश दिया जाता है। यज्ञ की समाप्ति पर कई लोगों ने मांसाहार, शराब, बीड़ी, गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के उपरांत चर्चा का मुख्य विषय धर्म प्रचार और शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने हेतु प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण हेतु भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित और निश्चित करने पर केंद्रित था। विवेकानंद बिस्सा और मांगीलाल मेघवाल ने इस कार्य हेतु ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान किया, जिसका सभी ने एकमत से समर्थन किया। उपस्थित गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य और अन्य श्रोता जन उपस्थित थे, जिनमें सोनी राजेश आर्य, गिरधारी सिंह राठौड़, शंकरलाल माहेश्वरी, भीमराज मोदी, हरसन राम मेघवाल, विवेकानंद बिस्सा, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, डॉक्टर अक्षय बोहरा, सुरेश जैन, वालाराम मौर्य, जोधाराम चौधरी, वचनाराम मेघवाल, राजेश टी सोनी, जोधाराम मेघवाल, रमेश राणा, बाबूलाल मेघवाल, शंकरलाल गहलोत, केवाराम मेघवाल, अर्जुन बंजारा, जितेंद्र जीनगर, राहुल जीनगर, आर्य राहुल बंजारा, मांगीलाल मेघवाल, आर्य अक्षय बंजारा आदि मौजूद रहे।



▶▶ सनातन संस्कृति जागरण संघ का 129 वें यज्ञ का आयोजन

# दमकल ही नहीं तो फिर कैसे बुझेगी आग? जिम्मेदारों का नहीं

**गुड़ामालानी।** उपखंड मुख्यालय पर अग्निशमन वाहन नहीं होने से क्षेत्र में होने वाली आगजनी की घटना के वक्त काफी परेशानी उठानी पडती है। गुड़ामालानी उपखंड होने व विशाल भू-भाग मे फैले क्षेत्र के गांव दूरदराज की ढाणियों में बसे हुए है। लेकिन गुड़ामालानी उपखंड मुख्यालय पर अग्निशमन वाहन नहीं होने से आग लगने की घटना के दौरान आग बुझाने के लिए परेशानी होती है। स्थिति यह है कि दूरदराज ग्रामीण इलाकों में आगजनी की घटना घटित होने पर दमकल पहुंचती है तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका होता है। गुड़ामालानी तहसील क्षेत्र में लगभग 75 किमी से अधिक दायरे में दमकल की व्यवस्था नहीं होने के कारण कहीं भी आग लगने के बाद समय रहते दमकल नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में आग पर काबू पाने के इंतजाम कोढ़ में खाज का काम करते हैं।

उपखंड क्षेत्र के लंबे क्षेत्र के दूर दराज इलाकों में बनी ढाणियों व गांवों व मेघा हाइवे पर आग से संबंधित दुर्घटना होती रहती हैं। यहां इन इलाकों में आगजनी होने पर अग्निशमन वाहन को सूचना देने पर जिला मुख्यालय से अग्निशमन वाहन को घटना स्थल पर पहुंचने में डेढ़ से दो घंटे का समय लग जाता है। वही आरजीटी कंपनी मे अग्निशमन वाहन तो है लेकिन उनको सूचना देने के बाद भी कंपनी के अधिकारियो से परमिशन लेने तक एक से दो घंटे लग जाते है तब तक सब कुछ जल कर राख हो जाता है। पूर्व में भी आस-पास की ढाणियों व मेघा हाइवे पर आगजनी की घटना घटने के बाद वहां अग्निशमन वाहन के समय पर नहीं पंहुचने से सब कुछ जलकर राख हो चूका था। क्षेत्र में रहने वाले लोग गरीब है तथा पूरी आबादी मे कच्ची झोपडिय़ों मे रहनें व मेघा हाइवे के कारण

पश्चिम रेलवे

संधारण कार्य

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **क्र.सं.: 1. निविदा सूचना क्र. बीसीटी/25-26/04 दिनांक 07.04.2025, कार्य तथा स्थान: बांद्रा टर्मिनस:** (1) कोचिंग डिपो में किचन सहित हॉल एवं कॉंप्रेसर रूम का संधारण। (2) प्लेटफॉर्म नं. 1 के सरफेस का संधारण। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 1,77,61,567.68, **ईएमडी:** रु. 2,38,800/-, **क्र.सं.: 2. निविदा सूचना क्र. बीसीटी/25-26/05 दिनांक 07.04.2025, कार्य तथा स्थान: (1) जोगेश्वरी/राम मंदिर, गोरेगांव तथा मालाड रेलवे स्टेशन्स:** 730 दिनों के लिए आउट सोर्सिंग द्वारा प्रतिदिन आवश्यकता आधारित संधारण। **(2) सांताक्रूज, विले पारले तथा अंधेरी रेलवे स्टेशन्स:** 730 दिनों के लिए आउट सोर्सिंग द्वारा प्रतिदिन आवश्यकता आधारित संधारण। **(3) कांदीवली तथा बोरीवली:** 730 दिनों के लिए आउट सोर्सिंग द्वारा प्रतिदिन आवश्यकता आधारित संधारण। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 3,20,27,448.95, **ईएमडी:** रु. 3,10,100/-, **दोनो निविदाएं जमा करने की दिनांक व समय:** 02.05.2025 को 15.00 बजे तक। **दोनो निविदाएं खुलने की दिनांक व समय:** 02.05.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 0019

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

ई-नीलामी बिक्री सूचना करते हुए बैंक के स्वामित्व वाले पुराने वाहनों की बिक्री-सह-नीलामी

बैंक ऑफ बड़ौदा मुंबई अंचल ई-नीलामी बिक्री सूचना करते हुए बैंक के स्वामित्व वाले पुराने वाहनों की बिक्री-सह-नीलामी के लिए निविदा / बोली/ प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

निविदा के नियमों अथवा शर्तों की पूरी जानकारी के लिए, कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और आवेदकों को www.bankofbaroda.com के निविदा अनुभाग को देखते रहना होगा।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30.04.2025 अपराह्न 4.00 बजे.

**तारीख :** 10.04.2025
**स्थान :** मुंबई.

**उप महाप्रबंधक**
मुंबई अंचल

पश्चिम रेलवे

मुंबई मंडल में सभी वाहनों के पे एंड पार्क का संचालन

मंडल रेलवे प्रबंधक, कमर्शियल विभाग, पार्किंग सेक्शन, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008, कार्य: **मुंबई मंडल में सभी वाहनों के पे एंड पार्क का संचालन**

| | |
|---|---|
| नीलामी विवरणिका नं. बीसीटी-पीकेजी-23-63 | वार्षिक बोली मूल्य का 10% |
| ई-नीलामी की दिनांक: 21.04.2025 | नीलामी की दिनांक: 12.00 बजे |

| क्र.सं. | स्टेशन | स्थान | एरिया (वर्ग मी.) | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | माहिम | पूर्व | 232 | 03 वर्ष |
| 2. | दादर | पीआरएस भवन अंतर्गत | 472.98 | 03 वर्ष |

**नोट:** भावी निविदाकारों से निवेदन है कि आईआरईपीएस वेबसाइट पर (**www.ireps.gov.in**) ई-नीलामी लीजिंग माड्यूल में देखें। साइट्स संबंधित जानकारी अंकित कैटलॉग अंतर्गत लॉट का विवरण उपलब्ध है। 0022

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

## सुविचार

इंसानों की फ़ितरत हर वक्त बदलती रहती है, ख़ुद पर विश्वास रखो।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## आईएमईसी की अहमियत

पीएम नरेंद्र मोदी अप्रैल के तीसरे सप्ताह में सऊदी अरब जा सकते हैं। अभी तारीखों पर अंतिम फैसला होना बाकी है, लेकिन उनका दौरा करीब-करीब तय हो गया है। दो दिनों का उनका यह दौरा होगा, जिसमें वह सऊदी अरब के नेताओं के साथ कारोबार, निवेश, ऊर्जा और रक्षा संबंधों को लेकर बात करेंगे। इसके अलावा एक बड़ा एजेंडा इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) भी होगा। इस पर जी-20 समिट के दौरान सहमति बनी थी और अब इस प्रोजेक्ट पर तेजी लाने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब के नेताओं से बात होगी। भारत से यूरोप तक बनने वाले रास्ते में सऊदी अरब भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो दुनिया का सबसे ताकतवर इस्लामिक मुल्क है। चार सालों के अंतराल के बाद पीएम नरेंद्र मोदी सऊदी अरब पहुंचने वाले हैं। दिल्ली में 2023 में जी-20 समिट का आयोजन हुआ था। इसी दौरान आईएमईसी को लेकर सहमति बनी थी। यह कॉरिडोर भारत के लिए भू-राजनीतिक और आर्थिक तौर पर बेहद अहम है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत से मिडल ईस्ट होते हुए यूरोप तक जो गलियारा जाएगा, उसमें रेल, रोड नेटवर्क शामिल होगा। इसके अलावा सड़क परिवहन भी शामिल रहेगा। पहले चरण में यह भारत से मध्य पूर्व तक होगा। इसके अलावा दूसरा हिस्सा मध्य पूर्व से यूरोप के बीच होगा। पहले पार्ट को पूर्वी कॉरिडोर कहा गया है, जो भारत के मुंबई से होते हुए मिडल ईस्ट तक जाएगा। फिर मिडल ईस्ट से सऊदी अरब तक के रास्ते को नॉदर्न कॉरिडोर कहा जाएगा। आईएमईसी कॉरिडोर में इलेक्ट्रिसिटी केबल, हाइड्रोजन पाइपलाइन और हाईस्पीड डेटा केबल भी शामिल होंगे। इस कॉरिडोर में भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इटली, फ्रांस और जर्मनी शामिल होंगे। इसके अलावा यूरोपियन यूनियन भी इसका हिस्सा है। इस रूट पर भारत के तीन पोर्ट शामिल होंगे- गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह। इसके अलावा नवी मुंबई का जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट भी इसका हिस्सा होगा। फिर मध्य पूर्व देश फुजैराह, जेबेल अली और अबू धाबी बंदरगाह भी इसमें शामिल होंगे। सऊदी अरब के दम्मम और रास अल खैर भी इस कॉरिडोर का हिस्सा होंगे। दिलचस्प बात है कि रेलवे लाइन भी इस कॉरिडोर में होगी और इसका हिस्सा इजरायल भी होगा। रेलवे लाइन संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह पोर्ट से गुजरेगी। इसके अलावा इजरायल के हाइफा पोर्ट को भी रेलवे लाइन कनेक्ट करेगी। फिर सऊदी अरब और जॉर्डन भी इस रेल लाइन का हिस्सा होंगे। अब यूरोप की बात करें तो ग्रीस का पिराएस पोर्ट, साउथ इटली का मेसिना और फ्रांस का मार्सिले पोर्ट भी इसी रूट पर आएगा। इस प्रोजेक्ट के जरिए भारत से यूरोप तक सस्ता और सुगम सफ़र होगा। इसके अलावा मालवाहक जहाजों का सफ़र भी आसान होगा।

### घाघ ट्रंप झुनझुना बजाए

# लुट जाने की झूठी कहानी सुनाए



लोकमित्र गौतम

चीन हमें लूट रहा है। यह हमारी टेक्नोलाजी चुराता है। अपनी मुद्रा की कीमत को जानबूझकर कम रखता है ताकि उसके उत्पाद सस्ते रहें। इस तरह अमेरिका को हर साल सैकड़ों अरब डॉलर का चूना लगाता है। इंडिया इज अ टैरिफ किंग। अमेरिकी प्रोडक्ट पर बहुत ऊंचा आयात शुल्क लगाता है, जबकि हम भारतीय उत्पाद लगभग बिना कोई आयात शुल्क लगाए लेते हैं। इंडियाज ट्रेड बैरियर्स आर टू हाई। डब्लूटीओ हमें बेइंसाफी से ट्रीट करता है। नाटो देश हमें लूट रहे हैं। जर्मनी और जापान हम पर हंसते हैं। ग्लोबलाइजेशन से हमें सिर्फ नुक्सान हुआ है। ये रोना अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का है। उनके द्वारा हाल के दिनों में बार बार दुहराए गए ये कुछ ऐसे सदाबहार जुमले हैं, जो उनके आलोचकों को तो छोड़िये अब आम लोगों को भी रट गए हैं।

इमेज

अपनी सनकी हरकतों के कारण विश्व अर्थव्यवस्था को संकट में डाल देने वाले डोनाल्ड ट्रंप अपने बचाव के लिए विक्टीम कार्ड खेलने पर उतर आए हैं। अमेरिकी जनता और अपने समर्थकों को बरगलाने के लिए ट्रंप प्रपंच रच रहे हैं कि मौजूदा विश्व व्यवस्था ने अमरीका को खूब लूटा है। जबकि सच्चाई इसके उलट है। हाल के सालों या दशकों की तो छोड़िये इतिहास के किसी भी दौर में ऐसी कोई विश्व व्यापार व्यवस्था नहीं रही है, जिसमें दुनिया ने अमेरिका को लूटा हो या अमेरिका लुटा हो? उल्टे हकीकत यह है कि विश्व व्यापार व्यवस्था में हमेशा अमेरिका ने ही दुनिया को 'लूटा' है। मौजूदा विश्व व्यापार व्यवस्था का भी अमरीका ही सबसे ज्यादा लाभ उठाने वाला देश रहा है। यह किसी धारणा या नजरिये की बात नहीं है बल्कि द्वतीय विश्व युद्ध के बाद से विश्व व्यापार के मौजूद तथ्यों की हकीकत है। हम सब जानते हैं कि दूसरे विश्व युद्ध में हिटलर की नाजी सेना को भले निर्णायक रूप से तत्कालीन सोवियत संघ की लाल फ़ौज ने हराया हो, लेकिन द्वतीय विश्व युद्ध के बाद विजेता देश होने का सबसे ज्यादा गौरव और फायदा तो अमरीका ने ही उठाया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से दुनिया में लगातार अमेरिका का दबदबा रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद दुनियावी अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए बनीं ब्रेटन वुड्स संस्थाओं आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक पर हमेशा अमरीका का ही दबदबा रहा है। द्वतीय विश्व युद्ध के बाद डॉलर को ग्लोबल रिज़र्व करेंसी बनाया गया - इसका नतीजा ये हुआ कि दुनियाभर में ज्यादातर व्यापार डॉलर में होने लगा। इससे अमेरिका को ये फायदा मिला कि वह अपनी मुद्रा छापकर भी विश्व व्यापार कर सकता था। इसके बाद भी अगर आज ट्रंप व्यापार घाटे का रोना रो रहे हैं, अपने देश के 'लूटे जाने' की शिकायतें कर रहे हैं तो इसका आधार यह है कि 1980 के बाद से अमेरिका को चीन, जापान, और जर्मनी जैसे देशों के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया। मतलब यह कि अमेरिका ने इनसे खरीदा ज्यादा और इन्हें बेचा कम। लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि अमरीका को लूटा गया। उल्टे यह व्यवस्था अमरीकी कंपनियों ने खुद रची। सस्ता माल, सस्ती लेबर और भारी मुनाफा के लिए वास्तव में इन देशों में पूंजी का निवेश अमरीकी कंपनियों ने किया और अमरीका को ज्यादा बेंचकर किसी और देश ने नहीं बल्कि इन देशों में मौजूद इन्हीं अमरीकी कंपनियों ने कमाया। उदाहरण के लिए एप्पल के आईफोन चीन में बनते हैं; क्योंकि वहां मैन्युफैक्चरिंग बहुत सस्ती है,लेकिन 60 फीसदी से ज्यादा प्रॉफिट तो अमरीकी कंपनी एप्पल को ही जाता है। फिर कैसे 'अमेरिका को लूटा गया'? वास्तव में यह एक -राजनैतिक बयान है,जिसे ट्रंप जैसे चालाक राजनेता ने गढ़ा है। खासकर चीन के खिलाफ। जबकि यह एकतरफा और अधूरी व्याख्या है। ट्रंप ने पहले श्वेत राष्ट्रवादी अमरीकी मतदाताओं को और अब आम अमरीकियों को भरमाने के लिए अमरीका को 'लूटा जा रहा है' का नैरेटिव रचा है क्योंकि नौकरियां अमरीका से बाहर जा रही हैं। लेकिन इनका बाहर जाना अमरीकी कंपनियों का ही मुनाफ़ा आधारित फैसला था,ताकि उन्हें दूसरे देशों के सस्ते श्रम से ज्यादा फायदा हो। ऐसे में अमरीकी कंपनियों के जिस मुनाफे के लालच वाले फैसले से अमरीकी राष्ट्रवाद को शर्मसार होना चाहिए ट्रंप चालाकी से उसे ही आक्रामक आरोप बनाकर दुनिया को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप रोना रो रहे हैं कि भूमंडलीकरण के चलते अमरीका को लूटा गया है जबकि उल्टे हकीकत यह है कि भूमंडलीकरण का सबसे ज्यादा लाभ अमरीकी अर्थव्यवस्था ने ही उठाया है। सन 1970 के बाद से पूरी दुनिया में व्यापार डॉलर में होने लगा। तेल, सोना, वस्त्र, चिप्स- सबका दाम डॉलर में तय होता रहा। मतलब साफ़ है अमेरिका डॉलर छाप सकता है और दुनिया उस डॉलर से सामान खरीदती-बेचती है। अमेरिका को दुनियाभर के देशों से हर तरह की वस्तुएं मिलती हैं और बदले में वह केवल अपनी मुद्रा देता है। यह भूमंडलीकरण का ही फायदा है कि आज अमरीका में एप्पल,गूगल,माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी भूमंडलीय कम्पनियां हैं जो दुनिया के कोने कोने से मुजाफा वसूलकर अमेरिका पहुंचा रही हैं। इन्हीं अमरीकी कंपनियों ने सस्ते श्रमिकों वाले देशों जैसे चीन, भारत, वियतनाम आदि में मैन्यू फैक्चरिंग कराई और भारी मुनाफा कमाया। फाइनेंस और टेक सेक्टर में अमरीका का एकाधिकार है और विश्व वित्तीय व्यवस्था में वालस्ट्रीट के बिना पत्ता नहीं हिलता तो लाभार्थी कौन हुआ? आईएमएफ़ और वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाओं में निर्णायक वोट पॉवर तो अमरीका के पास ही हैं। अगर ऐसा न होता तो जब दुनिया के गरीब देश आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से कर्ज लेते हैं तो अमरीका इन देशों में निजीकरण, मुक्त बाजार, आदि की शर्तें न थोपता। ट्रंप अमरीका के लूटे जाने का रोना रो रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि पूरी दुनिया के टैलेंट की लूट तो अमरीका ने की है। आज अमरीका टेक्नो टैलेंट का जो हब बना बैठा है वह "ब्रेन गेन" – का नतीजा है। भारत, चीन, रूस जैसे देशों के प्रतिभाशाली इंजीनियर, वैज्ञानिक, डॉक्टर अमेरिका गए और फिर वहीं के हो के रह गए। अमेरिका को फ्री में टैलेंट मिल गया, बिना उन्हें पढ़ाने या प्रशिक्षित करने का खर्च उठाए। सिलिकॉन वैली वास्तव टैलेंट लूट का हब है। इसके बावजूद अगर अमरीका विक्टीम कार्ड खेल रहा है तो इसकी वजह यह है कि वह चीन की आर्थिक ताकत से डर गया है। चीन ने भूमंडलीकरण के मैदान में अमेरिका को पछाड़ दिया है। चीन मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। अब अमेरिका को लगता है कि वह सामान बना नहीं रहा, सिर्फ खरीद रहा है। इसीलिए चिढ़कर ट्रंप कह रहे हैं, 'चाइना इज ईटिंग अवर लंच' अमेरिका के पुराने औद्योगिक क्षेत्र जैसे मिशिगन, ओहायो में आज फैक्ट्रियां बंद पड़ी हैं क्योंकि इनके मालिक अपनी फैक्ट्रियों को चीन, और मेक्सिको लेकर चले गए हैं।




## पंचांग

गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - त्रयोदशी 25.01 तक
- वार - गुरुवार
- नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 12.25 तक
- योग - वृद्धि 18.59 तक
- करण - कौलव 11.57 तक
- सूर्योदय - 06.27 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.53 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.24 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.00 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - सिंह 19.06 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.15 से 13.05
- राहु काल - 14.13 से 15.47
- व्रत, त्यौहार - अनंग त्रयोदशी, प्रदोष, महावीर जयंती जैन, रवियोग 12.25 प्रारंभ
- दिशा शूल - दक्षिण

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




## दौसा का एक ऐसा मंदिर, जहां अंग्रेजों ने की थी चोरी

राजस्थान के पर्यटक स्थलों में से एक आभानेरी की चांद बावड़ी भी विश्व विख्यात है। यहां चांद बावड़ी पर विदेशी पर्यटक भी आते हैं। अगर कोई मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने के लिए आता है तो चांद बावड़ी भी अवश्य देखता है। चांद बावड़ी के साथ ही यहां हर्षद माता का मंदिर भी बना हुआ है यहां हर्षद माता मंदिर से जुड़ी रोचक कहानी भी है। कहानी यह है कि यहां अंग्रेजों के द्वारा मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था जो आज भी क्षतिग्रस्त स्थिति में ही है।

हर्षद माता का मंदिर आठवीं सदी का बना हुआ है। इस मंदिर को राजा जयचंद के द्वारा बनवाया गया था। अंतिम राजा जयचंद थे जिनके द्वारा ही यह बनवाया गया था। हर्षद माता की आठवीं सदी से ही मान्यता है तभी से पूजा अर्चना की जाती है। आठवीं सदी के बाद राजा जयचंद यहां से चले गए थे तो मोहम्मद गौरी के द्वारा मंदिर को तोड़ दिया गया था। यहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि हर्षद माता की मूर्ति नीलम से बनी हुई थी और जब भी कोई घटना होती थी तो पहले ही आवाज लगा कर बता देती थी। हर्षद माता की मूर्ति के मुंह से आवाज आती थी। यहां आने वाले मन्नतें पूर्ण होती थी और आज भी यहां सच्चे मन से अगर कोई पूजा अर्चना करता है और माता से जो भी कुछ मांगा जाता है वह मिलता है।

**तीसरी बार में खंडित**

यहां के स्थानीय पुजारी ने बताया कि जब मोहम्मद गौरी माता जी की मूर्ति की चोरी करने के लिए आया था तब हमारे बाबा जिंदा थे। हमारे बाबा को हर्षद माताजी ने आवाज लगाई थी कि श्रवण लाल सो रहा है या जग रहा है। तब श्रवण लाल लालटेन हाथ में लेकर मंदिर पर आए तो चोरी करने आने वाले लोग उतर कर चले गए। दोबारा फिर से घूम कर आए हैं तो फिर श्रवण लाल को माताजी ने आवाज लगाई और श्रवण लाल आए लेकिन चोर फिर चले गए, तीसरी बार में जब चोर आए तब मूर्ति को खंडित किया गया।

## तारीख विशेष

## घनश्याम दास बिड़ला

घनश्याम दास बिड़ला का जन्म राजस्थान के पिलानी में 10 अप्रैल, 1894 को हुआ। भारत के अग्रणी औद्योगिक समूह बी. के. के. एम. बिड़ला समूह के संस्थापक थे, जिसकी परिसंपत्तियां 195 अरब रुपए से अधिक है। ये स्वाधीनता सेनानी भी थे। इस समूह का मुख्य व्यवसाय कपड़ा, विस्कट फ़िलामेंट यार्न, सीमेंट, रासायनिक पदार्थ, बिजली, उर्वरक, दूरसंचार, वित्तीय सेवा और एल्युमिनियम क्षेत्र में है, जबकि अग्रणी कंपनियां 'ग्रासिम इंडस्ट्रीज' और 'सेंचुरी टेक्सटाइल' हैं। ये गांधीजी के मित्र, सलाहकार, प्रशंसक एवं सहयोगी थे। भारत सरकार ने सन् 1957 में उन्हें पद्म विभूषण की उपाधि से सम्मानित किया। एक स्थानीय गुरु से अंकगणित तथा हिन्दी की आरंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपने पिता बी. डी. बिड़ला की प्रेरणा व सहयोग से घनश्याम दास बिड़ला ने कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में व्यापार जगत् में प्रवेश किया। 1912 में किशोरावस्था में ही घनश्याम दास बिड़ला ने अपने ससुर एम. सोमानी की मदद से दलाली का व्यवसाय शुरू कर दिया। 1918 में घनश्याम दास बिड़ला ने 'बिड़ला ब्रदर्स' की स्थापना की। कुछ ही समय बाद घनश्याम दास बिड़ला ने दिल्ली की एक पुरानी कपड़ा मिल ख़रीद ली, उद्योगपति के रूप में यह घनश्याम दास बिड़ला का पहला अनुभव था। 1919 में घनश्याम दास बिड़ला ने जूट उद्योग में भी क़दम रखा। 1921 में ग्वालियर में कपड़ा मिल की स्थापना की और 1923 से 1924 में उन्होंने केसोराम कॉटन मिल्स ख़रीद ली। ये 1928 ई. में पूंजीपति संगठन 'भारतीय वाणिज्य उद्योग महामण्डल' के अध्यक्ष बने। बिड़ला परिवार भारत के सबसे बड़े व्यावसायिक एवं औद्योगिक परिवारों में से एक है। इस परिवार के अधीन वस्त्र उद्योग, आटोमोबाइल्स, सूचना प्रौद्योगिकी आदि हैं। बिड़ला परिवार भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नैतिक एवं आर्थिक रूप से समर्थन किया। इस परिवार की गांधीजी के साथ घनिष्ट मित्रता थी। बिड़ला समूह के संस्थापक बलदेवदास बिड़ला थे जो राजस्थान के सफल मारवाड़ी समुदाय के सदस्य थे। उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम दिनों में वे अपना पारिवारिक व्यवसाय आरंभ करने के लिए कोलकाता चले आए और भारत के स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन के साथ निकट से जुड़ गए।

### खेल-खिलाड़ी

# मध्यम दूरी दौड़ का नया सितारा 'गुलवीर सिंह'

सारिम अन्ना

अरुणाचल प्रदेश में पोस्टिंग के दौरान गुलवीर ने दौड़ने को स्पोर्ट्स के रूप में खोजा। उनके साथी सैनिकों ने उन्हें इंटर-यूनिट, क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता के बारे में बताया और उन्हें एहसास हुआ कि उनकी स्पीड तो उनकी पदोन्नति भी करा सकती है। इस तरह गुलवीर एथलीट बन गए। तब से छह साल बीत गए हैं। आइये जानते हैं उनकी प्राकृतिक प्रतिभा ने आगे कैसे दिशा ली? अब 26-वर्षीय गुलवीर कॉलोराडो में अमेरिकी कोच स्कॉट सिम्मंस के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, जिन्हें धावकों के उस छोटे से समूह के साथ अच्छी सफलता मिली है, जिसको भारत के खेल प्राधिकरण (साई) ने हाल के वर्षों में उनके पास भेजा है। हालांकि कुलीन धावकों के लिए यह अच्छी व्यवस्था है, लेकिन इससे भारत में लंबी दौड़ के संदर्भ में कोई संरचनात्मक सुधार नहीं आ रहा है। लगभग एक दशक पहले साई ने मध्यम दूरी की श्रेणी की पहचान वरीयता के तौरपर की थी। यह पूर्णतः अच्छा चयन था क्योंकि दोनों स्प्रिन्ट्स (100 मी, 200 मी व 400 मी) और लंबी दूरी (मैराथन) में सफलता पाने के लिए जेनेटिक पहलू अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।

इमेज

गुलवीर सिंह उत्तर प्रदेश के सिरसा गांव से हैं । वह 2018 तक खेलों के संसार के बारे में कुछ भी नहीं जानते थे, लेकिन अब वह ओलिंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने हेतु पलक झपकने की दूरी पर हैं। जी हां, आपने एकदम सही सुना 'पलक झपकने की दूरी पर' यानी 10,000 मी की ओलिंपिक दौड़ के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें अपने समय में मात्र 220 मिली सेकंड्स की कमी करनी है। यह वह समय है जिसमें इंसान की पलक झपक भी जाती है और किसी को मालूम तक नहीं होता। गुलवीर के लिए यह काम मुश्किल नहीं है। उन्होंने एक वर्ष की अवधि में अपने दौड़ समय में 41 सेकंड से भी अधिक कम किए हैं। साथ ही वह नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। अगर वह ओलिंपिक के लिए 10,000 मी दौड़ में सीधे क्वालीफाई कर लेते हैं, जिसकी संभावनाएं प्रबल हैं, तो वह ऐसा करने वाले न सिर्फ़ पहले भारतीय धावक होंगे बल्कि वास्तव में ग्लोबल इलीट बन जाएंगे। गुलवीर की स्पोर्ट्स में न जानकारी थी और न ही दिलचस्पी। वह तो अपने दौड़ समय में सुधार लाने के प्रयास में लगे हुए थे ताकि सेना का फिजिकल टेस्ट पास कर सकें। ग्रामीण युवकों का सेना में भर्ती होने का ही एकमात्र सपना होता है। वह इसी के लिए कोशिश करते हैं ताकि स्थायी नौकरी मिल जाये और उनका ब्याह हो जाए। गुलवीर की असाधारण प्रतिभा को इंडियन आर्मी टैलेंट स्काउट ने पहचान लिया और उनकी दुनिया ही बदल गई। अरुणाचल प्रदेश में पोस्टिंग के दौरान गुलवीर ने दौड़ने को स्पोर्ट्स के रूप में खोजा। उनके साथी सैनिकों ने उन्हें इंटर-यूनिट, क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता के बारे में बताया और उन्हें एहसास हुआ कि उनकी स्पीड तो उनकी पदोन्नति भी करा सकती है। इस तरह गुलवीर एथलीट बन गए। तब से छह साल बीत गए हैं। आइये जानते हैं उनकी प्राकृतिक प्रतिभा ने आगे कैसे दिशा ली? अब 26-वर्षीय गुलवीर कॉलोराडो में अमेरिकी कोच स्कॉट सिम्मंस के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, जिन्हें धावकों के उस छोटे से समूह के साथ अच्छी सफलता मिली है, जिसको भारत के खेल प्राधिकरण (साई) ने हाल के वर्षों में उनके पास भेजा है। हालांकि कुलीन धावकों के लिए यह अच्छी व्यवस्था है, लेकिन इससे भारत में लंबी दौड़ के संदर्भ में कोई संरचनात्मक सुधार नहीं आ रहा है। लगभग एक दशक पहले साई ने मध्यम दूरी की श्रेणी की पहचान वरीयता के तौरपर की थी। यह पूर्णतः अच्छा चयन था क्योंकि दोनों स्प्रिन्ट्स (100 मी, 200 मी व 400 मी) और लंबी दूरी (मैराथन) में सफलता पाने के लिए जेनेटिक पहलू अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। ग्लोबल प्रतियोगिताओं में सही जीन्स के धावक लगभग सभी पदक ले जाते हैं, जैसे पश्चिम अफ्रीका वाले स्प्रिन्ट्स में और रिफ्ट घाटी (केन्या, युगांडा व इथोपिया) वाले मैराथन में। अतः फोकस करने के लिए मध्यम दूरी की श्रेणियां ही बचती हैं। गुलवीर सबूत हैं कि इस क्षेत्र में भारत के लिए कितनी संभावनाएं हैं। लेकिन साई की महत्वकांक्षी योजना (विश्व विख्यात कोच के साथ समर्पित केंद्र) शुरू होते ही लड़खड़ा कर गिर गई। कोच ह्यूगो वान डेन ब्रोक एकदम से बीच में छोड़कर चले गए। उन्हें भी अधिकतर विदेशी कोचों की तरह ही शिकायतें थीं कि अर्थहीन बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं और प्रोफेशनलिज्म का पूर्णतः अभाव है। अब बात का रुख वापस गुलवीर की तरफ मोड़ते हैं। कोई इस बात की शर्त न लगाए कि गुलवीर 10,000 मी में ओलिंपिक में सीधे क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय धावक नहीं होंगे क्योंकि शर्त हारने की पूरी पूरी संभावनाएं हैं। गौरतलब है कि सुरेंद्र सिंह ने 2008 बीजिंग में 10,000 मी दौड़ में हिस्सा लिया था, लेकिन उनका चयन कोटा से हुआ था। मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह में कैलिफोर्निया में टेन 2025 एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई थी, जिसमें गुलवीर ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड 14 सेकंड से तोड़ा। उनका 27:00.22 का समय ऐसा है, जहां अब तक कोई भारतीय नहीं पहुंचा था और इस समय ने उन्हें इस दूरी में विश्व के कुलीन धावकों में शामिल कर दिया है। गुलवीर का यह नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड उससे बेहतर है, जो उन्होंने पिछले साल जापान में स्थापित किया था। ध्यान रहे कि जापान की दौड़ से कुछ माह पहले गुलवीर ने 16-साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। गुलवीर का नया रिकॉर्ड इस समय न केवल एशिया में सबसे बेहतर है बल्कि सर्वकालिक 10,000 मी एशियन सूची में तीसरे स्थान पर है। एशियन रिकॉर्ड (26:38.76) अहमद हसन अब्दुल्लाह के पास है और सूची में दूसरे स्थान पर निकोलस केंबोई (26:51.87) हैं। ये दोनों ही धावक केन्या के थे, लेकिन कतर के लिए दौड़ते थे। बहरहाल, गुलवीर का समय 2008 के ओलिंपिक रिकॉर्ड (27:01.17) से बेहतर है, जो 15-साल से अधिक तक कायम रहा था और पेरिस 2024 में न सिर्फ़ युगांडा के जोशुआ चेप्तेगेई (26:43.14) ने तोड़ा बल्कि उनके पीछे जो 12 धावक थे उन्होंने भी तोड़ा । इससे आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि ट्रेनिंग के नये तरीकों और शू टेक्नोलॉजी ने धावकों को कहां से कहां पहुंचा दिया है।

## गीता सार



**उद्धरेदात्मनाऽत्मानं नात्मानमवसादयेत् ।**
**आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥**

**भावार्थ :**

मनुष्य को चाहिए कि वह अपने मन के द्वारा अपना जन्म-मृत्यु रूपी बन्धन से उद्धार करने का प्रयत्न करे, और अपने को निम्न-योनि में न गिरने दे, क्योंकि यह मन ही जीवात्मा का मित्र है, और यही जीवात्मा का शत्रु भी है।

## बोले तो...



नवकार महामंत्र का दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है। विकास भी, विरासत भी और यही है नए भारत का संकल्प। देशभर की प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वे कर उन्हें डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाएगा। यह मिशन भारत की प्राचीन विरासत को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का प्रयास है।

-नरेंद्र मोदी



मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। आप भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे कोई बांटकर राज कर सके। उन लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देने की जरूरत नहीं है जो उन्हें राजनीतिक आंदोलन शुरू करने के लिए उकसाते हैं।

- ममता बनर्जी



मजदूरों को गिग वर्कर कहा जाता है। वे घरों में खाना ले जाते हैं और खाना पकाते हैं। ऐमजॉन की डिलिवरी ले जाते हैं और सड़क पर मरते हैं। तेलंगाना में हमने जाति जनगणना के आंकड़े जारी किए हैं। वहां ऐसे लोगों की लिस्ट निकाली गई तो वे सारे के सारे दलित, ओबीसी या आदिवासी हैं।

- राहुल गांधी

## कुछ अलग | अजब गजब

# समुद्र के नीचे मिली 'पिरामिड जैसे आकृति', जांच बदल सकती दुनिया का इतिहास

दुनिया की सतह पर शायद ही ऐसी कोई चीज बची हो जिससे इतिहास की जानकारी मिलती हो। इतिहास के विशेषज्ञों ने दुनिया का कोई कोना नहीं छोड़ा है। वे जमीन के अंदर की खुदाई में भी पीछे नहीं हैं और इतिहास के रहस्यों को उजागर कर रहे हैं और यहां तक कि समुद्र के अंदर भी खोजबीन कर रहे हैं। ऐसे में पड़ताल के दौरान अगर समुद्र के अंदर ही पिरामिड जैसी आकृतियां मिल जाएं तो हलचल तो होगी ही। जापान के पास द्वीप में वैज्ञानिकों को पिरामिड जैसी रहस्यमयी संरचना मिली है जिसके अध्ययन से ऐसी बातों का खुलासा हुआ है, जो हमारी धरती के इतिहास तक को बदल सकती हैं।

जापान के रायुक्यू द्वीपों के पास मिली यह पुरानी 24.99 मीटर की संरचना चोनागुनी मॉन्यूमेंट बताई जा रही है. कई एक्सपर्ट्स मानते हैं कि समुद्र में पानी के अंदर की यह पिरामिड जैसी रहस्यमयी संरचना बताती है कि हमने पुरानी सभ्यताओं को कितना हल्के में लेकर उन्हें नजरअंदाज किया है।

**चौंकाने वाली बात**

मानव निर्मित यह सरंचना सीढ़ियों वाले पिरामिड की तरह है, जो पूरी तरह से दस हजार साल पुराने पत्थरों से बनी है। अकेल यही तथ्य कम चौंकाने वाला नहीं है। इसका मतलब है कि यह अज्ञात सभ्यता तब पनपी थी जब पिछले हिम युग के बाद समुद्रों का जल स्तर बढ़ा नहीं था। यानी यह मिस्र के पिरामिड (5000 साल) और यहां तक कि पाषाण युग (6000 साल) से भी पहले पनपी थी।



**एक्सपर्ट्स कर रहे बहस**

कुछ एक्सपर्ट्स मिथहास नगरी एटलांटिस से इसकी तुलना कर रहे हैं। खबर के मुताबिक ग्राहम हेनकॉक इसे बहुत ही चौंकाने वाली रचना मानते हैं। लेकिन पुरातत्वविद् फ्लिंट डिबिल जैसे कुछ एक्सपर्ट्स इसे कुदरती तौर पर बनी चीज़ मान रहे हैं। इनके लिए इसे इंसानों की बनाई चीज़ मानना मुश्किल लग रहा है। जापानी भूगर्भशास्त्री डॉ मासाकी किमूरा दावा करते हैं कि इसे आसानी से और सीधे तौर पर खारिज करना आसान नहीं है। अगर इंसान की बनाई हुई आकृति साबित हो गई तो यह इंडोनेशिया की 16 हजार साल पुरानी गुनुंग पैडांग, तुर्की की 11 हजार साल पुरानी गोबेक्ली टेपे की तरह हो सकती है। फिर भी कम से कम यह जगह दुनिया के लिए नया आकर्षण का केंद्र तो बन ही जाएगी, इतना तो तय है।

## पाठक पाती

## वक्फ के मुद्दे पर विपक्ष की दिलचस्प रणनीति

वक्फ कानून के मुद्दे पर विपक्ष की रणनीति समझना दिलचस्प है। विपक्ष ने मुस्लिम वर्ग के अधिकारों को लेकर मोहम्मद के पास हुए कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देन के लिए तैयारी कर ली थी। यह दिखाता है कि विपक्ष इस मुद्दे पर कितना सक्रिय है। वकीलों की टीम तैयार है और सुप्रीम कोर्ट के सीबीआई भी जल्द सुनवाई के लिए तैयार हैं। यह सवाल उठता है कि सुप्रीम कोर्ट इस कानून को पहले लिस्टिंग करने में इतनी रुचि क्यों दिखा रहा है? विपक्ष की याचिका का आधार संविधान का अनुच्छेद 32 है। ऐसा भी इसलिए क्योंकि अनुच्छेद 32 कहता है कि अगर किसी नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन होगा, उस स्थिति में वो सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है, वो वहां से राहत पा सकता है। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यह देखना दिलचस्प होगा कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में क्या फैसला सुनाता है। क्या यह फैसला पंथनिरपेक्षता की खिल्ली उड़ाते कानून को लेकर विपक्ष की रणनीति को मजबूत करेगा या नहीं। यह एक गंभीर संवैधानिक और कानूनी मुद्दा है

सुभाष बुड़ावन वाला,रतलाम, मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# विकास से जुड़े लंबित प्रकरणों का करें तुरन्त निस्तारण : सांसद

## सांसद चौधरी की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला परिषद सभागार में बुधवार को सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद चौधरी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम, मिड-डे-मील, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, समग्र शिक्षा अभियान समेत अन्य विभागों के विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सांसद चौधरी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण हैं । उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों को गंभीरता से लेते हुए लंबित प्रकरणों का तुरंत निस्तारण करें। जिन प्रकरणों में मुख्यालय से मार्गदर्शन लेने या अन्य कार्रवाई अपेक्षित है उसके संबंध में उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेते हुए त्वरित कार्रवाई करें। बीएसएनएल के अधिकारियों से मोबाइल टावर लगाने संबंधी कार्रवाई की जानकारी लेकर नेटवर्क की समस्या वाले क्षेत्रों में आवश्यक तकनीकी प्रबंधन के निर्देश दिए। उन्होंने आईसीडीएस में रिक्त पदों के संबंध में भी चर्चा की और त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने जलजीवन मिशन के तहत हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्य भी समय पर गुणवत्ता सहित पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

### विभाग की समस्या पर की चर्चा

बैठक में जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने भी विभागवार क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया। जिसके संबंध में जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में रेवदर प्रधान राधिका, मनोनीत सदस्य सरपंच भारमाराम गरासिया, सरपंच जैताराम, सरपंच विपेश कुमार गरासिया, सरपंच किरण कंवर, नैनसिंह, हमीराराम मेघवाल, रामलाल गरासिया, दक्षा देवड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, अति. पुलिस अधीक्षक प्रभुदयाल धानिया, माउंट आबू उपखंड अधिकारी अंशु प्रिया, डीसीएफ मृदुलासिंह, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल आदि मौजूद थे।

## पेंशन समाज की बैठक आयोजित, समस्याओं पर की चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** राजस्थान पेशनर्स समाज भवन (कंकु तारा) में उपशाखा रेवदर की बैठक अध्यक्ष हंसाराम पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेशनर्स के हितों पर कुठाराघात से सम्बन्धित सी. सी. ए. पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। जिसमें हमीर दान बारहठ ने विधेयक को पेंशनर्स के हितों पर कुठाराघात बताया। नारायण सिंह भाटी सचिव ने केन्द्र सरकार की ओर से पेंशनर्स में भेदभाव का आरोप लगाया। जयन्तीलाल जोशी कोषाध्यक्ष ने विधेयक को पेशनर्स के घातक एवं पेशनर्स को फूट डालने वाली बताया। अध्यक्ष हंसाराम पुरोहित ने 01 जनवरी से पूर्व एवं बाद के पेंशनर्स को विधेयक द्वारा बांटना न्यायसंगत नहीं बताया। सभी पेंशनर्स साथियों ने उपखण्ड अधिकारी रेवदर को प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम से ज्ञापन दिया गया। इस दौरान में मुलाराम पुरोहित, मंछाराम पुरोहित, गंगा सिंह, गेनाराम हाथल, भंवर सिंह, अजाराम, चुन्नीलाल, मनोहर सिंह, मफत लाल गर्ग, भाव सिंह दहिया, शिव सिंह, अचलाराम मेघवाल, चेलाराम पुरोहित, प्रवीण कुमार, इस्माईल खां रंगरेज, मनाराम कोली सहित करीब 70 पेंशनर्स मौजूद रहे।

## गायों को खिलाया हरा चारा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** भामाशाहों के सहयोग से गायों की सेवा को लेकर बुधवार को गोशाला की गायों को कानाराम माली, जीतूराम, प्रदीपसिंह के अथक प्रयासों से गौरव गौयल गोयल सचिदानंद झा के मार्गदर्शन से गौ माता के लिए चारे की व्यवस्था की गई। इसमें कानाराम माली कीओर से दस ट्रॉली चारा, मेगा पोस्ट टेंशन सिस्टम अहमदाबाद की ओर से 10 ट्रॉली, संतोष कंवर रघुवीरसिंह की ओर से दो ट्रॉली, मुलेन्द्रसिंह धानसा की ओर से एक ट्रॉली, नरेन्द्रसिंह भुगरा की ओर से एक ट्रोली, मफतलाल माली की ओर से एक ट्रोली, शैलेषसिंह चन्द्रसिंह एक ट्रोली, श्रवण गहलोत माली की ओर से एक ट्रोली, हरेंद्रसिंह की ओर से एक ट्रोली, कैलाश माली की ओर से 1 ट्रॉली एवं संजय कुमार माली की ओर से एक ट्रोली हरा चारा दिया गया। इस दौरान एसडीएम शंकरलाल मीणा, ओमानंद महाराज का सानिध्य रहा। सभी 30 ट्रॉली चारे को खुशी गोशाला एवं आर्य समाज गुरुकुल गौ शाला माउंट भेजा गया। विष्णुदत्त कौशिक, चेतन शर्मा, मनीष सैनी, कमलेश त्रिवेदी, सौरभ कौशिक, भलाराम देवासी, पुनीतसिंह, गिरीराजसिंह, पंकज माली, इन्द्रसिंह, महिपालसिंह, भूताराम, देवराजसिंह, सुरेंद्रसिंह, कमलेश माली, करणसिंह, संदीप कहार, जीतेंद्र रेगर, प्रकाश, लक्ष्मण सैनी आदि मौजूद थे।

## नगरपालिका में अनियमितताओं की जांच की मांग



**आबूरोड।** पालिका में लंबे समय से अनियमितताओं के लगातार आरोप लग रहे है। इस पर कांग्रेस पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष कांतिलाल परिहार के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी शंकरलाल से मुलाकात की। शहर की समस्याओं से अवगत कराया।पालिका में हो रही अनियमिताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के अनुसार पालिका स्टोर शाखा की ओर से गत दो सालों में नियम कायदों को ताक में रखकर लाखों रुपए की गैर जरूरत की प्रावधानों के विपरीत चीजे खरीदी गई है। एयर कंडीशनर, सोफा सेट, टीवी, लाखों रूपयो के फर्नीचर सहित दर्जनों वस्तुएं खरीदी गई है। अधिकांश वस्तुएं पालिका में उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद उनका भुगतान हो गया है। पौधरोपण के नाम पर 10-15 लाख रुपए के तैयार पेड़ खरीदे गए। एक-एक पेड़ 5 से 10 हजार तक का खरीदा गया। स्टोर शाखा के अन्य कई दर्जनों कार्यों के टेंडर में भारी अनियमिता है। सीमित निविदा के नाम पर पिछले चार साल में 2 से 3 करोड रुपए का भुगतान किया जा चुका है। जिनका कोई हिसाब किताब नहीं है। प्लेसमेंट एजेंसी के ठेके में लाखों रुपए की बंदर बांट हो रही है। करोड़ों के भुगतान के बावजूद शहर में गंदगी के ढेर है। भूमि शाखा में लगातार फर्जी पट्टे जारी किए जा रहे हैं। मनमाने तरीके से भू उपयोग परिवर्तन किया जा रहा है। आवेदकों को लाभ पहुंचाने के बदले लाखों करोड़ों रुपए वसूल किए जा रहे है। ज्ञापन में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 24-25 में नगर पालिका की स्टोर शाखा द्वारा किए गए सभी कार्यों खरीद की एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर जांच करने, प्लेसमेंट एजेंसी कार्य की जांच करने, इस अवधि की समस्त पत्रावलियों की नकल, प्रस्तुत बिल, संलग्न दस्तावेज एवं भुगतान वाउचर की जांच,भू उपयोग परिवर्तन एवं पट्टों की जांच, मास्टर प्लान व जनरल प्लान को दरकिनार कर किए गए समस्त भू उपयोग परिवर्तन निरस्त करते दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने, प्रशासन शहरों के संग अभियान के लिए गठित एंपावर्ड कमेटी की समस्त बैठकों की बैठक एजेंडे एवं कार्यवाही विवरण की नकल उपलब्ध करवाने, शहरी रोजगार गारंटी योजना के किए गए भुगतान की जांच एवं मौके पर समस्त माप का भौतिक सत्यापन करने की मांग की गई हैं। ज्ञापन के अनुसार नामांतरण, नक्शे की फाइलें लंबित पड़ी है। विद्युत व्यवस्था में चार कर्मचारी लगाकर 15 कर्मचारियों के नाम पर भुगतान उठाया जा रहा है। मांगों पर कार्यवाही नहीं होने पर कांग्रेस पार्षदों मुख्यमंत्री व स्वायत्त शासन मंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देते समय पार्षद नरगिस कायमखानी, शमशाद अली अब्बासी, कैलाश माली, जितेन्द्र बंजारा, सुरेश बंजारा, किरण रैगर, सुनील राज धारु आदि मौजूद थे।

### आरोप निराधार व सत्य से परे

कांग्रेस पार्षदों की ओर से लगाए गए सभी आरोप निराधार व सत्य से परे है। नामांतर व नक्शे की पैंडेंसी जीरों है। पार्षदों की लिखित सहमति के बाद ही सफाई का भुगतान किया गया है। पौधे सरकारी दर पर ही सरकारी नर्सरी से खरीदे गए है। नियमानुसार भुगतान किया गया है। एक भी पौधा प्राइवेट नर्सरी से नहीं खरीदा गया।

*मगनदान चारण, पालिकाध्यक्ष, आबूरोड*

## विश्व नवकार महामंत्र दिवसः जैन समाज के महिला, पुरुषों समेत बच्चों ने भी किया महामंत्र जाप



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में जिनालयों एवं जैन समाज के घरों में बुधवार को विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया गया। जैन समाज के महिला, पुरुषों समेत बच्चों ने नवकार महामंत्र का जाप किया। जिला मुख्यालय पर अर्ध शत्रुंजय देव नगरी सिरोही के जैन वीसी में आयोजन रखा गया। जिसमें शहर के समस्त धर्म प्रेमियों एवं जैन समाज के सकल संघ ने इसमें भाग लिया नवकार मंत्र के जाप से पहले नवकार कलश की स्थापना की गई एवं आचार्य भगवंत ने नवकार मंत्र की महिमा के महत्व को समझाया नवकार मंत्र के समाप्त होने पर समस्त धर्म प्रेमियों की अनुमोदन की गई एवं उन्हें सम्मान पत्र दिया गया। आयोजन सिरोही जैन संघ पेड़ी के आदेश पर महावीर नवयुवक मंडल ने किया। मुख्य लाभार्थी श्रीमती प्रेमलता बाई करणराज चौधरी परिवार का सहयोग रहा। नितेश सिंघवी लाला, योगेश बोबावत, रजनीकांत सोलंकी, आशुतोष पटनी, अश्विन शाह एवं जय विक्रम हरण का भी सहयोग रहा। पावापुरी तीर्थ-जीव मैत्री धाम में जैनाचार्य पूर्वरत्नविजय की निश्रा में चल रही नवपद ओली की आराधना में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर जाप किया गया। जैनाचार्य ने श्रावकों व श्राविकाओं को विभिन्न मुद्राओं से नवकार महामंत्र का संगीतमय जाप व आराधना करवा कर विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की सामूहिक प्राथना की। नवकार महामंत्र के रजत पट्ट को श्रीमती शिल्पा हसमुख पटेल ने पुष्पमाला, रंगोली कर मंगल दीपक से सजाया। जैनाचार्य ने कहा कि यह नवकार मंत्र सुख, शांति, प्रेम, सदभाव व सर्वकल्याण का अचूक महामंत्र है और इस महामंत्र की साधना से जीवन निर्मल बनता है। तीर्थ के मेनेजिंग ट्रस्टी महावीर जैन नवकार महामंत्र दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि जीतो का यह आयोजन देश व विदेशों में उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। पावापुरी तीर्थ-जीव मैत्रीधाम में गुरुवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया जायेगा। मुनिराज पूर्वर|विजय महाराज की निश्रा में प्रातः 8 बजे गाजते-बाजते जन्म कल्याणक का वरघोडा निकलेगा ओर यह वरघोडा पावापुरी चौमुखा जल मंदिर पहुंचेगा जहां सामुहिक चेत्यवंदन होगा। भगवान महावीर का मूल निर्वाण स्थल बिहार पावापुरी में हैं।



## खड़ी गेहूं की फसल जलकर हुई राख



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** पालड़ी एम थाना क्षेत्र के पोसालिया जोयला रोड पर प्रकाश कुमार पुत्र रघुनाथ माली के खेत में लगभग 8 बीघा जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गईं। सूचना पर शिवगंज व पालड़ी एम पुलिस पहुंची मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत से पानी के टैंकर से आग पर काबू पाया।

## ठंडे पानी की अस्थायी प्याऊ का किया शुभारम्भ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** लायंस क्लब शिवगंज-सुमेरपुर द्वारा जल सेवा के तहत अस्थायी प्याऊ का शुभारम्भ किया गया। यह आयोजन शिवगंज के मुख्य बाजार स्थित सिल्वर पैलेस के बाहर हुआ। इस प्याऊ का शुभारम्भ लायन नरेंद्र जैन की अनुशंसा पर किया गया। लाभार्थी परिवार स्वर्गीय नंदाबाई छगनलाल साकलिया शिवगंज/अहमदाबाद की तरफ से यह आयोजन हुआ। क्लब के संस्कार एरिया कोऑर्डिनेटर डॉ रवि शर्मा एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गर्मियों में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए यह जल सेवा शुरू की गई है। लायंस क्लब शिवगंज सुमेरपुर हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है। लायंस क्लब शिवगंज सुमेरपुर लाभार्थी परिवार का धन्यवाद करता है, जिन्होंने इस आयोजन के लिए अपनी सहमति प्रदान की। साथ ही, क्लब के सभी सदस्यों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करता है।

## अस्पताल को मुख्यालय पर यथास्तर रखने को लेकर सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल बनाने व वर्तमान में जहा अस्पताल संचालित है वही पर इसका विस्तार किया करने इसको लेकर नगर के भाजपा, कांग्रेस, विश्व हिन्दू परिषद, व्यापार मंडल, सर्व समाज सेवा समिति, केमिस्ट असोसिएशन पिण्डवाड़ा, शिवसेना, विप्र फाउंडेशन, युवा प्रतिनिधि समाजसेवी नकुल ओझा ने उपखण्ड अधिकारी मनसुख राम डामोर के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया की नगर में भामाशाह की ओर से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिण्डवाड़ा नगरपालिका के पास संचालित है। जहा प्रतिदिन 800 से अधिक ओपीडी होती है फिर भी यह अस्पताल उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत नहीं हुआ है। जिसका निर्माण सन 1944 में कपूरचंद धनाजी नाना वालों ने करवाया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिण्डवाड़ा के लिए अन्यत्र आवासीय बस्ती से दूर जमीन स्वीकृत की जा रही है। जो की नगर से 3 किलोमीटर दूर है व स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए महिलाओ व वृद्धजनों का जाना असंभव है। अतः नगर के सभी समाजसेवी संगठनों व नगर वासियो की मांग है की वर्तमान में जहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। वही एक ही दीवार से सटी हुई मिडिल स्कूल सरकारी विद्यालय है जहा पर्याप्त जगह है व वहा विद्यार्थियों की संख्या भी कम है कुल 17-18 कमरें है व विद्यालय परिसर 22127 फीट फैला हुआ है, इस विद्यालय को अस्पताल के साथ मिलाकर इसी जगह सर्व सुविधायुक्त अस्पताल का विस्तार किया जा सकता है। जिससे आम जन को चिकित्सा सुविधा के लिए दूर नहीं जाना पड़े व आम जन का सरकार व प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहे। पूर्व मण्डल अध्यक्ष महावीर यति ने मौखिक बताया की नगर मे जो जहा है वही पर पुनर्निर्माण करे जगह नही बदले जैसे अस्पताल, बस स्टेशन कि जगह उपखण्ड कार्यालय व पुलिस उप अधीक्षक कार्यलय नगर मे उचित स्थान पर तहसील हैडक्वाटर पर ही बने। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के अशोक रावल, महेश राजगुरु,सर्व समाज अध्यक्ष राकेश वैष्णव, भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष महावीर यति, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अशोक रावल, शिवसेना जिला प्रमुख रमेश रावल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह डाबी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अचल सिंह बालिया, नगर अध्यक्ष सुरेश रावल, पिण्डवाड़ा केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष प्रतापराम प्रजापत, रमेश पटेल, संजय रावल, महेश रावल, दिलीप प्रजापत, विप्र फाउंडेशन ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत रावल नांदिया, प्रताप गुर्जर, नारायण प्रजापत, भाजपा पूर्व महामंत्री रमेश खंडेलवाल, पत्रकार विक्रम राजपुरोहित, पत्रकार प्रीत उपेंद्र, वकील मण्डल से दिनेश गुर्जर, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शक्ति पाल सिंह काबावत, समाजसेवी व रक्त दाता प्रेरक नकुल ओझा सहित समस्त नगर वासी उपस्थित थे।

## रात्रि चौपालः जिला कलक्टर ने सनवाड़ा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को रेवदर के सनवाड़ा एस में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने व अन्य पात्र को भी प्रेरित करने को कहा। कलेक्टर चौधरी ने चौपाल में उपस्थित बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में ऐसा कोई काम नहीं है जो लड़कियां व महिलाएं नहीं कर सकती। पढ़ाई और खेलकूद के माध्यम से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने आमजन को सोशल मीडिया पर बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ सतर्क रहने व मजबूती से खड़ा होने की बात कही। उन्होंने साइबर क्राइम की रोकथाम एवं बचाव के साथ साथ प्रतिमाह आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई बारे में भी जानकारी दी। उपखंड अधिकारी सुबोधसिंह चारण ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली, पशुपालन, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि, समाज कल्याण, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। मनोज नालिया ने बताया कि रात्रि चौपाल में सनवाड़ा सरकारी विद्यालय के छात्र द्वारा हस्तनिर्मित स्क्रेच फोटो भेंट करने पर जिला कलेक्टर ने खुशी व्यक्त कर पारितोषिक ईनाम देकर संबंधित बालक का उत्साहवर्धन किया गया। वहीं रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने एक गर्भवती महिला की गोद भराई कर और एक शिशु का अन्नप्राशन कर समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान भाव रखने की प्रेरणा भी दी। इस दौरान बीडीओ हेमाराम चौधरी सहित संबंधित जिला व उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## निविदाओं का प्रकाशन स्थानीय अखबारों में करने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** पार्षद अर्जुनसिंह पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौपा। पालिका बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार विभिन्न निविदाओं का प्रकाशन स्थानीय समाचार पत्रों में करवाने एवं अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार पालिका कार्यालय द्वारा विभिन्न कार्यों की निविदाएं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होने से आए दिन विवाद हो रहे है। सुनियोजित तरीके से व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए कुछ विशेष निविदाए स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होती है। ऐसी निवेदाएं सौ, दो व पांच सौ किमी दूर के समाचार पत्रों में प्रकाशित होती है। जिससे स्थानीय ठेकेदारों, फर्मों एवं सप्लायरो को जानकारी ही नहीं मिल पाती है। कई बार टेंडर अपलोड करने के बाद उनको डिलीट कर दिए जाने के भी आरोप लग रहे हैं। विशेषकर सीमित निविदाओं के मामले में चुनिंदा लोगों के आज तक कोई भी अन्य व्यक्ति सीमित निविदाओं में भाग नहीं ले सका है। टेंडर में स्पष्ट पारदर्शिता नहीं होने से मिलीभगत व अनियमितता चरम पर है। करीब दो माह पहले हुई पालिका बोर्ड की बैठक में भी यह मामला उठा था। सर्व समिति से निर्णय लया गया था कि निविदाओं का प्रकाशन स्थानीय समाचार पत्रों में करवाकर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करवाया जाए। इसके बाद भी मंडल के निर्णय की पालना नहीं की जा रही है। ज्ञापन में पालिका द्वारा जारी कोई भी निविदा स्थानीय स्तर पर प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों में अनिवार्य रूप से प्रकाशित करवाने, निविदा अपलोड होने से संपन्न होने तक पोर्टल पर प्रदर्शित रहने, निविदाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका की पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मों, सप्लायरों आदि ऐसे लोगों का एक व्हाट्सएप समूह बनाकर ओनली एडमिन पर रखने, व्हाट्सएप पर पालिका द्वारा जारी की जाने वाली समस्त निविदाएं, अल्पकालिक निविदाएं, सीमित निविदाएं अन्य सभी निविदाए जारी करने के दिन ही शेयर करने के लिए कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर पाबंद करने की मांग की गई हैं। इस विषय में पालिकाध्यक्ष चारण ने कहा की निविदा संवाद के माध्यम से प्रकाशित की जाती है। फिलहाल, इस बारे में अधिशासी अधिकारी को पाबंद किया गया है कि वह जिले के स्थानीय अखबारों में ही निविदाएं प्रकाशित करे।

# भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी : देवासी

## भाजपा सिरोही-शिवगंज विधानसभा क्षेत्र का सम्मेलन आयोजित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के एक होटल में मंगलवार को भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर सिरोही-शिवगंज विधानसभा सम्मेलन का आयोजन जिलाध्यक्ष रक्षा भंड़ारी की अध्यक्षता, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी एवं सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश दवे, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़ व कार्यक्रम



के जिला संयोजक नरपतसिंह राणावत के सानिध्य में किया गया। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। जो देशहित को सर्वोपरि मानती है। राजस्थान की भजनलाल सरकार सिरोही जिले के लिए ऐतिहासिक बजट दिया है। भाजपा कार्यकर्ता उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और जनता को भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में बताये। राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा और नीति को जन-जन तक पहुंचाएं और नकारात्मकता को दरकिनार कर संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने संगठनात्मक एकता और समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने कहा की स्थापना दिवस हमारे लिए एक नई प्रेरणा लेकर आता है। यह दिन हमें अपने मूल्यों की याद दिलाता है और देश के प्रति समर्पण को दोहराने का अवसर देता है। उन्होंने केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष रक्षा भंड़ारी ने कहा कि भाजपा की जन-जन के बीच सबसे लोकप्रिय और आदर्श राजनीतिक संगठन के रूप में पहचाना जाता है। भाजपा एक ऐसी यात्रा है जो दृढ़ संकल्प, निष्ठा, निरंतरता और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण के साथ आगे बढ़ती जा रही है। डॉ भंड़ारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, हमारे लिए ये एक परिवार है, एक विचार है, जिसने हमें जनसेवा का मार्ग दिखाया। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश दवे, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल सगरवंशी, जुजार सिंह व दिलीपसिंह मांडणी ने सम्बोधित किया। जिला संयोजक नरपतसिंह राणावत ने इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि कार्य म की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेकर की गई। जिला सहसंयोजक अरुण ओझा ने मंच संचालन किया।

## मत्स्य कृषि के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत मत्स्य विकास की ओर से मंगलवार को टीएसपी क्षेत्र के निचलागढ़ एवं उपलागढ़ में मत्स्य कृषि के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को जलीय कृषि के लिए प्रोत्साहित किया। मत्स्य विकास अधिकारी डॉ. राजूराम ने बताया कि इच्छुक कृषकों से योजना के तहत आवेदन प्राप्त कर मत्स्य पोंड के लिए जीओ टैगिंग भी की गई। इस योजना के तहत टीएसपी क्षेत्र के जनजाति कृषकों को मत्स्य पोंड निर्माण के लिए 90 प्रतिशत तक का अनुदान देय होता है। जिससे इन कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ आजीविका में वृद्धि की जा सके।

## कार्यशाला आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** व्यापार में कर प्रक्रिया के सरलीकरण को लेकर बुधवार को वाणिज्यिक कर विभाग की ओर से आइटीएमएस इ-टैक्स ऑफिसर मोड्यूल की जानकारी को लेकर संयुक्त आयुक्त वाणिज्यिक कर अधिकारी की उपस्थिति में कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक आयुक्त हिन्दुसिंह ने बताया कि राज्य सरकार की मंशानुसार व्यापारियों के हित में कर प्रशासन को सुगम, सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाना है। जिसका उदेश्य करदाता की टैक्स कम्प्लॉयन्स को आसान बनाना है। इसी के साथ इस मॉड्यूल के की ओर से करदाता की टैक्स कम्प्लॉयन्स की रेटिंग का आंकलन होगा। मासिक रिटर्न में इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित त्रुटियों से भी करदाताओं को समय समय पर अलर्ट के माध्यम से अवगत करवाया जाएगा। हेमन्त कुमावत एवं हिमांशु कुमार कर सहायक का सहयोग रहा।

## मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** चोटिला के पास स्थित मीणा समाज के गौतम ऋषि महादेव का मेला 13 से 15 अप्रेल तक आयोजित होगा। जिला मजिस्टेट अल्पा चौधरी ने एक आदेश जारी कर इस मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाने के लिए शिवगंज के उपखंड मजिस्ट्रेट को मेला मजिस्ट्रेट एवं सहयोग के लिए तहसीलदार को सहायक मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

## सरिता का वासा आने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

### स्वास्थ्य सेवा में बेहतर कार्य करने पर सीएम ने किया था सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रोहिडा।** वासा के उप स्वास्थ्य केंद्र की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सरिता डिडेल को उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वास्थ्य दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हाथों सम्मानित होने के बाद वासा आने पर ग्रामीणों ने चुनड़ी ओढ़ा कर माल्यार्पण कर स्वागत किया। ग्रामीणों ने एएनएम सरिता के अच्छे कार्यो की प्रशंसा की। वासा सरपंच प्रभुराम हीरागर, मफतलाल दवे, किरीट शुक्ला, सुधीर अग्रवाल, अनिल दवे, विक्रम प्रजापत, दूसरा दशक एनजीओ से हंसराज, निलेश घांची, समीर प्रजापत, कंचन प्रजापत, सहदेव चौधरी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय देवनारायण आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बालिकाओं को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के प्रति जागरूक करना और उन्हें उनके अधिकारों, संभावनाओं तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना था। शिविर में बाल अधिकारिता विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस विभाग, तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रामदेव सांदु की अध्यक्षता में किया गया। शिविर की शुरुआत बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित ने किया। उन्होंने शिविर की रूपरेखा एवं उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बाल विवाह की सामाजिक बुराइयों, इसके दुष्परिणामों और इससे जुड़ी मानसिक एवं शारीरिक क्षति के बारे में जानकारी दी। बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती शशिकला मरडिया ने बालिकाओं को सजग रहने, अपने अधिकारों को पहचानने और किसी भी प्रकार के सामाजिक दबाव के विरुद्ध साहसिक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती अंकिता राजपुरोहित ने बालिकाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनने की आवश्यकता पर बल दिया।



बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सुश्री रतन बाफना ने बालिकाओं को शिक्षा की ओर निरंतर बढ़ते रहने और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सोमेश्वर देवड़ा ने बाल विवाह से संबंधित कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। शिविर के अध्यक्ष रामदेव सांदु ने बालिकाओं को उनके जीवन में सजग और सतर्क रहने का संदेश दिया। सांदु ने बालिकाओं के मध्य एक रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। जिसमें सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया बाल कल्याण समिति के सदस्य प्रतापसिंह नून, पुलिस बाल कल्याण अधिकारी उदाराम, संरक्षण अधिकारी कन्हैयालाल, चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर मनोहरसिंह, आवा संस्था से त्रिदेव वैष्णव, प्रिंससिंह एवं हिमांशु प्रमुख रूप से शामिल हुए। मंच संचालक व्याख्याता कार्तिके शर्मा ने किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नरेश जीनगर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शिविर में 123 मरीजों की जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** डोडूआ में तारा इंस्टिट्यूट ओपन व एसोसिएट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान निःप्रवेश उत्सव परीक्षण शिविर हुआ। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ आशा शर्मा ने मरीजो से पूछताछ कर सलाह दी। वही स्वास्थ्य कर्मचारी हनी ने अंक मारिजों को चश्मा और दवा वितरण की जानकारी दी। शिविर प्रभारी नटवरसिंह ने बताया कि 123 लोगों की जांच में पुस्तिका लाभार्थियो का यूके तारा संस्था में उपचार किया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय हनी ने दवा वितरण की जानकारी दी गई। गिरिजा कंवर ने संस्था की टीम का कार्यभार संभाला।

## गौतम ऋषि मेले की समीक्षा बैठक में अस्थाई पुलिस चौकी हटाकर 200 मीटर दूर लगवाने पर बनी सहमति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** चोटीला के गौतम ऋषि मेले की व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को ाज्य मंत्री ओटाराम देवासी, कलेक्टर अल्पा चौधरी, एडीएम दिनेश राय सापेला, एएसपी प्रभुलाल धानिया, भाजपा निलाध्यक्ष रक्षा भंडारी व एसडीएम नीरज मिश्र की उपस्थिति एवं मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रता राम मीणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। समाज के पंचों की मांग पर अस्थाई पुलिस चौकी पुरानी - जगह से हटाकर 200 मीटर पहले लगवाने एवं मेले के बाद सहमति से श्मशान मामले के निस्तारण की सहमति प्रदान की। मेला स्थल पर बिजली, जलापूर्ति, चिकित्सा, यातायात समेत विभित्र व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रारंभ में गौतम ऋषि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रताराम मीणा ने कहा कि मेले का विस्तार होने से समाज के लोगों की भावना के अनुरूप अस्थाई पुलिस चौकी हटाकर मेले के बाहर स्थापित की जाए। डीएसपी पुष्पेंद्र वर्मा ने पुरानी जगह को कानून व्यवस्था के लिए सुरक्षित बताया। समाज के लोग संतुष्ट नहीं हुए तो राज्य मंत्री देवासी ने कलेक्टर व एएसपी से वार्ता की। बाद में उन्होंने कहा कि अस्थाई चौकी को पुरानी जगह से 200 मीटर दूर लगवा दी जाएगी। इसके लिए मंदिर ट्रस्ट की ओर से ज्ञापन दिए। इस घोषणा से राजी हुए मीणा समाज के पंचों ने भूरिया बाबा के जयकारे लगवाए। कुछ देर में ट्रस्ट अध्यक्ष मीणा ने कलेक्टर को इस बारे में ज्ञापन भी दिया। गौतम ऋषि मंदिर के पास स्थित सुकड़ी नदी में मेले का हाट बाजार सजना शुरू हो गया है। पहाड़ियों के बीच से गुजर रही सुकड़ी नदी में 3 किमी के दायरे में मेला लगता है। मेले के बाहर यातायात व्यवस्था के लिए 9 पॉइंट निर्धारित किए, जहां वर्दीधारी पुलिस जवान तैनात रहेंगे। बैठक में समाज के पंचों ने बताया कि मेला स्थल के निकट श्मशान के लिए भूमि आवंटित है। उसे हटाकर मेले से दूर नई जगह आवंटित किया जाए। पहले तहसीलदार श्यामसिंह चारण से जानकारी लेकर राज्य मंत्री देवासी ने बताया कि 2021-22 में भूमि आवंटित की है। मेले के बाद दोनों पक्षों की सहमति से दूसरी ऋषि महादेव मंदिर की पूर्व दिशा से अधिक पश्चिम दिशा की ओर मेला सजता है। बैठक में शिवगंज से एक बस चलाने व 2 मिनी बसें चलाने का आग्रह किया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि किसी के पास मिनी बसें है तो उन्हें मेला रूट के लिए विभाग से अनुमति पत्र जारी कर दिया जाएगा। पालिका ईओ विनीता कुमावत ने बताया कि शिवगंज व सिरोही नगर परिषद के दो अग्निशमन वाहन व पुलिस कर्मियों के लिए एक मोबाइल शौचालय मेले में भेजे जाएंगे। बैठक में मेलार्थियों की सुविधा के लिए जगह भूमि आवंटित करवा दी जाएगी। भूमि की चारदीवारी का निर्माण भी विधायक कोष से करवाया जाएगा। मेला मार्ग पर आने वाले शराब के ठेके तीन दिन बंद रहेंगे। पुलिस जिले में मीणा समाज के 250 पुलिस अधिकारी व सिपाही है। उनकी ड्यूटी मेले में रहेगी और वे सिविल ड्रेस में होंगे। गौतमऋषि आने वाले रास्ते में जो टोल आते है उनको फ्री करवाने की मांग की है। इस पर राज्य मंत्री देवासी ने समाज के पंचों को इस बारे में टोल नालों के अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया है। समाज के पंचों ने मंदिर ट्रस्ट के हाल ही में करवाए चुनाव को लेकर एडीएम दिनेश राय सापेला व शिवगंज एसडीएम नीरज मिश्र की सराहना की। बैठक के बाद राज्य मंत्री ओटा राम देवासी, कलेक्टर अल्फा चौधरी व भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने मंदिर पहुंचकर गौतम बाबा व गंगा मैया के दर्शन किए।

## जीवन में बड़े परिवर्तन ला सकते हैं छोटे-छोटे प्रयास : राजपुरोहित

### राजपुरोहित सेवा सस्थान की प्याऊ का शुभारंभ




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिलदर।** भीषण गर्मी में लोगों व राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए भामाशाह एवं समाजसेवी जगह.जगह प्याऊ लगा रहे है। ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को पीने के लिए ठंडा पानी मिले, इसके लिए मटके तथा कैंपरों की व्यवस्था की जा रही है। सिलदर में भी राज पुरोहीत सेवा सस्थान की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्याऊ लगवाई है। प्याऊ का शुभारंभ बुधवार को रामसिंह देवड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश माली, उप सरपंच महिपालसिंह देवड़ा ने किया। राज पूरोहित सेवा सस्थान के उपाध्यक्ष रमेश फोदर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा सस्थान का गठन आमजन एवं वन्यजीवों की सेवा के लिए किया है। गांव समेत आस-पास में भी सेवा कार्यों के लिए संस्थाना हमेशा आगे रहती है। ऐसे में जीवन में छोटे छोटे प्रयास भी जीवन में कभी भी बड़े परिवर्तन लाते है। इस दौरान राज पुरोहीत सेवा सस्थान के हर वर्ग के युवा मौजूद रहे। प्याऊ में शीतल पेय की उचित व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन साफ सफाई के साथ इसका संचालित किया जाएगा। आगामी दिनों में और भी जलसेवा केन्द्रों का संचालन किया जाएगा। प्रताप पुरोहीत सिरोड़की ने पूजा अर्चना करवाई। नगाराम चौधरी, सावलाराम राव, रणजीतसिंह राजपुरोहित, जितेंद्रसिंह राजपुरोहित, ललित, राजेंद्र पुरोहित, हीरालाल पुरोहित, रमेश कुमार पुरोहित, माधुराम पुरोहित, मांगीलाल, भूराराम पुरोहित, भोपाराम पुरोहित, उनाराम पुरोहित, सुखदेव पुरोहित एवं अर्जुन पुरोहीत समेत कई जने मौजूद थे।

## वार्षिकोत्सव तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतावाड़ा का वार्षिकोत्सव तथा पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार गंगाधाम के विजय योगी महाराज की निश्रा में मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगसीराम कोली की अध्यक्षता रही। चंपक शाह का मुख्य आतिथ्य रहा। समारोह में नायब तहसीलदार जब्बरसिंह देवड़ा, थानाधिकारी रविंद्रपालसिंह राजपुरोहित, लाखाराम, पाबूराम देवासी तथा डॉ. शारदा बेन अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता लखाराम चौधरी, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, चंपक शाह, विद्यालय के संरक्षक तथा मां सेवा सरस्वती ट्रस्ट के संस्थापक प्रवीण भाई शाह ने संबोधित किया। म प्रधानाचार्य गमनाराम कुम्हार, प्रकाश चौधरी, जीवाभाई चौधरी, टीकमजी राजपुरोहित, नारायणसिंह राठौड़, दिनेश चौधरी, खंगाराराम चौधरी, त तथा रणजीतसिंह स हाजाराम मौजूद रहे।

## पब्लिक लैंड प्रोटेक्शन सैल मीटिंग का आयोजन

*» उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ पीएलपीसी बैठक का आयोजन*

*रेवदर के पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई बैठक*

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** उपखण्ड अधिकारी सुबोधसिंह चारण की अध्यक्षता में रेवदर के पंचायत समिति सभागार में बुधवार को पीएलपीसी बैठक का आयोजन हुआ। पब्लिक लैंड प्रोटेक्शन सैल पीएलपीसी की बैठक में उपखण्ड अधिकारी सुबोध सिंह चारण ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर अति मण हटाने के लिए संबंधित सभी प्रकरणों को पंजीबद्ध कर कानूनी कार्यवाही की जावे। उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण ने मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में संपूर्ण उपखंड में हड़मतिया रायपुर, मारोल, मंडार, वासन व पोसितरा क्षेत्रों में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण सम्बंधित प्रकरण प्रस्तावित है जिनके खिलाफ जल्दी ही कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में एसएचओ रेवदर सीताराम, एसएचओ मंडार रविन्द्रपाल सिंह, रेवदर नायब तहसीलदार पुखराज रावल, अतिरिक्त बीडीओ भरत सिंह वाघेला, हरीश प्रकाश सोनी सहित सम्बंधित सभी क्षेत्रों के सरपंच प्रशासक, पटवारी, वीडियो आदि की उपस्थिति रही। यह जानकारी उपखंड अधिकारी कार्यालय के मीडिया प्रभारी मनोज नालिया द्वारा दी गई।



## जेल भरो आंदोलन सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा की ओर से बुधवार को वामन मेश्राम के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय संयोजक बहुजन क्रांति मोर्चा के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर एडवोकेट सुंदरलाल मौसलपुरिया के नेतृत्व में लोकतंत्र एवं मताधिकार के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए चुनाव प्रक्रिया में सुधार करने तथा इवीएम को हटाकर बैलट पेपर पर चुनाव करवाने के समर्थन में जेल भरो आंदोलन किया गया। आंदोलन में भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आसूराम लूनिया, बहुजन मुक्ति पार्टी जिलाध्यक्ष भगवानराम बादला, बामसेफ प्रचारक मदन लाल चौहान, बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के जिला संयोजक राधेश्याम बौद्ध, क्षत्रिय मूलनिवासी महासंघ राष्ट्रीय महासचिव समन्वय राजेंद्रसिंह परमार, बीबीएफ संभाग प्रभारी विष्णु मोहरेशा, भैराराम, पोपटलाल राठौड़, नगाराम परमार जावाल, मांगीलाल ओडा, डॉ सी पी मकवाना, रणछोड़ राम चौहान, नवाराम सूर्याल, त्रिजा देवी, सुश्री दीक्षा, गौरव मोसलपुरिया आदि मौजूद थे।

# काटली नदी संरक्षण के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को दिया ज्ञापन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में काटली नदी को पुनर्जीवित कर इसे संरक्षित करने की मांग का ज्ञापन दिया गया। सरस्वती रूरल एंड अरबन डवलपमेंट सोसाइटी झुंझुनूं की ओर से चलाए जा रहे काटली नदी बचाओ जन अभियान के संयोजक एवं संस्था के मंत्री सुभाष कश्यप के नेतृत्व में सांसद मदन राठौड़ को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से राज्य के शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, झुंझुनूं व चूरू जिले की जीवन रेखा काटली नदी को विलुप्त होने से बचा कर इसे पुनर्जीवित करने के साथ राज्य के सभी नदी नालों, तालाब, पोखर, बावड़ी आदि के संरक्षण के लिए नदी एवं जल संरक्षण आयोग गठन का आग्रह किया है। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को हस्ताक्षर कर ज्ञापन देने वालों में चूरू जिले के पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. पंकज गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री श्रवण सोनी देवाल, शंखनाद फाउंडेशन के अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, नीरज वशिष्ठ उचैन, डॉ. शायर सिंह शेखावत बामलास, मोहनसिंह मेहरा टोंक, धनसिंह कश्यप केड, किसान मोर्चा राजस्थान कार्यालय प्रभारी भवानीसिंह बारेठ, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विक्रम सैनी, झुंझुनूं जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, रूपनारायण सांगानेर, मोहरसिंह ककराना, अनिल पारीक गुड़ा, परमेश्वर सारस्वत, सुनील परासर, बीकानेर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रेम सारस्वत, रोहिल चतुर्वेदी जयपुर इत्यादि प्रमुख भाजपा नेता थे। काटली नदी बचाओ अभियान संयोजक सुभाष कश्यप ने बताया कि काटली सहित राजस्थान की विलुप्त हो रही नदी नालों व जल स्रोतों को बचाने के लिए बड़े स्तर पर शेखावाटी क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है तथा सरपंच, निकाय जनप्रतिनिधि, तहसीलदार, उपखण्ड अधिकारी, जिला कलेक्टर, विधायक, सांसद, मंत्री, जिला प्रमुख व सभी सरकारी विभागों के अधिकारी आदि के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। आमजन जन जागृति लाने के लिए प्रचार प्रसार एवं नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएंगी।

# कलेक्टर ने जलदाय विभाग के साथ शहर का किया निरीक्षण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज सुबह जलदाय विभाग की टीम के साथ पेयजल सप्लाई और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुराने मोहल्लों में लोगों ने पानी की पूर्ति नहीं होने और सफाई भी अधूरी होने की शिकायत की। कलेक्टर ने कंपनी बाग के गेट नंबर 3 के आस-पास, मन्नी का बड़, नरूका कॉलोनी बस स्टैंड, शिवाजी पार्क 5 क,दिल्ली दरवाजा क्षेत्र, विकास पथ एवं यूआईटी के आसपास के क्षेत्रों में जाकर पेयजल आपूर्ति व साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और आमजन से फीडबैक लिया। पुराने मोहल्लों में सफाई करने के बाद पूरा कचरा नहीं उठाने की शिकायत की गई। वहीं पानी की आपूर्ति भी कई जगहों पर पर्याप्त नहीं मिली। इसके बाद कलेक्टर ने मौके पर जिम्मेदार अधिकारियों से आमजन को रूबरू कराया। यह भी कहा कि आगे से कोई परेशानी आए तो अधिकारी को फोन करना। कलेक्टर ने कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुचारु पेयजल आपूर्ति के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा जलदाय विभाग की टीम नियमित तौर पर फील्ड में रहेगी। कार्यालय में आमजन की परिवेदानाओं को सुनकर उसका निदान किया जाए। कहीं पर राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन हैं तो उनको हटाया जाए।

# एनएसयूआई ने नशा छोड़ो संकल्प के साथ स्थापना दिवस मनाया



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** बुधवार को छात्र संगठन एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर जिला महासचिव सुशांक चौधरी एवं छात्र इकाई अध्यक्ष हेमलता के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं में क्लीन कैंपस ग्रीन कैंपस अभियान के तहत महाविद्यालय की सफाई की एवं पौधारोपण किया। कॉलेज कमेटी महासचिव साहिल चायल ने छात्र छात्रों को नशा छोड़ने की शपथ दिलाई। कॉलेज कमेटी उपाध्यक्ष अरमान खत्री के नेतृत्व में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए एवं महाविद्यालय में छात्र छात्रों के साथ प्रसाद वितरण किया। हेमलता ने बताया कि यह हम सबके लिए खुशी की बात है कि हम एक ऐसे छात्र संगठन के सदस्य है जो छात्रसंघ चुनाव हो या ना हो। लेकिन हर वक्त विद्यार्थी हितों के लिए लड़ाई लड़ते है। इस दौरान प्रदेश सचिव पंकज देग, रेनी शर्मा, काव्या, इमरान, झुंझुनूं जिला महासचिव साहिल सैय्यद, जिला सचिव सरफराज, जिला उपाध्यक्ष अक्षय जाट, जिला कोर्डिनेटर कपिल पूनियां, उदयपुरवाटी विधानसभा अध्यक्ष अंकित सनोदिया, लोकेश मीणा, सचिन सैनीपुरा, गणेश, महेश, आकाश, जिला कमेटी के पदाधिकारी एवं कॉलेज कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# झुंझुनू पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में सुनाया फैसला

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनू पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आरोपी देवीपुरा बणी निवासी कैलाश कुमार को 20 साल कारावास व एक लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह भाम्बू बताया कि 10 अक्टूबर 2020 को नाबालिग की मां ने उदयपुरवाटी थाने में रिपोर्ट दी थी कि 9 अक्टूबर को सुबह वह लावणी करने खेत में गई थी। शाम को वह घर आई तो उसकी 14 वर्षीय पुत्री ने बताया कि वह टंकी पर पानी की बाल्टी भरने गई थी। वहां से कैलाश उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर उसे नवलगढ़ ले गया। खिरोड़ में सूनसान जगह में बुरा काम किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी कैलाश कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में अपहरण, बलात्कार व पोक्सो में चालान पेश किया। सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह भाम्बू ने इस्तगासा पक्ष की ओर से 15 गवाह व 41 दस्तावेज पेश किए। न्यायाधीश ने कैलाश कुमार को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी मानते हुए अपने निर्णय में लिखा कि आरोपी का अपराध गंभीर प्रकृति का होने के साथ-साथ नैतिक व सामाजिक वातावरण को विपरित रूप से प्रभावित करने वाला है। न्यायालय ने आरोपी को धारा 366 में भी सात वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपए जुर्माना तथा धारा 363 में आरोपी को पांच वर्ष का और कठोर कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए सभी मूल सजाएं साथ-साथ चलेगी तथा जुर्माने की राशि एक लाख रुपए पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए। जुर्माना अदा नहीं करने पर दो वर्ष का और अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

# फैक्ट्री में भरे पानी में डूबे दो सगे भाई, मौत

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर में पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री में 6 फिट भरे पानी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे की है। एक बच्चे ने अलवर के इसआईसी हॉस्पिटल और दूसरे ने जयपुर में दम तोड़ दिया। एक की उम्र 3 साल और दूसरे की केवल डेढ़ साल थी। मामला उद्योग नगर थाने का है। हादसे में



दिवांशु उर्फ विक्की (3) और अंकुश राज (डेढ साल) पुत्र दिलीप साहनी निवासी शेखपुरा बिहार की मौत हुई है। बच्चों के चाचा श्रवण कुमार ने बताया- पाउडर बनाने की फैक्ट्री भारती मिनरल में काम कर रहे थे। वहीं परिसर में पानी का कुंडा बना हुआ था। जिसमें कई फीट पानी था। वहां खेलते हुए बालक दिवांशु उर्फ विक्की (3) और अंकुश राज (डेढ साल) पुत्र दिलीप साहनी निवासी शेखपुरा बिहार गिर गए। जिससे एक बालक ने कुछ घंटे बाद ही इसआईसी मेडिकल कॉलेज एमआईए अलवर में दम तोड़ दिया। दूसरे बालक को जयपुर रेफर किया गया था। जिसने रात करीब दो बजे दम तोड़ दिया। अब जिला अस्पताल जयपुर से दूसरे मृतक बालक के आने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। चाचा ने बताया कि बच्चों के पिता दिलीप कुमार पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री में करीब 10 दिन पहले से ही काम करने लगा है। वह फैक्ट्री में परिवार के साथ रहता है जबकि दिन में दिलीप काम में लगा था। उसके बालक विक्की ओर अंकुश राज फैक्ट्री में खेल रहे थे। तभी फैक्ट्री में करीब 6 फुट गहरे पानी के कुंडे में गिर गए। कुछ देर तक बालक मिलने नहीं। इसके बाद पानी के कुंडे पर निगाह गई तब एक दिखा। फिर तत्काल फैक्ट्री में कार्य करने वाले श्रमिकों ने बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। विक्की की ईएसआईसी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अंकुश राज को गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दि। जहां रात को इलाज के दौरान दूसरे बालक ने भी दम तोड़ दिया।

## छात्राओं को दी विदाई

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों आयोजित की गई। बीए अंतिम वर्ष की राधिका मिस फेयरवेल तथा बीएससी अंतिम वर्ष की मोनिका मिस ब्यूटीफुल चुनी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के भामाशाह सेठ विश्वनाथ टीबड़ेवाला ने शिरकत की।

# भगवान महावीर स्वामी व महात्मा ज्योतिबा फूले का जीवन प्रेरणादायक : भारतीय



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनड़ी की प्रार्थना सभा में भगवान महावीर स्वामी व समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया व बच्चों को इनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज भारतीय ने बतलाया की भगवान महावीर स्वामी एक राजकुमार होकर विषय वासना और भोग लिप्सा से दूर रहे। अपनी सारी सम्पत्ति दान कर तपस्या एवं संयम के माध्यम से पूरे विश्व को अहिंसा और अपरिग्रह का संदेश दिया। यद्यपि भारतीय संस्कृति में अहिंसा की बात महाभारत एवं रामायण काल से होती आई है, हिंसा को रोकने के लिए श्रीकृष्ण स्वयं दूत बनकर दुर्योधन के पास गए । भगवान राम ने भी हिंसा को रोकने के लिए रावण के दरबार में अंगद को दूत के रूप में भेजा, हिंसा को त्याज्य माना। महावीर स्वामी ने अहिंसा को जीवनचर्या में ढालकर और अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया। महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज के वंचित व पिछड़े लोगों कोआगे बढ़ाने व भेदभाव समाप्त करने के लिए पुरजोर प्रयास किया । शिक्षा के माध्यम से उन्हें आगे बढाया । प्रार्थना सभा में उपाचार्य रामनिवास गोदारा, दयाराम भांभू ने भी सम्बोधित किया। विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों योगेश बराला के सेना में चयन होने व मनीष बराला के भारतीय रेल्वे में चयन होने पर सभी स्टॉफ सदस्यों ने खुशी जताई।

# ओमप्रकाश व्यास को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष बनाने पर दी बधाइयां

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** श्रीमाधोपुर शहर के जाने-माने प्रमुख समाजसेवी जटाशंकर व्यास के सुपुत्र ओम प्रकाश व्यास मानव अधिकार एवं वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट को बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रपति के अनुमोदन के बाद दिल्ली के उप राज्यपाल के आदेश से सचिव



महिला एवं बाल विकास ने आदेश जारी किया। बाल कल्याण समितियों के लिए चयनित अध्यक्ष ओम प्रकाश व्यास किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 और किशोर न्याय (बालकों की देख रेख और संरक्षण मॉडल नियम, 2016 द्वारा प्रदत सभी शक्तियों व कर्तव्यों का निर्वहन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में बच्चों के देखभाल की आवश्यकता और संरक्षण हेतु कार्य करेंगे तथा उनके पद की अवधि इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से तीन वर्षों तक होगी। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमुख समाजसेवी ओम प्रकाश व्यास की नियुक्ति पर सोनी अस्पताल के निर्देशक प्रमुख समाजसेवी डॉ रामावतार सोनी, पुलिस थाना अधिकारी सीआई राजेश सिहाग, जैन अस्पताल निदेशक डॉ विनोद अग्रवाल एवं सेवा भावी एम डी सुरेंद्र शर्मा पारीक आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।

# नवकार महामंत्र सर्वशक्ति संपन्न सिद्ध मंत्र : साध्वी विद्यावती



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** नवकार महामंत्र सर्व शक्ति संपन्न मंत्र है। यह दिव्य आत्माओं के स्मरण का वह मंत्र है जो आत्म शक्तियों को जागृत करता है। उक्त विचार आचार्य महाश्रमण की वयोवृद्ध शिष्या शासनश्री साध्वी विद्यावती ने उदबोधन देते हुए बुधवार को व्यक्त किए। अंतर्राष्ट्रीय नवकार मंत्र आराधना समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी ने कहा कि नवकार मंत्र के अनुष्ठान के लिए किसी प्रकार की कर्म कांड की आवश्यकता नहीं होती। समर्पित श्रद्धा भावना से इसका जप और ध्यान ही सिद्धि दायक हो सकता है। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा सादुलपुर की ओर से सेठिया भवन में आयोजित सामूहिक धर्मायोजन में दोनों क्षेत्रों के तेरापंथी श्रावक श्राविकाओं के अलावा अन्य वर्गों के श्रद्धालु भी शामिल हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8:01 बजे यह अनुष्ठान शुरू हुआ जो 9:35 बजे तक चला। इसके बाद उद्बोधन कार्यक्रम भी हुआ जिसमें मुख्य वक्ता साध्वी सूर्य प्रभा ने नवकार मंत्र महामंत्र महातम्य की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि आदि और अंत एक ही अनुनाशिक शब्द का यह मंत्र है, ऐसा अन्य कोई मंत्र नहीं है। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी ने इस कार्यक्रम में भागीदारी निभाने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का आभार जताया। उन्होंने अध्यात्म प्रेरक गीतिका की भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को साध्वी दिव्य प्रभा, युवा साध्वी प्रशस्त प्रभा सहित वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन आदि ने भी संबोधित किया। सभा के मंत्री विनोद कोचर, तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद दुगड़, मंत्री किशन धाडेवा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष श्रवण कोचर, तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष प्रेम कोचर मंत्री उषा दुगड़, राजगढ़ मंडल की अध्यक्ष रेखा मुसरफ पूर्व अध्यक्ष सरोज श्याम जैन सहित युवा कार्यकर्ता संदीप घोड़ावत, नवीन सेठिया, अभिषेक एवं प्रमोद सरावगी,श्याम सिकरवाल, सुशील भक्त सरावगी, हुबली से आए हुए गौतम बागरेचा मंजुला एवं लूणी देवी आदि की भी आयोजन में भागीदारी रही।

# आपसी भाईचारे का प्रतीक बैसाखी पर्व पर आयोजित होगा बैसाखी मेला



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अतुल्य श्री पंजाबी समाज अलवर, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा अलवर, समस्त पंजाबी समाज अलवर द्वारा आपसी भाईचारे का प्रतीक बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक बालकिशन आहूजा ने बताया कि मनोरंजन एवं रोमांच से भरपूर भव्य बैसाखी मेले का आयोजन 13 अप्रैल रविवार को होटल स्वरूप विलास पैलेस में शाम 5:00 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कुमार बैरी अखिल भारतीय अधिकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अनुराग सरीन ज्वॉइंट कमिश्नर स्टेट जीएसटी जयपुर होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मुकेश अरोड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल पंजाबी समाज करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि अमित छाबड़ा अध्यक्ष राष्ट्रीय पंजाबी महासभा अलवर एवं अभिषेक तनेजा होंगे। कार्यक्रम में आकर्षक स्टालें रंगारंग कार्यक्रम गेम्स, बच्चों के लिए झूले, भूल भुलैया, भव्य आतिशबाजी, गिद्दा पार्टी, ड्रोन स्क्रीनिंग, एनिमल राईडिंग, पंजाबी सिंगर, एवं लजीज व्यंजन की स्टालें भी रहेगी। वहीं कार्यक्रम में पंजाब की भांगड़ा पार्टी आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा 7 मेला संयोजक पंकज मल्होत्रा नें बताया की इस अवसर पर समाज के बुजुर्गो व प्रशासनिक शीर्ष पदों पर अलवर मे सेवा दे रहे पंजाबियों को कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि बनाया जायेगा 7 राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के उपाध्यक्ष राजू धवन नें बताया कि कार्यक्रम कि सफलता हेतु 11 टीम आयोजक कमेटी कि बनाई गयी हैं जो लगातार विगत 7 दिवस से जिले भर के अधिकतम पंजाबी परिवारों तक पहुंच कर उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण पंहुचा रही हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय पंजाबी महासभा अध्यक्ष अमित छाबड़ा ने बताया कि बैसाखी मेले की भव्यता के लिए प्रोफेसर संजय दरगन, सौरभ कालरा,सुनील आहूजा, विशाल चौधरी, प्रमोद मेहता, किशोर गांधी, संदीप आहूजा, अभिषेक आहूजा, वैभव मेंहदीरत्ता,पवन सोनी, विशाल जासूजा, मधुर हर्ष भाटिया, अमित लौटा आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण से पृथ्वी हरी भरी रहती है : जांगिड़

**सादुलपुर।** पर्यावरण का संरक्षण सिर्फ हमारा करते हुए ही नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है प्रधान विक्रम पाल जांगिड़ ने कोर्ट परिसर पर पौधारोपण के दौरान कहीं उन्होंने कहा कि सभी को गांव-गांव नगर-नगर पौधारोपण उत्सव मनाते रहना चाहिए ताकि प्रकृति हरी भरी रहे जांगिड़ ने कहा कि पौधारोपण करने से पुण्य का कार्य हमारे जीवन में जुड़ जाता है इसलिए समय-समय पर प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण करते रहना चाहिए। इस दौरान एडवोकेट मनोज पचार ने कहा कि आज आधुनिकता के जमाने में अत्यधिक संख्या में वृक्षारोपण करना होगा जिससे पृथ्वी पर ऑक्सीजन की कमी ना रहे। उन्होंने कहा कि लगाना एक बहुत बड़ा परोपकार होता है पेड़ लगाने से हमारी आने वाली वीडियो को ऑक्सीजन बनता है और इसी ऑक्सीजन के सहारे हम जीवित रहते हैं इस दौरान पर्यावरण प्रहरी एवं राज्य के प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक प्रधान संजय बुशान ने कहा कि कोविड-19 में ऑक्सीजन की कमी ने यह दर्शा दिया था कि पेड़ पौधों का कितना महत्व है इसलिए समय रहते हर मनुष्य को पृथ्वी पर समय-समय पर अच्छे अवसरों पर पौधारोपण करते रहना चाहिए।




**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः-34- विद्युत/सा0/प्रयागराज/24-25 | दिनांक - 04.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक-**28.04.2025** समय **15:00** बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित हैः-

**निविदा सूचना संख्या :** ELG-64-2425

**कार्य का नाम :** प्रयागराज मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत "सोनभद्र, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद और मैनपुरी स्टेशनों पर 12 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। " प्रयागराज मंडल के अंतर्गत अमृत भारत योजना के अंतर्गत "कानपुर अनवरगंज सीपीए-कानपुर अनवरगंज स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य।

**काम की लागत (रू. में) :** 25001207.65 | **बिड सिक्योरिटी (रू. में) :** 275000.00

**कार्य समाप्त करने की समयावधि :** 06 माह

**निविदा खुलने की तिथि :** 28.04.2025, समय - 15:00 बजे

**नोटः-** उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूर्ण जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **633/25(AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं0.: 2025-अप्रैल-01 | दिनांकः 07.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | अनुमानित लागत रु. |
|---|---|---|
| 1 | 2025-अप्रैल-01-01 | 19748785.76 |
| 2 | 2025-अप्रैल-01-02 | 5602307.65 |

**कार्य का विवरण (क्र.सं. 1):** यमुना ब्रिज यार्ड में वर्षा के जल की निकासी हेतु मिट्टी, मलबा हटाने तथा रिटेनिंग दीवार के साथ आर.सी.सी. नाली का प्रावधान।

**कार्य का विवरण (क्र.सं. 2):** सहा0 मंडल इंजी0 (मुख्यालय)/आगरा के अधीन वरि0 खंड इंजी0/कार्य/ईदगाह के अधिकार क्षेत्र में 02 वर्ष के लिए विभिन्न पंपों पर पानी का क्लोरीनीकरण का कार्य।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल वेबपोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक **29.04.2025** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **632/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

सूचना क्रमांक 25-28_CAMCofEGMcs | दिनांकः 07.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांकः** 25-28_ कम्प्रेसिव ए.एम.सी. आफ एण्ड ग्रांइडिग मशीन

**कार्य का विवरणः** रेल स्प्रिंग कारखाना मे एण्ड ग्रांइडिग मशीनों की कम्प्रेंसिव ए.एम.सी. का कार्य हेतु।

**अनुमानित लागत (रूपयों मे):** रू. 103461552.00/-(रू. दस करोड चौतीस लाख इक्सठ हजार पाँच सौ बावन मात्र)

**धरोहर राशि (रूपयों मे):** रू. 667300/- | **निविदा फार्म की कीमत (रूपयों मे):** रू.0.00

**कार्य की अवधिः** कार्य प्रारंभ करने की दिनांक से 36 माह, **1.** ई-निविदा दिनांक **25.04.2025** को समय **11:00 बजे** बंद होगी। ई निविदा भारतीय रेलवे की ई- टेण्डर की बेव साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** ई-टेण्डर से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर की बेव साइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। **3.** पात्रता की शर्ते :- समान प्रकार के कार्य का अनुभव इत्यादि, निविदा के लिये न्यूनतम पात्रता की शर्ते एवं अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र एवं भारतीय रेलवे की ई- टेण्डरिंग की बेव साइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध रहेंगे। **4.** ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन / परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई- टेण्डरिंग की बेव साइट **www.ireps.gov.in.** पर देखते रहें। इस संबंध मे कोई सूचना नही दी जावेगी और ना ही किसी प्रकार का पत्राचार किया जावेगा। **टिप्पणीः-** निविदाकार को उपरोक्त पात्रता पूर्ण करने संबंधी दस्तावेज अपने टेण्डर के साथ प्रस्तुत करने होंगे। उपरोक्त पात्रता को पूर्ण न करने वाले टेण्डरों को टेण्डर प्रक्रिया मे शामिल नही किया जावेगा। **630/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि0/कानपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या : उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि0/कानपुर/24-25 टेन्डर-134R**

**कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के प्रयागराज डिवीजन पर भिंड लाइन से ईटीडब्ल्यू तक फ्लाईओवर और अतिरिक्त लिंक लाइन के माध्यम से इटावा-भिंड लाइन और इटावा-मैनपुरी लाइन के बीच लिंक लाइन के प्रस्ताव के संबंध में 132 केवी 3 फेज डी/सी ट्रांसमिशन लाइन का संशोधन, स्थानांतरण/ऊंचाई बढ़ाने का कार्य।

**अनुमानित लागत रु : 17112914.90** | **अमानत राशि : 235600.00**

**निविदा प्रपत्र का मूल्य : 00** | **निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 25.04.25 15:00 बजे**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह**

**वैलिडिटि पीरियड : 60 दिन**

• निविदा **दिनांक 25.04.2025 को 15:00 बजे तक** आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **621/25 (C)**

@ CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

खिंवाड़ा बालाजी मेले पर विशेष

# हमेशा के लिए खिंवाड़ा में ही बस गए बालाजी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बे सहित अरावल, तराई, कांठा व गोड़वाड इलाके के आराध्य देव खिंवाड़ा बालाजी महाराज का धार्मिक मेला दस अप्रैल को भरा जाएगा। मेले को लेकर समूचा कस्बा दुल्हन की तरह सजधजकर तैयार हो गया है। दूसरी तरफ साल भर बंद रहने वाले घरों के ताले भी खुल गए हैं। कस्बे के बाजारों में भी रौनक आ गई हैं। मेला आयोजक मनोज कुमार खांटेड़ परिवार की ओर से मेले का 72 गांवों को न्यौता। खिंवाड़ा बालाजी का मेला आगामी दस अप्रैल को भरा जाएगा। जिसके लिए खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट, मेला सेवा समिति, खिंवाड़ा व्यापार संघ व आयोजक परिवार की ओर से अरावल के 72 गांवों में घर-घर जाकर सपरिवार न्यौता दिया जा रहा है यानि 72 गांवों के सभी ग्रामीण महाप्रसादी में शामिल होंगे।



### एक ही जाजम पर महाप्रसादी ग्रहण करते

खिंवाड़ा बालाजी मेले में आपसी प्रेमभाव से बिना किसी भी भेदभाव के 72 गांवों के 36 कौम के 40 हजार श्रद्धालु एक ही जाजम पर बैठकर प्रसादी ग्रहण करते है।

### एक दंत कथा

एक दंत कथा व बालाजी पुजारी छगनलाल रावल के अनुसार खिंवाड़ा कस्बे की स्थापना के पश्चात समीपवर्ती मेवीं कला गांव से बालाजी की शौभायात्रा बेलगाड़ी में सवार होकर जोधपुर जा रही थी कि खिंवाड़ा कस्बे में पहुंचने पर वर्तमान में गढ़ के समीप बेलगाड़ी के पहिए खराब हो गए। जिससे बेलगाड़ी को यहां पर रोककर दूसरी बेलगाड़ी की व्यवस्था कर, खराब पड़ी बेलगाड़ी में विराजित बालाजी की मूर्ति को उतारने लगे, लेकिन खराब पड़ी बेलगाड़ी में विराजित बालाजी की मूर्ति टस से मस नहीं हुई। काफी मशक्कत की गई। लेकिन मूर्ति खराब पड़ी बेलगाड़ी में से टस से मस नहीं हुई। फलसवरूप बालाजी की मूर्ति सदा के लिए यहीं पर स्थापीत कर दी गई। और एक कहावत भी बन गई- खिंवाड़ा में जो भी बाहर से आकर यहा बसता है वो हमेशा फलीफुत होता है।

## पीपा जयंती महोत्सव 13 अप्रैल को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बे सहित समूचे अरावल व गोड़वाड़ क्षेत्र में श्री पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज महासमिति के तत्वावधान में 702वां पीपा जयंती महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। श्री पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज महासमिति जवाली के संरक्षक सम्पत सोलंकी खिंवाड़ा ने बताया कि जवाली स्थित ज्वालेश्वर महादेव मंदिर, पीपाजी मंदिर प्रांगण में महासमिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय पीपा महोत्सव के तहत 12 अप्रैल को सांय चार बजे शौभायात्रा व रात्रि में एक शाम पीपाजी के नाम भजन संध्या व 13 अप्रैल को सुबह आम सभा व सम्मान समारोह का आयोजन रमेश चावड़ा, डा. बिहारीलाल दर्जी व विक्रमसिंह भाटी अध्यक्ष श्री पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज पाली के मुख्य अतिथि में आयोजित होगा। इस मौके पर महाप्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा।

## सारंगवास खेतलाजी मंदिर के पास लगी आग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** निकटवर्ती सारंगवास खेतलाजी मंदिर से कुछ दूरी पर अज्ञात कारणों से खेत की कांटों के बाड़ में आग लग गई। जिसकी सूचना मिलते ही ट्रस्ट कमेटी ने बिजली की सप्लाई को बंद करवाया। उसके बाद पुलिस और अग्निशमन को सूचना दी। वहीं आग को बुझाने के लिए ग्रामीणों ने भी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ समय के बाद अग्निशमन वाहन पहुंच गया और आग को बुझा दिया। जबकि जलती बाड़ के पास ट्रांसफार्मर मौजूद था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष भगाराम



चौधरी, ट्रस्ट कार्मिक गोतमसिंह, अग्निशमन कार्मिक और पुलिस सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सुमेरपुर पंचायत में चार नई ग्राम पंचायतें गठित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पंचायत समिति सुमेरपुर में चार नई ग्राम पंचायतों का गठन किया गया हैं। इसमें जाखोड़ा, पुराड़ा, बड़गावडा और हिंगोला नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं। इसमें कोलीवाड़ा को पुर्नगठित कर जाखोड़ा को नई ग्राम पंचायत बनाया गया हैं। इसी प्रकार पोमावा में से पुराड़ा, गोगरा में से हिंगोला एवं लापोद व अनोपपुरा ग्राम पंचायत को पुर्नगठित कर बडगांवड़ा को नई ग्राम पंचायत बनाया गया हैं। इसमें लापोद ग्राम पंचायत में ससे बडगांवड़ा व अनोपपुरा ग्राम पंचायत के राजस्व गांव भाचुन्दा को मिलाकर बडगांवडा नवगठित ग्राम पंचायत बनाई गई हैं। नई ग्राम पंचायतें घोषित होने से इन गांवों में विकास कार्य त्वरित गति से होंगे। ग्रामीणों को भी जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा।

## सैनजी महाराज जयंती हर्षोल्लास के साथ 24-25 को मनाएंगे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** श्री सैन समाज द्वारा आयोजित श्री गोड़वाड़ सैन मारू समाज समिति बाली चौताला 32 गांव के वार्षिक सैनजी महाराज मंदिर वर्षगांठ जयंती मेला 2025 महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 24 अप्रैल को प्रातःकाल कलश स्थापना एवं दीप प्रज्वलन किया जाएगा। नगर में शाम को चार बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को सामाजिक बैठक का आयोजन होगा। उसके



बाद विशाल भजन संध्या और प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें 25 अप्रैल समाज बंधुओं की बैठक आयोजित होगी जिसमें विभिन्न चढ़ावे की बोलियां बोली जाएगी और महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष लालाराम, देवाराम गहलोत, कोषाध्यक्ष चंपालाल, सूखाराम, सचिव दिलीप सेन, संयोजक विजय चौहान, अवी राठौड़, मोतीलाल परमार, कल्पेश परिहार, रवि राहुल, दिनेश सैन भाटी, गजेंद्र भाटी, भरत सैन सहित सदस्यगण मौजूद थे।

भाजपा का स्थापना दिवस एवं सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# कार्यकर्ता कभी भूतपूर्व नहीं होते : भंडारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** भाजपा का स्थापना दिवस एवं सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन रावणा हॉस्टल फालना भाजपा मंडल खुडाला फालना के तत्वावधान में भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष करणसिंह नेतरा की अध्यक्षता में बाली विधानसभा के सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के संस्थापक और भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। जिलाध्यक्ष भंडारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी कर आधार स्तंभ होते हैं और वह कभी भूतपूर्व नहीं होते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जनोपयोगी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया कि राज्य की जन उपयोगी सरकार की नीतियों के बारे में भी विस्तार से बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष नेतरा ने भाजपा के स्थापना से लेकर अभी तक के सफ़र का पूर्ण बखान किया एवं उन्होंने कहा कि वे आगे आने वाले चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को कमर कस कर डबल इंजन की सरकार को मज़बूत करना है। जनसंघ के और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का माला एवं दुपट्टे के साथ सम्मान किया गया। मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत ने नेताओं और देवतुल्य कार्यकर्ताओं का दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की आपका समय-समय पर मुझे पूर्ण सहयोग मिलेगा और सभी कार्यकर्ता मिलकर अपनी पार्टी को मजबूत बनाएंगे। यह संघर्ष का समय है। संघर्ष के काल में भाजपा का हर कार्यकर्ता अपनी मेहनत के साथ कार्य कर पार्टी को मजबूत करेगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ललिता रमेश शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत त्रिवेदी, भोपाल सिंह गुर्जर, अमित मेहता, श्याम सिंह जोधा, रूपाराम चौधरी, रमेश शाह, विशाल मीणा, सुमेर सिंह चानोद, मनीष मालवीय, कुणाल पंवार, जितेंद्र सिद्धावत, प्रितपाल सिंह छाबड़ा, छोग सिंह पवार, इंदर सिंह, कल्पेश शर्मा, ललित मालवीय, सुरेन्द्र सिंह, शंकर मेघवाल, अमृत दमामी, श्याम सिंह जोधा, अनिल सिंह, रामकिशोर गोयल, राजेंद्र गुप्ता, महेंद्र चंद भंडारी, नंदकिशोर दवे, दिलीप त्रिवेदी, कुलदीप सिंह बग्गा, गिरीश अग्रवाल, जगदीश सोनी, गुरमुख दास, प्रताप मेघवाल, अशोक पुरी गोस्वामी, फूलेश प्रजापत, गणपत चौधरी, कीकाराम चौधरी, महिपाल परमार, मोगनी कुरेशी, रमेश पटेल, भगवान पटेल, भंवरलाल मालवीय, अश्विन पटेल, दिनेश लोहार एवं कार्यकर्ताओं और महिला मोर्चा कार्यकर्ता है एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया।



## उप जिला शिक्षा अधिकारी राणावत का शारीरिक शिक्षकों ने किया बहुमान



**देसूरी।** उप जिला शिक्षा अधिका (खेल) बलवीर सिंह राणावत पद पर पदोन्नत होने के बाद पहली बार देसूरी आने पर शारीरिक शिक्षकों का बहुमान किया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा मंगलाराम नायक ने कहा कि इनके पदोन्नत होने से खेल जगत में पाली जिले की नई पहचान बनाएंगें। इस अवसर पर राणावत ने कहा कि सभी शारीरिक शिक्षक अपने कर्तव्य का निष्ठा पूर्वक पालन करें और अपने विद्यालय से ज्यादा से ज्यादा राज्य व नेशनल खिलाड़ी तैयार करें व पाली जिले में अपने गांव का नाम रोशन करें। इस अवसर पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिलीप सिंह भाटी एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक निर्भय सिंह राठौड़ एवं भंवर लाल मेघवाल का भी शारीरिक शिक्षक संघ देसूरी ने साफा व माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर धनाराम मोबारसा ब्लाक अध्यक्ष, मदनपुरी गोस्वामी, महेंद्र सिंह गहलोत नारलाई, लालाराम जाट, राजेन्द्र कुमार, अयुब खान, कमलेश पंवार, चंपालाल, रेखा चौहान, सीमाभाटी, रेखा बाफना, मोनिका थइम, संतोष वैष्णव, राजेन्द्र सिंह राणावत, राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित, संग्राम राम देवासी सहित देसूरी ब्लाक के शारीरिक शिक्षक मौजूद थे।

## पोमावा ने जीती श्री भूरिया बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के पोमावा खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय श्री भूरिया बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को सेमी फाइनल व फाइनल मैच के साथ किया गया। आयोजकों ध्रुव, दक्ष, शुभम व संतोष ने बताया कि तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें अंतिम दिन सेमी फाइनल व फाइनल मुकाबले खेले गए। सेमीफाइनल में भूरिया बाबा क्लब ने बलुपुरा एवं गलथनी ने अंगौर टीम को हराया। फाइनल मुकाबला भूरिया बाबा क्लब पोमावा एवं गलथनी टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पोमावा टीम ने मनोज के धुंआधार 51 रनों की मदद से निर्धारित छह ओवर में 82 रन बनाते हुए 83 रनो का टारगेट दिया। रनो का पीछा करने उतरी गलथनी टीम संतोष की घातक गेंदबाजी के आगे 55 रन ही बना सकी। संतोष ने तीन



विकेट लिए। पोमावा टीम ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया। आयोजकों ने विजेता टीम पोमावा को दो हजार नकद, ट्रॉफी एवं उपविजेता गलथनी टीम को एक हजार नकद राशि व ट्रॉफी से नवाजा गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मनोज मैन ऑफ द मैच रहे।

## तिलवाड़ा मल्लीनाथ पशु मेले में पालडीजोड़ की राजमणी प्रथम

**सुमेरपुर।** बाड़मेर जिले के तिलवाड़ा में आयोजित रावल मल्लीनाथ पशु मेले में मारवाड़ी ब्रुड घोड़ी में पालडीजोड़ की रवि मेवाड़ा पुत्र हरिंशकर मेवाड़ा की राजमणी घोड़ी प्रथम रहीं। मेले में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। जोधपुर के पूर्व नरेश सांसद गजसिंह, रावल किशनसिंह सहित अन्य अतिथियों ने भाग लिया। तिलवाड़ा में लूनी नदी की तलहटी में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी अश्व समिति की ओर से मारवाड़ी बडीं घोड़ियों में प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें 20 से अधिक घोड़ियों ने भाग लिया। पहाड़सिंह नेनावा व परबतसिंह सलोदरिया राजमणी घोड़ी को लेकर रिंग में उतरकर प्रदर्शन किया गया। अच्छी नस्ल, कद-काठी, सुंदरता सहित सभी मापदंड़ों में बड़ी घोड़ियों में सर्वश्रेष्ठ होने पर राजमणी घोड़ी को प्रथम घोषित किया गया। समिति की ओर से रवि मेवाड़ा को स्मृति चिन्ह् व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिनेश चौधरी अहमदाबाद, धक्कल सिंह देवड़ा सलोदरिया, नरेन्द्र सिंह बलाना सहित अन्यजन मौजूद रहें। गौरतलब हैं कि तिलवाड़ा में करीब 650 साल से मेला आयोजित हो रहा हैं।

## लॉयंस क्लब ने वाटर कूलर भेंट की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के सहयोग से लॉयंस क्लब सुमेरपुर-जवाई द्वारा बुधवार को राजकीय मेहता उप जिला अस्पताल सुमेरपुर में 150 लीटर क्षमता का अत्याधुनिक वॉटर कूलर स्थापित किया गया। क्लब प्रशासक एवं प्रांतीय कॉर्डिनेटर मार्केटिंग लॉयन श्रवण राठी ने बताया कि वॉटर कूलर का लोकार्पण एसडीएम कालुराम कुम्हार, लायंस क्लब प्रांत 3233E-2 के पूर्व प्रांतपाल लॉयन अरविंद शर्मा, लॉयन दिलीप तोशनीवाल एवं लॉयन वी. के. त्रिवेदी व क्षेत्रीय अध्यक्ष लॉयन पंकज अग्रवाल द्वारा किया गया।

समारोह में क्लब अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सचिव मितेश गोयल, कोषाध्यक्ष जोधराज देवड़ा, वरिष्ठ साथी बाबूलाल अग्रवाल, भवानी सिंह राठौड़, सुरेश सिंघल, भूपेंद्र गोयल, दिनेश सिंघल, राकेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, राजकुमार लखोटिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



बृहन्मुंबई महानगरपालिका

कार्यालय सहायक आयुक्त, सी वॉर्ड
76, श्रीकांत पालेकर मार्ग, चंदनवाडी, मरीन लाइन्स (पूर्व), मुंबई 400002
एसी/सी/ए.ई. (एसडब्ल्यूएम)/553/ दि. 09.04.2025

अभिरूचि की अभिव्यक्ति/निविदा

स्थानिय /अनुभवी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित कर एक पात्रता सूची तैयार की जा रही है, ताकि चालों एवं इमारतों से घर-घर कचरा संग्रहण तथा सी विभाग अंतर्गत सामान्य सीवर की सफाई कार्य किया जा सके। इच्छुक स्थानिय संस्थाओं को इस कार्य का न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है, विशेष रूप से सामान्य सडक सफाई कार्य का। (सी विभाग कार्य करने के अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी)। इस कार्य हेतु कुल 24 संस्थाओं की आवश्यकता है। यदि पर्याप्त संस्थाएं जो सी विभाग में कार्यरत है या संतोषजनक रूप से कार्य संपन्न कर चुकी है, उपलब्ध नही होती है तो, पर.-1 क्षेत्र में सामान्य साफ-सफाई के 1 वर्ष की अनुभवी संस्थाओं पर विचार किया जा सकता है।

इच्छुक स्थानिय संस्थाएं इस योजना की जानकारी, निविदा, आवेदन पत्र एवं प्रारूप की प्रतिलिपी रु. 4283.40 (रु. 3630/- + 18%) का भुगतान नागरिक सुविधा केंद्र पर करने पश्चात प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र सहायक अभियंता(एसडब्ल्यूएम) सी विभाग कार्यालय में दि. 10.04.2025 से 16.04.2025 तक प्रतिदिन प्रातः 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सी विभाग कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक 16.04.2025 को (शाम 04.00 बजे तक) है।

हस्ता./-
PRO/98/ADV/2025-26 सहायक आयुक्त सी विभाग

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।

## प्रशासनिक लीग का खिताब भेरू दादा इलेवन व लीजेंड लीग का खिताब टीम लगान ने जीता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** शिक्षा क्रांति रंगमंच मैदान में चल रहीं मल्टी फॉरमैट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी के 11वें दिन प्रशासनिक लीग जवाई प्रीमियर लीग का खिताब भेरू दादा इलेवन व लीजेंड लीग का ख़िताब टीम लगान ने जीता। आयोजक जगदीश राजपुरोहित ने बताया कि 15 दिवसीय डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता के 11वें दिन सबसे पहले लीजेंड लीग का फाइनल मुकाबला टीम लगान और जवाई पेंथर्स के बीच खेला गया, जिसमें टीम लगान के कप्तान जगदीश राजपुरोहित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम लगान ने कप्तान जगदीश राजपुरोहित की शानदार बल्लेबाजी से निर्धारित 10 ओवर में 107 रन बनाए। 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जवाई पेंथर्स के बल्लेबाजों को टीम लगान टीम की शानदार गेंदबाजी के आगे मात्र 73 रनों पर ढ़ेर हो गई। टीम लगान ने खिताबी मुकाबला 35 रनों से जीत लिया। कमेटी सदस्य जगदीश राजगुरु ने बताया कि इसके बाद प्रशासनिक लीग के दो सेमी फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले सेमी फाइनल मुकाबले में पंचायत समिति ने पुलिस विभाग व दूसरे सेमी फाइनल में भेरू दादा इलेवन ने महाकाल इलेवन को हराकर फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। भेरू दादा इलेवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पंचायत समिति निर्धारित 10 ओवर में नौ विकेट खोकर मात्र 64 रन ही बना पाई। 65 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भेरू दादा इलेवन ने मात्र 6.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में अतिथि के रूप में खेलकूद विभाग में उप जिला शिक्षा अधिकारी बलवीर सिंह राणावत मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले में सुमेर सिंह नाडोल, माशूक सोलंकी व अकील टाक ने अंपायर की भूमिका निभाई।



### आईपीएल फॉर्मेट में चैंपियंस ट्रॉफी शुरू

कमेटी सदस्य दीपक चावरिया ने बताया कि प्रतियोगिता अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। बुधवार से इस प्रतियोगिता का सबसे बड़ा व बहुप्रतीक्षित आईपीएल फॉर्मेट शुरू हो चूका है। जिसमें क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ आठ टीमें खेल रही है। सुमेरपुर हीरोज, महादेव रॉयल्स, जवाई पेंथर्स, भेरू दादा इलेवन, सुमेरपुर लॉयंस, शिवगंज टाइटंस, गोडवाड़ थंडर्स व सुमेरपुर राइडर्स शामिल है।

### जर्सी का विमोचन

कमेटी सदस्य शैतान कुमार ने बताया कि आईपीएल फॉर्मेट की टीमों के खिलाड़ियों के लिए जर्सी का विमोचन अतिथियों रमेश देवड़ा, ईश्वर देवड़ा, सुकनराज देवड़ा, नरेंद्र सुंदेशा द्वारा किया गया।

बाली पंचायत समिति में जनसुनवाई

## अतिक्रमण और पट्टा वितरण समेत कई मुद्दों पर सुनी समस्याएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली पंचायत समिति वीसी हॉल में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। तहसीलदार जितेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई इस जनसुनवाई में कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं। विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा, बीसीएमओ हितेंद्र बागोरिया और नगरपालिका ईओ राजल राव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनता द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग शामिल थी। बेड़ा क्षेत्र में पट्टा वितरण में अनियमितता का मामला भी सामने आया। जिसमें जांच की मांग की। चामुंडेरी मेडतियान में कृषि भूमि से नीम के पेड़ों की कटाई का मुद्दा उठा। उप तहसील नाना के किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। मालनु में रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। खुडाला फालना में कृषि भूमि पर अवैध रूप से चल रही औद्योगिक इकाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी गई। अन्य प्रमुख शिकायतों में रास्ते में बहते पानी की समस्या, मुंडारा में पट्टों की जानकारी और बाली नगरपालिका से शहरी रोजगार योजना का बकाया भुगतान शामिल था। खिमेल में भी रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। जनसुनवाई में शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह चारण, कृषि अधिकारी राजेंद्र सिंह, सहायक अभियंता रवि टांक, अवधेश सिंह और जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता रोहिताश मोबारसा और प्रशासनिक अधिकारी ताराचंद सोलंकी भी उपस्थित रहे।



बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. डीवाय.सीएच.ई(ओ एंड एम)ईटी-06/एसडब्ल्यूडी दि. 09.04.2025

ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | प्रमुख अभियंता (एसडब्ल्यूडी) |
| उप विभाग | उप प्रमुख अभियंता (ओ एंड एम) एसडब्ल्यूडी |
| विषय | मानसून 2025 के पूर्व मालेट बंदर आउट फॉल में स्टॉप लॉग्स, पेन स्टॉक गेट्स तथा मुंबई में विभिन्न एसडब्ल्यूडी आउटफॉल्स पर स्थित इलेक्ट्रिक एक्चूएटर्स की पुर्नस्थापना तथा ओवरहॉलिंग कार्य एवं मानसून 2025 पश्चात एसडब्ल्यूडी वर्कशॉप पर उसे शिफिटंग करना। |
| ई-निविदा विक्रय | प्रारंभ दिनांक तथा समय 10.04.2025 समय 11.00 बजे से नियत दिनांक 17.04.2025 समय 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in तथा http://mahatender.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | |
| का नाम | श्रीमती वी. एम. कोकाटे, कार्यकारी अभियंता (ओ एंड एम) मैक. एसडब्ल्यूडी |
| कार्यालय फोन नं. | 022-24309817, 022-24309472 |
| मोबाइल नंबर | श्रीमती850 वी. एम. कोकाटे, 9833539029<br>श्री ए.एस. भारदे 9545169111 |
| ई-मेल पता | ae03onm.swd@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
PRO/96/ADV/2025-26 कार्य. अभि. (ओ एंड एम) मैक. एसडब्ल्यूडी

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# बेंगलुरु में तेज गेंदबाज ढाएंगे कहर?

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 10 अप्रैल को शाम 7:30 बजे मैच खेला जाएगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने 4 में से 3 मुकाबलों में जीत दर्ज कर तीसरे स्थान पर है तो दिल्ली कैपिटल्स इस सीजन की एक मात्र अजेय टीम है, जो जीत का चौका लगाना चाहेगी। आरसीबी की कमान रजत पाटीदार संभालेंगे तो दिल्ली को जीत दिलाने की जिम्मेदारी अक्षर पटेल को दी गई है। बेंगलुरु की स्टेडियम बल्लेबाजों के अनुकूल मानी जाती है। इस मैदान पर बल्लेबाजों को बड़े शॉट्स मारने में इसलिए भी मजा आता है क्योंकि यहां की बाउंड्री छोटी होती हैं। तेज गेंदबाजों को शुरुआत में मदद मिलती है लेकिन बाद में उनकी मुश्किलें बढ़ जाती हैं। जिस टीम में बेहतर स्पिनर होते हैं, उनका पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है।



## बेंगलुरु के स्टेडियम में आईपीएल के आंकड़े

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विकेट आमतौर पर तेज गेंदबाजों के खाते में जाते हैं लेकिन स्पिनर्स को थोड़ी भी मदद मिली तो वे गेम पलटने का माद्दा रखते हैं। आईपीएल में अब तक इस मैदान पर 95 मैच खेले जा चुके हैं, जिनमे से 41 मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत दर्ज की है तो दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम को 50 बार जीत मिली है। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 171 रन है। इसी मैदान पर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बना था, जहां सनराइजर्स हैदराबाद ने 287 रन ठोक दिए थे। मेजबान बेंगलुरु की टीम 82 रन पर ढेर हो चुकी है तो इस मैदान का सबसे छोटा स्कोर है।

## इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजरें

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच होने वाले मुकाबले में इन 6 खिलाड़ियों पर सबकी निगाहें होगी। विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं, तो कप्तान रजत पाटीदार भी कई बेहतरीन पारियां खेल चुके हैं। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दिल्ली के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं। दूसरी ओर दिल्ली के लिए केएल राहुल, मिचेल स्टार्क और कप्तान अक्षर पटेल दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं और बेंगलुरु में टीम की जीत का चौका लगाने के लिए पूरी ताकत झोंकना चाहेंगे।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का स्क्वॉड:** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी.

**दिल्ली कैपिटल्स का स्क्वॉड:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव.

चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर

# 'कंगाल' पाकिस्तान हुआ मालामाल



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की मेजबानी में इस साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया गया था, जो पिछले 29 सालों में इस देश में पहला आईसीसी टूर्नामेंट था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए यह टूर्नामेंट आर्थिक रूप में काफी सफल रहा। बोर्ड की तरफ से यह दावा किया गया है कि इस टूर्नामेंट की मेजबानी से उसे 92 करोड़ रुपये (300 करोड़ पाकिस्तानी रुपये) का मुनाफा हुआ है। बोर्ड ने यह जानकारी नेशनल असेंबली को सौंपे गए लिखित जवाब में दी है, जहां उससे टूर्नामेंट से मिलने वाले बजट और राजस्व के बारे में जवाब मांगा गया था।


## दर्ज किया भारी मुनाफा

पीसीबी ने बताया कि उन्होंने 29 सालों में पहले आईसीसी टूर्नामेंट के लिए 552 करोड़ (1800 करोड़ पाकिस्तानी रुपये) का बजट आवंटित किया था। शुरुआत में बताया था कि पीसीबी को 739 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। बोर्ड ने इन दावों का खंडन किया था और अब दावा किया है कि उन्होंने अपनी मुनाफे की अपेक्षाओं को पार कर लिया है। शुरू में लगभग 61 करोड़ का मुनाफा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया है।

## बाहर हो गया था पाकिस्तान

अपनी मेजबानी में पाकिस्तान को उम्मीद थी कि वह टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगा। हालांकि ऐसा नहीं हो सका और टीम की ग्रुप स्टेज में ही विदाई हो गई। इसी के साथ टीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया। 2009 के बाद यह पहला मौका था जब मेजबान देश चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गया।

# एशिया कप 2025 में कैसी हो सकती है भारतीय टीम?



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में इन दिनों भारतीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कई खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से सेलेक्टरों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं, जबकि कई खिलाड़ी फ्लॉप भी हुए हैं। आईपीएल के बाद भारतीय टीम की निगाहें एशिया कप पर भी होंगी। हालांकि मेगा इवेंट में भारतीय टीम नए कप्तान के साथ उतर सकती है। हार्दिक पांड्या टीम की कमान संभाल सकते हैं, क्योंकि बतौर कप्तान सूर्यकुमार यादव भारत के लिए टी-20 में अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए हैं। अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म के बाद शुभमन गिल का रास्ता खुल सकता है। मिडिल ऑर्डर में श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा को मौका मिलने की उम्मीद है। जबकि स्पिन डिपार्टमेंट में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव मोर्चा संभाल सकते हैं। दोनों फिरकी गेंदबाज लगातार भारत के लिए और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# जिंदगी ने मौका दिया और उसने छक्का लगा दिया

## बहुत ही उतार-चढ़ाव भरी है प्रियांश आर्य की कहानी

**नई दिल्ली।** कहते हैं कि जिंदगी आपको एक अवसर देती है। कमाल मौके पर चौका लगाने में है। पंजाब किंग्स के 24 वर्षीय एक बाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने मंगलवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ ऐसा ही छक्का जड़ दिया। मंगलवार को उन्होंने तूफानी पारी खेलते हुए मौके पर शतक रूपी छक्का जड़ दिया। वह भी सिर्फ 39 गेंदों पर। और बन गए वह आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक जड़ने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी।

वैसे धोनी की टीम के ख़िलाफ 39 गेंदों पर शतक जड़ने वाले प्रियांश की कहानी किसी बॉलीवुड फिल्म से कम नहीं। अगर किस्मत ने प्रियांश आर्य का साथ दिया होता तो यह बल्लेबाज़ 2020 अंडर-19 विश्व कप में यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करते हुए दिखते, लेकिन बीसीसीआई के एक नियम के चलते वो अयोग्य करार कर दिए गए। 20 की उम्र पार करने के बाद प्रियांश यह जानते थे कि उनके पास वक्त ज्यादा नहीं है।

अलग अलग आईपीएल टीम की ट्रेनिंग कैंप में जाने के बाद भी सिर्फ़ हताशा ही हाथ लगी। लेकिन कहते हैं कि सौभाग्य ना हर दिन सोता है! दिल्ली के अशोक नगर के रहने वाले प्रियांश के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। साल 2024 में दिल्ली की अपनी लोकल लीग 'दिल्ली प्रीमियर लीग' का आयोजन हुआ। यही मौक़ा था पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ़ खींचने का। और ध्यान कैसे खींचा? प्रियांश ने एक ओवर में छह छक्के जड़ दिए। प्रियांश का पूरी लीग में प्रदर्शन बेहतरीन रहा। जिन आईपीएल टीमों ने उन्हें ट्रेनिंग कैंप से ही घर लौटा दिया था, नीलामी के दिन उन्हीं टीमों में प्रियांश को शामिल करने के लिए होड़ लग गई।

बैंगलौर, दिल्ली और पंजाब के बीच हुई बिडिंग वॉर में यह तय हुआ कि प्रियांश पंजाब के लिए खेलेंगे। पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग प्रियांश की तारीफ़ करते नहीं थकते।



# आखिर गिरगिट कौन? रायुडु पर नवजोत सिंह सिद्धू का पलटवार

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाज और कमेंट्री में अलग पहचान बना चुके नवजोत सिंह सिद्धू के साथ कमेंट्री करियर में क्या-क्या विवाद हो चुके हैं। इससे हर कोई वाकिफ है! लेकिन फिर भी उनके 'शब्द-बाणों' पर लगाम नहीं लग सकती है। आईपीएल के मैचों में हर मुकाबले में ऐसा लगता है कि उनके शब्द सीमा लांघ रहे हैं। लगता है कि कोई न कोई विवाद होकर ही रहेगा।

बहरहाल, हाल ही में कमेंट्री के दौरान उनके और भारतीय पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडु के बीच चले 'शब्दबाण' सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

वैसे अगर कम सिद्धू नहीं हैं, तो कम अंबाती रायुडु भी नहीं हैं। रायुडु भी लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। कुछ दिन पहले ही वह संजय बांगड़ के साथ भिड़ गए थे, तो मंगलवार को चेन्नई और पंजाब मैच के दौरान रायुडु ने सिद्धू को छेड़ दिया। यह घटना तब घटी, जब सिद्धू ने अपनी टीम बदली, तो रायुडु ने पूर्व ओपनर को गिरगिट करार दिया। रायुडु का यह कहना भर था कि सिद्धू ने जोरदार पलटवार किया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जोर-शोर से वायरल हो रहा है ।



# 'फैंस आईपीएल छोड़ पीएसएल देखने लगेंगे'

## पाक तेज गेंदबाज हसन अली का चौंकाने वाला बयान

**नई दिल्ली।** भारत में इस समय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का घमासान जारी है। वहीं शुक्रवार से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की भी शुरुआत होने जा रही है। दुनियाभर में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो दोनों लीगों में खेलते नजर आते हैं। पीएसएल की शुरुआत से पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर इस लीग में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो फैंस आईपीएल को छोड़कर पीएसएल को देखने लगेंगे। पीएसएल आमतौर पर फरवरी और मार्च के बीच आयोजित किया जाता था, लेकिन इस बार इसकी शुरुआत अप्रैल में हो रही है। यही वजह है कि इसका सीधे तौर पर टकराव आईपीएल के साथ हो रहा है।



## मनोरंजन

# सुहाना के डेब्यू के साथ कोई रिस्क नहीं लेना चाहते पापा शाहरुख

शाहरुख खान ने अपनी मचअवेटेड फिल्म किंग से फैन्स को एक्साइटेड कर दिया है। यह फिल्म अभी फ्लोर पर नहीं आई है, लेकिन 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि फिल्म को शुरुआत में ईद 2026 में प्रीमियर करने की प्लानिंग थी। लेकिन ताजा रिपोर्ट बताती हैं कि चल रहे प्रोडक्शन में रुकावटों के चलते इसे फिर से टाला जा सकता है। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनने जा रही किंग की शूटिंग मई 2025 में शुरू होनी थी लेकिन शेड्यूल को एक बार फिर आगे बढ़ा दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक शूटिंग शुरू करने में देरी स्क्रिप्टिंग प्रोसेस में चल रहे बदलावों की वजह से हुई है। बताया जा रहा है कि शाहरुख स्क्रिप्ट से नाखुश हैं और सेट पर कदम रखने से पहले इसे परफेक्ट बनाना चाहते हैं, ताकि शूटिंग शुरू होने से पहले फिल्म को विजुअलाइज किया जा सके। बताया जा रहा है कि स्क्रिप्टिंग का काम चल रहा है। मेकर्स यह ध्यान रखना चाहते हैं कि कैमरा शुरू होने से पहले उनके पास एक शानदार स्क्रिप्ट हो। किंग न केवल सुहाना को पहली बार बड़े पर्दे पर पेश कर रहा है, बल्कि पापा-बेटी की जोड़ी को भी साथ में पेश की जा रही है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए शाहरुख चाहते हैं कि टीम कंटेंट को चमकाने और एक जबरदस्त फिल्म बनाने के लिए अपना समय ले। टीम अब जुलाई-अगस्त में शूटिंग शुरू करने की प्लानिंग कर रही है। कहा गया था कि दीपिका को आने वाली इस फिल्म में कैमियो के लिए चुना गया है।



# 30 साल बाद दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने रचा इतिहास

हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस एलायंस ने घोषणा की कि एक नई मूर्ति लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में स्थित रोमांचक 'सीन्स इन द स्क्वायर' मूवी ट्रेल में शामिल होने जा रही है, और यह सम्मान यशराज फिल्म्स की ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) को मिला है। यह लीसेस्टर स्क्वायर, लंदन में स्थापित होने वाली पहली भारतीय फिल्म की मूर्ति होगी। यह घोषणा डीडीएलजे के 30 वर्ष पूरे होने के जश्न की शुरुआत का प्रतीक भी होगी एक कालातीत और बहु-पुरस्कार विजेता रोमांटिक कॉमेडी, जिसने आदित्य चोपड़ा के निर्देशन की शुरुआत भी कराई थी। यह कांस्य प्रतिमा बॉलीवुड के दो सुपरस्टार्स शाहरुख खान और काजोल को डीडीएलजे के एक प्रतिष्ठित पोज में प्रदर्शित करेगी। इस साल वसंत ऋतु में इसका अनावरण होना तय है। यह घोषणा इस बात का प्रमाण है कि यह फिल्म ब्रिटेन दक्षिण एशियाई समुदाय द्वारा कितनी पसंद की जाती है। डीडीएलजे भारत और दुनिया भर के दक्षिण एशियाई लोगों के लिए पॉप संस्कृति का एक अहम हिस्सा है। दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे दो अप्रवासी भारतीयों, राज और सिमरन और उनकी प्रेम कहानी है, जो यूरोप और भारत में फैली हुई है, और जिसकी शुरुआत किंग्स क्रॉस स्टेशन से एक ट्रेन यात्रा से होती है। यह स्थान और भी उपयुक्त है क्योंकि लीसेस्टर स्क्वायर डीडीएलजे के उस दृश्य में दिखता है, जब राज और सिमरन पहली बार एक-दूसरे से टकराते हैं। हालांकि वे एक-दूसरे को नहीं पहचानते है। उस दृश्य में लीसेस्टर स्क्वायर के दो प्रमुख सिनेमा घर प्रमुखता से दिखाए गए हैं राज वुए सिनेमा के सामने खड़ा होता है, और ओडियन सिमरन लीसेस्टर स्क्वायर के पास से गुजरती है।




# जाट ने मारी बॉक्स ऑफिस पर दहाड़

सनी देओल की फिल्म जाट जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एक्टर के फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सनी देओल इन दिनों जाट का जोर-शोर से प्रमोशन भी कर रहे हैं। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है, जिसमें सनी देओल की फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिलता दिखाई दे रहा है। एडवांस बुकिंग शुरू होते ही जाट ने हजारों टिकट बुक हो गई हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि सनी देओल की फिल्म अच्छी ओपनिंग कर सकती है। ताजा रिपोर्ट की मुताबिक जाट ने एडवांस बुकिंग के जरिए करीब 13 लाख रुपए की कमाई कर ली है। सनी देओल की इस फिल्म 2डी में 1544 शोज के लिए करीब 10,965 टिकट बेचे गए हैं। हालांकि, ब्लॉक बुकिंग को साथ में जोड़े तो जाट की कुल कमाई एडवांस बुकिंग में 48.04 लाख रुपए कमा लिए हैं। वहीं तमाम मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जाट बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ से 15 करोड़ के बीच में ओपनिंग कर सकती है। हालांकि अभी फिल्म के अनुमानित आंकड़े हैं। सनी देओल हाल ही कोमल नाहटा के साथ पॉडकास्ट पर नजर आए। उनसे बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अपनी फिल्में कैसे चुनते हैं और खास तौर पर उन्होंने जाट को कैसे चुना। वह कभी भी अलग तरह की कहानियों को चुनने या यह सोचने से नहीं डरते कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करेंगी।



# मलाइका के लिए सबसे खास क्या? एक्ट्रेस ने किया रिवील



एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर फैंस को अपनी पर्सनल लाइफ की एक झलक दिखाई है। ज्यादातर एक्टर्स अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट ही रखते हैं। दूसरी तरफ मलाइका हैं जो पूरी दुनिया के सामने अपने दिल की बात रखने से नहीं कतरातीं। उनके इंस्टाग्राम पोस्ट अक्सर रिवील कर देते हैं कि मलाइका खुश हैं या उदास। इसके अलावा उन्हें क्या पसंद है और क्या नापसंद है? ये भी उनके सोशल मीडिया अकाउंट से पता लगाया जा सकता है।

वहीं, अब मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी कुछ फेवरेट चीजें दिखाई हैं। इंसानों से लेकर खाने तक मलाइका को क्या और कौन पसंद है वो रिवील हो गया है। अब मलाइका के फैंस उनकी पसंद और भी बेहतर तरीके से जान सकेंगे। इस पोस्ट में मलाइका अरोड़ा ने किस-किसको शामिल किया है? सबसे पहली तस्वीर में बियर बार दिखाई दे रहा है। मलाइका को आपने कई बार नशे की हालत में देखा होगा, अब एक्ट्रेस खुलकर कबूल कर रही हैं कि उन्हें ऐल्कोहॉल पसंद है। इसके बाद मलाइका ने मां और बहन अमृता अरोड़ा के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है। ये दोनों मलाइका के दिल के बेहद करीब हैं। एक्ट्रेस ने अपने डॉगी को कडल करते हुए फोटो पोस्ट की है। इसके बाद उनका रेस्टोरेंट है- स्कारलेट हाउस।मलाइका ने फेस मास्क, फेवरेट कैप और फेवरेट सॉन्ग भी रिवील किया है। इसके अलावा उन्होंने बताया है कि उन्हें हलवा, चने और पूरी खाना भी अच्छा लगता है। अक्सर बहाने बनाकर नींद पूरी करना, लेजी फील करते हुए काउच पर पड़े रहना, गुलाब और चाय से भी मलाइका को प्यार है। इसके अलावा उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें 2 बिल्लियां सेल्फी ले रही हैं और उस पर लिखा है- 'तुम वो हो जिसे मैं खोना नहीं चाहती।'

## जितो एपेक्स का नवकार महामंत्र कार्यक्रम



# विकसित भारत विकास भी, विरासत भी : मोदी

▸▸ प्रधानमंत्री ने लोगों संग किया नवकार महामंत्र का जाप

▸▸ भारत ऊंचाई छुएगा, पर अपनी जड़ों से नहीं कटेगा

**सुरेश भंसाली/जागरूक टाइम्स**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने अन्य लोगों के साथ 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में 'नवकार महामंत्र' का जाप किया। इसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है। मैंने लालकिले से कहा है- विकसित भारत यानी विकास भी, विरासत भी। एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छुएगा, लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा।







### '20 से ज्यादा तीर्थंकरों की मूर्तियां विदेश से वापस आईं'

- पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत अपनी संस्कृति पर करेगा। इसलिए हम अपने तीर्थंकरों की शिक्षाओं को सहेजते हैं। जब भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का समय आया तो हमने देश भर में उसे मनाया। आज जब प्राचीन मूर्तियां विदेश से वापस आती हैं, तो उसमें हमारे तीर्थंकर की प्रतिमाएं भी लौटती हैं। आपको जानकर गर्व होगा कि बीते वर्षों में 20 से ज्यादा तीर्थंकरों की मूर्तियां विदेश से वापस आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीतो के पदाधिकारियों प्रदीप बदामिया, मनोज मेहता, पृथ्वीराज कोठारी, विजयराज भण्डारी व गुजरात के गृह मंत्री हर्षसंघवी का विशेष रूप से नामोल्लेख किया।





### 'आध्यात्मिक शक्ति को अनुभव कर रहा हूं'

इससे पहले पीएम मोदी ने कहा, 'मैं नवकार महामंत्र की इस आध्यात्मिक शक्ति को अब भी अपने भीतर अनुभव कर रहा हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं बंगलूरू में ऐसे ही एक सामूहिक मंत्रोच्चार का साक्षी बना था, आज वही अनुभूति हुई और उतनी ही गहराई में हुई।'

### 'प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '...नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है। ये हमारी आस्था का केंद्र है। हमारे जीवन का मूल स्वर... और इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है। ये स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है, जन से जग तक की यात्रा है। इस मंत्र का प्रत्येक पद ही नहीं, बल्कि प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र है।'

### 'हमारी संस्कृति में नव का विशेष महत्व'

नवकार महामंत्र एक मार्ग है। ऐसा मार्ग जो इंसान को भीतर से शुद्ध करता है, जो इंसान को सौहार्द की राह दिखाता है। नवकार महामंत्र सही मायने में मानव, ध्यान, साधना और आत्मशुद्धि का मंत्र है। हम जानते हैं कि जीवन के 9 तत्व हैं। ये 9 तत्व जीवन को पूर्णता की ओर ले जाते हैं। इसलिए हमारी संस्कृति में नव का विशेष महत्व है।

### 'जैन धर्म खुद को जीतने की प्रेरणा देता'

मोदी ने कहा कि नवकार महामंत्र कहता है कि स्वयं पर विश्वास करो, स्वयं की यात्रा शुरू करो, दुश्मन बाहर नहीं है, दुश्मन भीतर है। नकारात्मक सोच, अविश्वास, वैमनस्य, स्वार्थ ही वो शत्रु हैं, जिन्हें जीतना ही असली विजय है। यही कारण है कि जैन धर्म हमें बाहरी दुनिया नहीं, बल्कि खुद को जीतने की प्रेरणा देता है।

### एनएससी ग्राउंड में भारी संख्या में जुटा जैन समाज

मुंबई में भी एनएससी ग्राउंड वरली में जैन समाज के विशाल समूह के रूप में नवकार मंत्र जाप में सम्मिलित हुए। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी .पी. राधाकृष्णन व महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा,जीतो ग्वालिया टेंक चेप्टर के अध्यक्ष जयेश भंसाली, सुरेश भंसाली सहित समाज की एक से बढ़कर एक हस्तियों ने इस महामंत्र से जुड़कर विश्वकल्याण एवं विश्व शांति की कामना की। लालबाग स्थित सुमितभूमि जैन संघ ने भी अपने बिल्डिंग के टेरेस पर सभी रहवासियों ने सामूहिक काम किया। इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई, बंगलुरू, जोधपुर, जयपुर आदि शहरों से लगाकर गांव-गांव में ये आयोजन बड़े स्तर पर आयोजित हुआ।

### सूरत में मिला साधु-साध्वियों का सान्निध्य

ये उल्लेखनीय है कि जितो एपेक्स के बैनर तले जैन धर्म के चारों फिरकों से जुड़े सभी पंथों, गच्छों, सम्प्रदायों के अनुयायियों ने देश-विदेश के विभिन्न शहरों कस्बों में नवकार महामंत्र का जाप किया। जितो सूरत द्वारा सूरत शहर के विशालतम बैठक क्षमता वाले पंडित दिन दयाल इंडोर स्टेडियम में ये कार्यक्रम आयोजित हुआ जो कि श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। दिगंबर श्वेतांबर पंथों के अनेक साधु-साध्वियों का सान्निध्य था।

## अध्यात्म भारत की महान परंपरा : बागड़े

- जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नवकार मंत्र को स्तुति से युक्त सर्व कल्याण प्रार्थना बताते हुए कहा है कि यह ध्यान का ज्ञान है। उन्होंने कहा कि यह विश्व कल्याण के साथ बाधाओं के निवारण का आदि मंत्र है। उन्होंने कहा कि विश्व नवकार मंत्र दिवस भारत की अध्यात्म परम्परा में निहित विश्व शांति की सामूहिक भावना का द्योतक है। बागडे बुधवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) द्वारा आयोजित विश्व नवकार मंत्र दिवस पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन मंत्रों की साधना से ही जुड़ा है। मंत्र का अर्थ होता है, पवित्र उच्चारण। इससे धरती पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक भावों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने जैन परंपरा में तीर्थंकरों की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन का आदर्श मार्ग प्रदान किया।

## राजस्थान आरटीई लॉटरी रिजल्ट जारी

# अब निजी स्कूलों में होगी मुफ्त पढ़ाई

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने आरटीई (राइट टू एजूकेशन) एडमिशन प्रक्रिया 2025 के तहत बच्चों के दाखिले के लिए ऑनलाइन लॉटरी परिणाम जारी कर दिया है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्वयं लॉटरी निकालकर चयनित बच्चों की सूची जारी की। यह सूची अब आधिकारिक वेबसाइट https://www.rajpsp.nic.in पर उपलब्ध है, जहां से अभिभावक अपने बच्चे का नाम देख सकते हैं। इस साल आरटीई योजना के तहत लगभग 3.39 लाख बच्चों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से पीपी 3 प्लस (3 से 4 वर्ष) और पहली कक्षा (6 से 7 वर्ष) के बच्चों को राज्य के 31,500 निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के लिए चुना जाएगा। यह आंकड़ा पिछले साल के 3.08 लाख आवेदनों से ज्यादा है, जिससे साफ है कि अभिभावकों में इस योजना को लेकर उत्साह बढ़ा है।

- लॉटरी के जरिए वरीयता सूची जारी-9 अप्रैल
- ऑनलाइन रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि-15 अप्रैल
- स्कूल द्वारा दस्तावेज़ जांच-21 अप्रैल
- दस्तावेज संशोधन की अंतिम तिथि-24 अप्रैल
- ऑटो वेरीफिकेशन प्रक्रिया-22 अप्रैल
- दूसरा चरण आवंटन-16 जुलाई से 5 अगस्त
- अंतिम चरण प्रवेश (सशुल्क बच्चों के लिए)-6 से 31 अगस्त

▸▸ सरकार को मिले 3.39 लाख बच्चों के आवेदन



### पांच स्कूलों का कर सकते चयन

अभिभावक अधिकतम पांच स्कूलों का चयन कर सकते हैं। जाति, आय, निवास, विकलांगता और बीपीएल प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारियों से प्रमाणित होने चाहिए। आवेदन लॉक करने से पहले सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरना जरूरी है। ज्यादा डिटेल्स के लिए आधिकारिक साइट की मदद ली जा सकती है।

## अरुण योगीराज को एमजीएसयू की मानद उपाधि


**बीकानेर।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के इतिहास में पहली बार किसी विशिष्ट व्यक्ति को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। यह ऐतिहासिक अवसर 15 अप्रैल को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में संपन्न होगा, जिसमें भारत के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज को कला संकाय में मानद उपाधि विद्या वाचस्पति (PhD) से सम्मानित किया जाएगा। यह उपाधि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े द्वारा प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं अतिरिक्त कुल सचिव डॉ. विठ्ठल बिस्सा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस उपाधि की संस्तुति विश्वविद्यालय विद्या परिषद एवं प्रबंध बोर्ड द्वारा की गई है। विशेष समारोह को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं।



- बनाई रामलला की मूर्ति
- 15 को होगा भव्य समारोह

## महावीर जयंती पर आज 15 शहरों में बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** महावीर जयंती 10 अप्रैल दिन गुरुवार को है और इस पर्व पर बैंकों में अवकाश रहेगा। इसके बाद शनिवार और रविवार को भी बैंक में छुट्टी रहेगी, क्योंकि महीने के दूसरे शनिवार को अवकाश रहता है, इसलिए शनिवार को भी बैंक बंद रहेगा। इसलिए जिन लोगों के बैंक में कुछ पेंडिंग काम हैं, वे अपनी प्लानिंग इन छुट्टियों के हिसाब से ही बनाएं, ताकि पेंडिंग काम हों। महावीर जयंती पर देश के 15 शहरों में बैंक बंद रहेंगे तथा 19 शहरों में बैंक खुले रहेंगे। ऐसे में जिन शहरों में बैंक बंद रहेंगे, वहां के लोगों को बैंक संबंधी काम करने में परेशानी उठानी पड़ सकती है। अपील है कि अगर कैश चाहिए तो ATM से निकालें या ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। इससे ज्यादा कैश के लिए शुक्रवार को बैंक खुलने का इंतजार करना होगा।



### इन 15 शहरों में बैंक रहेंगे बंद

आरबीआई (RBI) से मिली जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली, रायपुर, अहमदाबाद, आइजोल, बेलापुर, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, बैंगलोर, भोपाल, चेन्नई, जयपुर, नागपुर और रांची आदि में कल बैंक बंद रहेंगे। इन राज्यों मे सभी प्राइवेट स्कूल, सरकारी स्कूल, डाकघर और इंस्टीट्यूट भी बंद रहेंगे।

# मुस्लिम युवती धर्म परिवर्तन कर सबीना से बनी सुमन



### मैंने की घरवापसी : युवती

धर्म परिवर्तन करने वाली सबीना ने ये भी कहा कि उसके पूर्वज पहले हिंदू थे। इसी वजह से उसने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर घर वापसी की है। बता दें कि प्रेमी युगल को युवक के परिजनों ने घर से निकाल दिया था।

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। यहां एक मुस्लिम युवती ने अपने पति (शौहर) को छोड़ दिया और हिंदू युवक से शादी कर ली। मुस्लिम युवती ने प्यार की खातिर धर्म परिवर्तन भी कर लिया और सबीना से सुमन बन गई। सबीना ने सुमन बनकर हिंदू युवक से शादी की और अपना धर्म परिवर्तन किया। दरअसल पड़ोसी जनपद कासगंज की रहने बाली सबीना की शादी बदांयू के रहने वाले सद्दाम के साथ हुई थी। लेकिन बाद में सबीना को हिंदू युवक विजय (निवासी- अमृतपुर) से प्यार हो गया। सबीना ने 8 महीने पहले पति का घर छोड़ दिया और प्रेमी विजय के साथ आ गई। आरोप है कि सबीना का पति सद्दाम उसे परेशान करता था और प्रताड़ित किया करता था इसलिए सबीना ने सनातन धर्म अपनाने के बारे में सोचा। सबीना से सुमन बनी युवती की शादी विजय से एक मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुई।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में फिर पेशाब कांड

**नई दिल्ली।** दिल्ली से बैंकॉक जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2336 के बिजनेस क्लास में एक पुरुष यात्री ने एक निजी कंपनी के बड़े अधिकारी पर पेशाब कर दी। एयर इंडिया ने भी इस घटना की पुष्टि की है और बताया है कि क्रू ने पीड़ित यात्री के लिए शिकायत दर्ज करवाने में मदद की भी पेशकश की। हालांकि, उसने मना कर दिया। यह घटना तब हुई, जब फ्लाइट बैंकॉक में लैंड कर रही थी। इससे पहले नवंबर, 2022 में भी एयर इंडिया की फ्लाइट में पेशाब करने का मामला सामने आ चुका है। मामला बढ़ने के बाद यात्री ने पीड़ित से माफी भी मांगी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, 'एयर इंडिया इस बात की पुष्टि करता है कि 9 अप्रैल को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट एआई 2336 को कंट्रोल करने वाले केबिन क्रू को एक अनियंत्रित यात्री के व्यवहार की सूचना दी गई थी।



## आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा-

# 'मैं महाभारत का संजय नहीं जो भविष्यवाणी कर सकूं'

**मुंबई।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि मेरा नाम भले ही संजय है, लेकिन महाभारत का संजय नहीं हूं जो भविष्य में ब्याज दरों में कटौती कब होगी, इसकी भविष्वाणी कर सकूं। साथ ही यह भी नहीं बता सकता कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में किस स्तर पर कमी आएगी। गवर्नर ने यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि क्या ब्याज दरों में और कटौती की संभावना है? आरबीआई गवर्नर का पद संभालने के बाद संजय मल्होत्रा ने लगातार दूसरी बार नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की है। 9 अप्रैल को 0.25 प्रतिशत की दर में कटौती के बाद, प्रमुख नीतिगत ब्याज दर कम होकर 6 प्रतिशत हो गई है। महंगाई में कमी और तेल की कीमतों में गिरावट के बीच इस कदम से नवंबर 2022 के बाद से उधार लेने की लागत सबसे कम हो गई है। गवर्नर ने यह भी आश्वासन दिया कि केंद्रीय बैंक तेजी से दर कटौती के लिए पर्याप्त तरलता बनाए रखेगा। हम पर्याप्त तरलता प्रदान करेंगे। मौद्रिक नीति और राजकोषीय नीति विकास-मुद्रास्फीति लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। यह एक संयुक्त प्रयास है।



# जेठानी की हत्यारी देवरानी हरियाणा से गिरफ्तार

## पुलिस ने खंगाले थे सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज

**कोटा।** कोटा जिले में पारिवारिक झगड़े के बाद देवरानी द्वारा जेठानी की हत्या के मामले में चेचट थाना पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने वारदात के बाद से ही फरार चल रही आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। 70 वर्षीय महिला मोडी बाई ने अपनी ही जेठानी शांति बाई के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। इस वारदात के बाद मृतका के बेटे ने चेचट पुलिस को एक रिपोर्ट भी दी थी। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 2 अप्रैल को 45 वर्षीय दिनेश मोतीलाल ने रिपोर्ट में बताया था कि उसकी मां शांति बाई और काकी मोडी बाई के बीच पारिवारिक झगड़ा चल रहा था। घटना के समय दोनों खेत पर काम कर रही थीं। तभी सूचना मिली कि शांति बाई घायल अवस्था में पड़ी हैं। जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस अधिकारी और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। साथ ही कुछ जरूरी साक्ष्य भी जुटाए। जांच और अनुसंधान के बाद पुलिस टीम ने आरोपी महिला मोडी बाई को रेवाड़ी (हरियाणा) से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला रिश्ते में मृतका की देवरानी लगती है।



## हेलीकॉप्टर से जाएं केदारनाथ

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालु हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ ले सकते हैं। केदारनाथ की यात्रा दो मई से शुरू हो रही है, पर हेलीकॉप्टर सेवा के लिए बुंकिंग आठ अप्रैल से शुरू हो चुकी है। इस साल 2025 में केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर सेवा गुप्तकाशी, फाटा और सिरसी जैसे 3 प्रमुख हेलीपैड से चलाई जाएंगी, ऐसे में हर हेलीपैड पर किराया अलग-अलग है। जैसे फाटा से केदारनाथ के लिए एकतरफा किराया 6,074 रुपए, सेरसी से केदारनाथ जाने का एक तरफ का किराया 6072 रुपए और गुप्तकाशी से केदारनाथ जाने के लिए एक तरफ का किराया 8,426 रुपए है। अगर आपने हेलीकॉप्टर सेवा बुक कर ली है और आप यह सेवा कैंसिल करना चाहते हैं तो यह सुविधा भी आपको मिल रही है। हेलीकॉप्टर बुक करने के लिए आपको केदारनाथ के रजिस्ट्रेशन नंबर और अपने आधार कार्ड के नंबर की जरूरत होती है। ऐसे में आपको वेबसाइट registrationandtouristcare.uk.gov.in पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

- उत्तराखंड सरकार की सेवा उपलब्ध
- दो मई से शुरू हो रही पवित्र यात्रा
- आठ अप्रैल से हेलीकॉप्टर बुंकिंग शुरू

# महाकुंभ मेलाधिकारी विजय किरन पर योगी को भरोसा

**लखनऊ।** महाकुंभ के दौरन बनाए गए नए जिले महाकुंभ नगर के जिलाधिकारी रहे और इस समय प्रयागराज के मेलाधिकारी विजय किरन आनंद को सीएम योगी ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए इन्वेस्ट यूपी का सीईओ बना दिया है। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश को पिछले दिनों घूसखोरी के आरोप में निलंबित करते हुए यहां से हटा दिया गया था। 2009 बैच के आईएएस अधिकारी विजय किरन की गिनती सीएम योगी के बेहद करीबी अधिकारियों में होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी से सांसद बनने के बाद विजय किरन को वहां का जिलाधिकारी बनाया गया था। इसके बाद सीएम योगी ने अपने जिले गोरखपुर में भी विजय किरन को जिलाधिकारी की जिम्मेदारी दी थी। 2019 के कुंभ और इसी साल हुए महाकुंभ का पूरा जिम्मा भी विजय किरन को सौंपा गया था। उन्हें दोनों बार मेलाधिकारी बनाया गया था। इस समय भी वह प्रयागराज के मेलाधिकारी के पद पर तैनात हैं। विजय किरण का जन्म बेंगलुरु में हुआ था। वह चार्टर्ड अकाउंटेंट भी हैं। विजय किरन के साथ ही पंचायतीराज विभाग में अपर निदेशक रहे आईएएस राजकुमार को प्रतीक्षारत किया गया है। विजय किरण आनंद वाराणसी और गोरखपुर में जिलाधिकारी की जिम्मेदारी संभालने से पहले मैनपुरी, उन्नाव, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर के भी डीएम रहे हैं।



# वर्ग विशेष के चक्कर में कांग्रेस ने किया बहुसंख्यक वर्ग से अन्याय : डा. मोहन यादव

**इंदौर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में जाने के लिए इंदौर विमानतल पहुंचे। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने तो इस देश की आजादी के संघर्ष के साथ-साथ हमारे पहले ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया। तब राहुल गांधी के पूर्वज नेहरू जी को इसके लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया था और उन्होंने मना कर दिया था। दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है गांधी परिवार आज भी राम मंदिर के दर्शन करने से बच रहा है। कांग्रेस अब सरदार पटेल के सिद्धांतों पर चलना चाहती है तो देर से ही सही दुरुस्त आई है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास -सबका विश्वास और सबका प्रयास के आधार पर हमारी सरकारें देश भर में जनता की सेवा कर रही है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें है। वहां विकास की गंगा बह रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन-जिन लोगों ने वक्फ बिल का विरोध किया, उनके वहां ही क्यों आग लगी है। इससे कांग्रेस की साजिश बेनकाब हुई है। कांग्रेस ने वर्ग विशेष के वोटों के चक्कर में बहुसंख्यक वर्ग के साथ अन्याय किया। कुक्षी में दो आयोजनों में शामिल होने के बाद वे पर्यटन स्थल मांडू पहुंचे। विमानतल पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।



# पुजारियों का वेतन 82,000 रुपए प्रतिमाह



**तिरुपति।** भारत के सबसे फेमस और सबसे अमीर मंदिरों में शुमार तिरुपति बालाजी मंदिर न सिर्फ श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, बल्कि यहां के पुजारियों की सैलरी भी देशभर में चर्चा का विषय बनी रहती है। आमतौर पर लोग मानते हैं कि सरकारी या कॉर्पोरेट सेक्टर की नौकरियां ही सबसे अधिक सैलरी देती हैं, लेकिन तिरुपति मंदिर के पुजारी इस सोच को पूरी तरह बदलते नजर आते हैं। तिरुपति मंदिर का संचालन तिरुमला तिरुपति देवस्थानम्स (टीटीडी) के अधीन होता है। एक रिपोर्ट्स के अनुसार यहां के मुख्य पुजारी को हर महीने लगभग 82,000 रुपए तक का वेतन मिलता है। वहीं वरिष्ठ पुजारियों को 52,000 रुपए तक की सैलरी दी जाती है। इसके अलावा जूनियर अर्चक होते हैं उन्हें 30,000 से 60,000 रुपए के बीच सैलरी दी जाती है। 2010 में ही टीटीडी बोर्ड ने पुजारियों की सैलरी में भारी बढ़ोतरी की थी। उस समय मुख्य पुजारियों की सैलरी 55,000 रुपए और जूनियर अर्चकों की 30,000 रुपए मासिक कर दी गई थी।

## अलीगढ़ में छा गए सास-दामाद

# बेटी की शादी से पहले दोनों फरार

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के मडराक थाना क्षेत्र में बेटी की शादी से ठीक पहले सास ही अपने होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। 16 अप्रैल को युवती की शादी तय थी, लेकिन इससे पहले ही उसकी मां ने दामाद को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और दोनों मिलकर लाखों की नकदी और कीमती जेवरात लेकर फरार हो गए। अपनी मां के होने वाले पति के साथ गायब होने की जानकारी पर शिवानी सदमे में आ गई और उसी दिन से बीमार पड़ी है। इस घटना से लड़की के परिवार में हड़कंप मच गया है। परिजनों ने मडराक थाने में तहरीर दी है। पुलिस अब महिला व होने वाले दामाद दोनों की तलाश कर रही है। दरअसल अलीगढ़ के मडराक क्षेत्र के गांव मनोहरपुर कायस्थ के रहने वाले जितेंद्र कुमार बाहर रहकर अपना कार्य करते हैं। गांव में उन की पत्नी परिवार को संभालती हैं। जितेंद्र ने अपनी बेटी शिवानी की शादी छर्रा क्षेत्र के रहने वाले राहुल के साथ तय की थी। शादी 16 अप्रैल को होनी थी और दो तारीख को परिवार ने पीली चिट्ठी भी भेज दी थी। उधर शादी जब से तय हुई तब से होने वाला दामाद राहुल अपनी सास से फोन पर लंबी-लंबी बातें किया करता था। यह बात परिवार के लोगों को मालूम थी और कई बार परिवार वालों ने टोका भी था। लेकिन सास ने लगातार राहुल से बातचीत जारी रखी। परिवार के लोग शादी की तैयारी में व्यस्त हो गए। घर में शादी के लिए जितेंद्र ने ज्वेलरी और कैश अलमारी में लाकर रखा हुआ था। छह अप्रैल को सास घर का पूरा कैश करीब 2.5 लाख रु. व पांच लाख की ज्वैलरी अलमारी से लेकर चुपचाप अपने होने वाले दामाद राहुल के साथ फरार हो गई। परिवार को जब मालूम हुआ तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने जब उनको ढूंढ़ने का प्रयास किया तो वह कहीं नहीं मिले और फोन पर कह दिया कि अब वह वापस नहीं आएंगे।

- लाखों की नकदी-ज्वेलरी भी ले भागे
- दूल्हे के भागने की खबर सुन दुल्हन पड़ी बीमार

